3 राजधानी
श्रद्धा के ही थे जंगल से मिली हड्डियां-बाल

6 अभिमत
प्रतिभा पलायन रोके सरकार

10 विदेश
जर्मनी में टेलीग्राम युग का अंत

11 राष्ट्रीय
चेरियन ने ली मंत्री पद की शपथ

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 62
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 5 जनवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



मेरा मुख्य लक्ष्य जल्दी विकेट लेना
स्पोर्ट्स-12

# उत्तर प्रदेश में बिना ओबीसी आरक्षण निकाय चुनाव के आदेश पर रोक

## सुप्रीम कोर्ट से उप्र सरकार को बड़ी राहत



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**उत्तर** प्रदेश सरकार को बड़ी राहत देते हुए उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें राज्य सरकार को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण के बिना शहरी स्थानीय निकाय चुनाव कराने का निर्देश दिया गया था।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा की पीठ ने राज्य सरकार द्वारा नियुक्त एक समिति को यह आदेश भी दिया कि 31 मार्च, 2023 तक तीन महीने के अंदर स्थानीय निकायों के चुनाव के लिए ओबीसी आरक्षण से संबंधित मुद्दों पर फैसला करना होगा। पीठ ने पहले तय छह महीने के बजाय तीन महीने के अंदर यह कवायद पूरी करने को कहा। पीठ ने राज्य सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलों पर संज्ञान लिया कि निर्वाचित प्रतिनिधियों के कार्यकाल की समाप्ति के बाद प्रशासकों के अधीन स्थानीय निकायों के कामकाज के संबंध में उच्च न्यायालय द्वारा जारी एक निर्देश के परिचालन की अनुमति दी जा सकती है। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि उच्च न्यायालय ने उक्त आदेश में ओबीसी आरक्षण के बिना चुनाव कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि इस न्यायालय के अगले आदेश आने तक उक्त निर्देश के परिचालन पर रोक रहेगी। पीठ ने कहा, स्थानीय निकायों के प्रशासनिक कामकाज में कोई अवरोध नहीं आए, यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार निर्देश डी (उच्च न्यायालय के आदेश में निर्धारित) के अनुरूप वित्तीय शक्तियों का निर्वहन करने के लिहाज से अधिसूचना जारी करने के लिए स्वतंत्र होगी। जो इस केविएट पर निर्भर होगा कि प्रशासकों द्वारा कोई बड़ा नीतिगत निर्णय नहीं लिया जाएगा। पीठ ने शुरू में सॉलिसिटर जनरल की इन दलीलों पर विचार किया कि राज्य सरकार ने स्थानीय निकायों में विभिन्न पिछड़ी जातियों के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को ध्यान में रखते हुए आरक्षण के मुद्दे पर फैसला करने के शीर्ष अदालत के फैसलों के अनुरूप उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय निकाय विशिष्ट पिछड़ा वर्ग आयोग बनाया है। शीर्ष अदालत ने कहा, उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानीय निकायों का कार्यकाल समाप्त हो गया है या 31 जनवरी, 2023 को या उसके आसपास समाप्त होने वाला है, इसलिए याचिकाकर्ता (राज्य) की ओर से (शेष पेज 8)

## हल्द्वानी में अतिक्रमण हटाने के खिलाफ याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय हल्द्वानी में रेलवे की 29 एकड़ जमीन पर अतिक्रमण हटाने के उत्तराखंड उच्च न्यायालय के निर्देश को चुनौती देने वाली याचिका पर बृहस्पतिवार को सुनवाई करेगा। रेलवे के मुताबिक उसकी भूमि पर 4,365 लोगों ने अतिक्रमण किया हुआ है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति एसए नजीर और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा ने अधिवक्ता प्रशांत भूषण की ओर से मामले का जिक्र किए जाने के बाद इसे सुनवाई के लिए स्वीकार किया। निवासियों ने अपनी याचिका में दलील दी है कि उच्च न्यायालय ने विवादित आदेश पारित करने में गंभीर त्रुटि की है क्योंकि भूमि के स्वत्वाधिकार (शेष पेज 8)

# अब आई दिल्ली की सर्दी, मौसम नैनीताल से भी ठंडा

- उत्तर-पश्चिम भारत को अगले तीन दिन भीषण सर्दी से राहत नहीं घना कोहरा व शीत लहर जारी रहने के आसार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**नए** साल के पहले दिन से राजधानी दिल्ली में ठंड बढ़ती जा रही है। बुधवार को राजधानी और आसपास के शहरों में तापमान 4.4 डिग्री तक गिर गया। यह तापमान उत्तराखंड के नैनीताल से भी कम रहा। दिनभर लोग ठिठरते रहे। दोपहर बाद सूरज निकला तो कुछ राहत की सांस ली। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर-पश्चिम भारत में कड़ाके की सर्दी, घने कोहरे और शीत लहर के इस पूरे सप्ताह तक जारी रहने की संभावना है। रविवार से इसमें कमी आनी शुरू होगी।

मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी हिमालई क्षेत्रों जैसे जम्मू एवं कश्मीर, हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखंड इत्यादि में सात जनवरी के बाद छिटपुट वर्षा और बर्फबारी के भी आसार हैं। आईएमडी अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली में बुधवार सुबह न्यूनतम तापमान इस मौसम का सबसे कम 4.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और राष्ट्रीय राजधानी धर्मशाला, नैनीताल और देहरादून से भी ज्यादा सर्द रही। उन्होंने बताया कि घने कोहरे के कारण दृश्यता 200 मीटर रह गई, जिससे सड़क और रेल परिवहन प्रभावित हुआ है। विभाग ने उपग्रह के जरिए ली गई तस्वीरें साझा की हैं, जिनमें भारत में गंगा के मैदानी क्षेत्रों व उससे लगते मध्य तथा पूर्वी भाग में कोहरे की मोटी परत दिख रही है। आईएमडी के एक अधिकारी ने कहा कि भारत के उत्तरी व मध्य भागों में कोहरा छाया हुआ है, जिससे विभिन्न स्थानों पर सर्द से बहुत सर्द दिन रहा। हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान के दूरस्थ स्थानों पर शीत लहर दर्ज की गई। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर स्थित पालम वेधशाला ने बुधवार को सुबह साढ़े पांच बजे दृश्यता 200 मीटर दर्ज की।

आईएमडी ने संभावना जताई कि राष्ट्रीय राजधानी में अगले तीन दिन तक शीत लहर चलेगी और तापमान चार डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। दिल्ली में मंगलवार को लोधी रोड, पालम, जफरपुर और मयूर विहार समेत कई स्थानों पर अधिकतम तापमान में सामान्य से पांच अंकों की गिरावट के साथ सर्द दिन दर्ज किया गया। आईएमडी ने कहा, दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश से पश्चिम विदर्भ तक कम दबाव के क्षेत्र के कारण अगले दो दिनों के (शेष पेज 8)



नई दिल्ली में पड़ रही कड़ाके की ठंड के बीच कंबल बेचते दूकानदार

## सुरक्षा कर्मियों को गर्म कपड़े व हीटर दें

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) ने बुधवार को आवासीय कल्याण संघों, संस्थानों और अन्य प्रतिष्ठानों को सलाह दी कि वे सुरक्षा कर्मियों को बिजली के हीटर, कंबल और गर्म कपड़े मुहैया कराएं ताकि वह खुले में आग जलाने से बचें। प्रदूषण नियंत्रण निकाय ने एक परामर्श में कहा कि शीतलहर के दौरान सुरक्षा कर्मी खुद को गर्म रखने के लिए खुले स्थानों पर आग जलाते हैं। खुले में जलाई गई आग वायु प्रदूषण का एक स्रोत है।

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा अंजलि ने नहीं पी थी शराब

## कंझावला घटना

- मृतका की मां ने निधि के दावों को बताया साजिश का हिस्सा, कहा अंजलि नहीं पीती थी शराब
- कार के आगे के बाएं पहिए में फंसी थी पीड़िता : एसएफएल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**कंझावला** घटना में रोजाना नए-नए राज उजागर हो रहे हैं। मृतका की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में नया खुलासा हुआ है। इसके में अंजलि के शराब पीने की पुष्टि नहीं हुई है। इससे पहले उसकी दोस्त निधि ने उसके शराब पीने की बात कही थी। इस कारण बयान और रिपोर्ट में विरोधाभास होने के चलते पुलिस निधि से दोबारा पूछताछ करेगी। इस मामले को लेकर अब पीड़िता (शेष पेज 8)

### सीसीटीवी फुटेज में देर रात ढाई बजे घर लौटती नजर आई निधि

**नई दिल्ली।** कंझावला में कार हादसे में मारी गई अंजलि की दोस्त निधि का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। सीसीटीवी फुटेज निधि के पड़ोस में लगे कैमरे में उस होटल से निकलने के करीब 45 मिनट बाद देर रात करीब 2.30 बजे घर लौटती दिखी जहां वे नए साल की पार्टी में शामिल हुईं थीं। यह जानकारी पुलिस को मिले सीसीटीवी फुटेज से मिली। फुटेज में दिखा कि पीड़ित युवती की सहेली ने हुडी वाला लाल रंग का स्वेट शर्ट पहना हुआ था। फुटेज में वह अपने घर के दरवाजे को पैर से पीटती नजर (शेष पेज 8)

# हरित ऊर्जा को बढ़ावा देगी सरकार



- हरित हाइड्रोजन मिशन को मंजूरी, आठ लाख करोड़ के निवेश की उम्मीद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**सरकार** ने बुधवार को 19,744 करोड़ रुपए के व्यय के साथ राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन को मंजूरी दे दी। इस पहल का मकसद कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के साथ देश को ऊर्जा के स्वच्छ स्रोत के उत्पादन का वैश्विक केंद्र बनाना है।

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने संवाददाताओं से कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय हरित हाइडोजन मिशन को मंजूरी दे दी है। इससे हरित हाइड्रोजन से जुड़े क्षेत्रों में आठ लाख करोड़ रुपए का निवेश आने की उम्मीद है।

मंत्रिमंडल के निर्णय की जानकारी देते हुए ठाकुर ने कहा कि देश में अगले पांच साल में सालाना 50 लाख टन हरित हाइड्रोजन उत्पादन का लक्ष्य है। प्रोत्साहन मिलने से इसकी लागत को कम करने में मदद मिलेगी। हरित हाइड्रोजन का उपयोग ईंधन के (शेष पेज 8)

## दूरदर्शन-आकाशवाणी की गुणवत्ता होगी बेहतर

- प्रसारण आधारभूत ढांचा एवं नेटवर्क विकास योजना के लिए 2,539.61 करोड़ स्वीकृत

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्रीय क्षेत्र प्रसारण आधारभूत ढांचा एवं नेटवर्क विकास (बीआईएनडी) योजना को बुधवार को मंजूरी प्रदान कर दी जिसका मकसद प्रसार भारती प्रसारण के बुनियादी ढांचे एवं नेटवर्क को मजबूत बनाना है। इस योजना पर 2025-26 तक 2,539.61 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने संवाददाताओं को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। उन्होंने कहा कि इसके तहत दूरदर्शन एवं आकाशवाणी की गुणवत्ता को बेहतर बनाया जाएगा, आधुनिक प्रसारण उपकरणों से लैस किया जाएगा तथा अच्छी गुणवत्ता वाली सामग्री तैयार की जाएगी।

ठाकुर ने कहा कि यह योजना सार्वजनिक प्रसारक को बेहतर बुनियादी ढांचे के साथ अपनी सुविधाओं को व्यापक रूप से उन्नयन करने में सक्षम बनाएगी। इससे वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों, सीमा एवं रणनीतिक क्षेत्रों सहित इनकी (शेष पेज 8)

## पुंछ-राजौरी में सीआरपीएफ की 18 बटालियन और तैनात होंगी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**जम्मू** संभाग के राजौरी जिले में एक के बाद एक छह लोगों की हत्या के बाद केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) 18 और बटालियन (18,00)जम्मू-कश्मीर में तैनात करेगा। इन अतिरिक्त 18 बटालियन को मुख्य रूप से पुंछ और राजौरी जिले में तैनात किया जाएगा। अधिकारी ने बताया कि जहां सीआरपीएफ की 8 बटालियन को जम्मू-कश्मीर के पास के केंद्रों से तैनात की जाएगी वहीं अन्य 10 बटालियन को राष्ट्रीय राजधानी से तैनात किया जाएगा। यह कदम जम्मू संभाग में संभावित आतंकी हमलों की खुफिया जानकारी के बाद उठाया गया है। जिसके बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक आदेश जारी कर जम्मू में अधिक सुरक्षा बलों को तैनात करने का निर्णय लिया। राजौरी के डांगरी गांव में रविवार शाम और सोमवार को छह लोगों की हत्या हुई और कई घायल हुए, मरने वालों में 2 बच्चे भी (शेष पेज 8)

# फ्लाइट में यात्री ने महिला पर किया पेशाब, एफआईआर

- न्यूयॉर्क-दिल्ली की फ्लाइट में बीते 26 नवंबर को हुई घटना, एयर इंडिया ने अब आरोपी पर लगाया 30 दिन का यात्रा प्रतिबंध

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**न्यूयॉर्क** से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की उड़ान में बुजुर्ग महिला सहयात्री के ऊपर पेशाब करने के आरोपी व्यक्ति पर दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। साथ ही एयरलाइंस ने उस पर 30 दिन का यात्रा प्रतिबंध लगा दिया है। घटना के उजागर होने के बाद लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। इससे एयर इंडिया हरकत में आई। विमानन कंपनी ने हालांकि, यह स्पष्ट नहीं किया कि 30 दिनों का यात्रा प्रतिबंध कब से प्रभावी होगा।

घटना बीते साल 26 नवंबर को जॉन एफ कैनेडी इंटरनेशनल एयरपोर्ट, न्यूयॉर्क से दिल्ली की एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई-102 में हुई थी, लेकिन यात्री दिल्ली हाईजीआई हवाई अड्डे पर विमान से उतर कर आराम से बाहर निकल गया और केबिन क्रू ने उसके खिलाफ किसी तरह की कार्रवाई के लिए शिकायत नहीं की। हालांकि, एक आंतरिक समिति बनाकर यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि स्थिति से निपटने में कहीं चालक दल के सदस्यों की ओर से कोई लापरवाही तो नहीं हुई थी।

इस बीच, बुधवार को ही विमानन नियामक डीजीसीए (नागर विमानन महानिदेशालय) ने कहा कि उसने पिछले साल 26 नवंबर को हुई घटना को लेकर एयरलाइन से रिपोर्ट मांगी है। डीजीसीए ने कहा कि मामले में जिसकी भी लापरवाही साबित होगी उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। दो महीने बाद बुधवार को एयर इंडिया ने कहा कि उसने इस संबंध में पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने एयर इंडिया (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,657 | ↓ 636 | |
| निफ्टी | 18,042 | ↓ 189 | |
| सोना | 56,130 | ↑ 378 | /10g |
| चांदी | 70,675 | ↓ 147 | /kg |

## क्विक न्यूज

### गूगल को 1,337.76 करोड़ के जुर्माने का 10% जमा करने का निर्देश दिया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने बुधवार को गूगल को निर्देश दिया कि उस पर भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने 1,337.76 करोड़ का जो जुर्माना लगाया है, वह उसके दस फीसदी हिस्से का भुगतान करे। एनसीएलएटी की दो सदस्यीय पीठ ने सीसीआई द्वारा लगाए जुमाने के क्रियान्वयन पर तत्काल रोक लगाने से इनकार कर दिया और कहा कि वह अन्य पक्षों को सुनने के बाद ही कोई आदेश देगी। अपीलीय न्यायाधिकरण ने सीसीआई को नोटिस जारी किया और अंतरिम रोक पर सुनवाई के लिए मामले को 13 फरवरी के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। एनसीएलएटी का यह निर्देश गूगल की याचिका पर आया है जिसमें उसने एंड्रॉयड मोबाइल उपकरण पारिस्थितिकी तंत्र में अनेक बाजारों में उसकी मजबूत स्थिति का दुरुपयोग करने के मामले में सीसीआई की तरफ से जारी आदेश को चुनौती दी है।

# महाराष्ट्र सरकार का ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का प्रस्ताव निरस्त

- टाइगर कॉरिडोर में आने के कारण एफएसी की लाल झंडी

अर्चना ज्योति। नई दिल्ली

**महाराष्ट्र** सरकार की चंद्रपुर में महत्वाकांक्षी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के प्रस्ताव को वन सलाहाकार समिति (एफएसी) की लाल झंडी के बाद निरस्त कर दिया गया है। टाइगर कॉरिडोर में आने के कारण इसे निरस्त किया गया। ग्रीन पैनल के अनुसार परियोजना का करीब 63.540 हेक्टेयर संरक्षित जंगल का क्षेत्र है जो बाघों के सुगम आवाजाही में बाधक बनेगा।

केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले एफएसी ने कहा कि अगर परियोजना को आगे बढ़ने दिया गया तो प्रस्तावित एयरपोर्ट के आधारभूत संरचनाओं का विकास जैसे सड़क, होटल और अन्य आवासीय व व्यवसायिक निर्माण होगा। पैनल ने कहा कि इसका बाघों की आवाजाही पर बुरा असर होगा। पैनल के सदस्यों ने पिछले महीने आयोजित एक बैठक में परियोजना पर चर्चा करते हुए कहा कि इससे परियोजना क्षेत्र में बाघों की आवाजाही पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, जो पूर्वी विदर्भ लैंडस्केप के टाइगर कॉरिडोर के अंतर्गत आता है।

एफएसी ने राज्य सरकार से परियोजना के लिए अन्य साइटों का पता लगाने या क्षेत्र में मौजूदा हवाईअड्डे का विस्तार करने के लिए भी कहा है ताकि विमानन यात्रियों की बढ़ती जरूरतों को पूरा किया जा सके। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, प्रस्तावित हवाई अड्डे की योजना महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले के गांव विहिरगांव और मूर्ति, तालुका (शेष पेज 8)

# यूपी ने लुटाया प्यार, युवाओं से वादे कर गए राहुल गांधी

- दूसरे दिन बागपत से आगे बढ़ी भारत जोड़ो यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, किसानों ने बरसाए चार क्विंटल फूल
- कृषि, अग्निवीर, महंगाई व बेरोजगारी समेत आम आदमी की बात न कहने के लिए मीडिया पर साधा निशाना

पायनियर समाचार सेवा। बागपत

**लगातार** दूसरे दिन उत्तर प्रदेश में राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो यात्रा में खूब भीड़ उमड़ी। बागपत के पास मावीकलां से सुबह छह बजे राहुल गांधी ने जब अपनी यात्रा शुरू की तो बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टर लेकर पहुंच गए और राहुल पर फूलों की वर्षा की।

इससे उत्साहित कांग्रेस नेता ने अपने संबोधन में खेती, बेरोजगारी, महंगाई, नफरत और मीडिया के रवैये पर सीधा संवाद किया। उन्होंने युवाओं से वादा किया कि कांग्रेस के सत्ता में आने पर अग्निवीर योजना को खत्म कर सेना में भर्ती की पुरानी व्यवस्था बहाल की जाएगी और किसान हितैषी योजनाएं लागू होंगी। भारत जोड़ो यात्रा दूसरे चरण में बुधवार को पश्चिम उत्तर प्रदेश के बागपत के पास मावीकलां से आगे बढ़ी।

कांग्रेस ही नहीं, रालोद, सपा, भीम आर्मी और किसान संगठनों के कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में स्वागत में खड़े थे। जैसे ही राहुल आगे बढ़े, जबरदस्त आतिशबाजी से आकाश गूंज उठा। इसके बाद किसानों ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पर फूल बरसाए। यहां किसान ट्रैक्टरों में भरकर चार क्विंटल फूल लाए थे। अब तक की 3000 किलोमीटर की यात्रा का किसान पट्टी में सबसे अलग तरह का स्वागत देख राहुल अभिभूत हो गए। मालूम हो कि पश्चिमी उत्तर (शेष पेज 8)



बागपत में कांग्रेस की भारत छोड़ो यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी

## श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सचिव ने सराहा

**श्रीराम** जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सचिव चंपत राय ने भी भारत जोड़ो यात्रा करने के लिए राहुल की सराहना की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता गांधी कड़ाके की ठंड मेंचल रहे हैं तो इसकी सराहना की जानी चाहिए। उनकी यह टिप्पणी राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास द्वारा यात्रा के लिए राहुल को आशीर्वाद देने के एक दिन बाद आई है। राय ने एक सवाल के जवाब में कहा कि मैं उस युवक को धन्यवाद देता हूं जो देश में पैदल चल रहा है। मैं उसके इस कदम की सराहना करता हूं। इसमें कुछ भी गलत नहीं है। मैं आरएसएस (शेष पेज 8)

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Jitender Kumar is the owner of Property bearing No. D-12, area measuring 82.77 Sq. Mtrs., Situated in Street No. 6, in Janaki Panchal Vihar, Shiv Vihar, Karawal Nagar, North East, Delhi vide a Conveyance Deed (PM-Unauthorized Colonies) dated 27/09.09.2021, Doc No. 2527. All persons are hereby informed that Mr. Parmod Kumar wants to mortgage the said property and intend to obtain a loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owners over the said property, its mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IIIrd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph: 011-41532527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**Public Notice**

This is to inform general public that Mrs. Somvati Devi and Mrs. Nancy have acquired the Property Bearing No. 5, area measuring 300 Sq. Yds. out of Khasra No. 32/17/2, Situated in the revenue Estate of Villages Nangloi Jat, Delhi State, Delhi, and the colony known as "Ashok Mohalla" Nangloi, Delhi vide Gift Deed dated 02.03.2021, Doc no. 1354 and Now, Mrs. Somvati Devi and Mrs. Nancy are mortgaging the above said property with Indusind Bank Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 967, 9th Floor, GD-IT, Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9065707172/9818228636 (M).

**PUBLIC NOTICE**

Whereas M/s Vatika Limited is in the process of setting up of Residential Plotted Colony over an additional area measuring 22.4125 acres (in addition to License no. 94 of 2013 dated 31.10.2013 and License no. 11 of 2015 dated 01.10.2015) in the revenue estate of Village Harsaru, Sector-88A & 88B, Gurugram, Haryana.

And whereas several individuals have made bookings/entered into purchase agreements for allotment of plots/property in the said colony (hereinafter referred to as allottees).

And whereas the o/o Director General, Town & Country Planning (Haryana), Chandigarh, while granting the LOI vide Memo no. LC-2781-C/JE(SB)/-2022/39157 dated 27.12.2022 for setting up the residential plotted colony, has required seeking of any objections/suggestions from the allottees/ General Public.

Accordingly, vide this public notice, objections/suggestions are hereby invited from any of the allottees/General Public in the said residential plotted colony. The in-principle approved revised layout plan is available for perusal on our website www.vatikacollections.com and at our site office and in the office of Senior Town Planner, Sector-14, Gurugram, Haryana.

Objections, if any, may be filed in the o/o Senior Town Planner, Sector 14, Gurugram, Haryana, or at our Corporate Office: Vatika Limited, Unit No.-A-002, Ground Floor, Block A, Vatika INXT City Centre, Sector-83, Gurugram 122012, Haryana, within 30 days of this notice, failing which it shall be assumed that there are no objections to the proposed revision of the layout plan.

Place : Gurugram M/s. Vatika Limited

**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER-II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL-II, DELHI**
**4th Floor, Jeevan Tara Building, Parliament Street, New Delhi-110001**
**PROCLAMATION OF SALE**

Notice Under Rule 38 of the Second Schedule to the Income Tax Act, 1961 Read with Section 25(a) the Recovery of Debts due to Banks & Financial Institutions Act, 1993.

**RC No. 90/2019** **Dated:.22.12.2022**

**In the matter of:**
**ICICI BANK V/S. MR. SANDEEP KUMAR**

**To,**
**CD**
Mr. Sandeep Kumar S/o. Mr. Krishan Pal (Borrower), R/o. Flat No. 304, Tower 7, Plot No. 76. Grant Front Sigma- 4, Greater Noida, Noida, UP- 201304.

Whereas in execution of ibid **RC No. 90/2019** dated **16.02.2019 in OA No. 43/2017** drawn up by the Hon'ble Presiding Officer, Debts Recovery Tribunal-II, Delhi, the CD is to pay to the applicant **Rs. 13,10,815.64/- (Rupees Thirteen Lacs Ten Thousand Eight Hundred And Fifteen & Paise Sixty Four Only)** has become due from you as per the ibid Recovery Certificate drawn in **OA No. 43/2017** by the Presiding Officer, Debts Recovery Tribunal- II, Delhi. The applicant is entitled to recover a sum of Rs. **12,95,815.64/- (Rupees Twelve Lacs Ninety Five Thousand Eight Hundred and Fifteen & Paise Sixty Four Only)** alongwith future interest @10.25% per annum w.e.f. **24.12.2016** till realization with cost of **Rs.15,000/-** and costs from the Certificate Debtor (CD), failing which the amount shall be recovered by sale of the hypothecated vehicle. In case of any shortfall, the same shall be recovered from the personal movable and immovable assets of the CD.

2. And whereas the undersigned has ordered the sale of the hypothecated vehicle mentioned in scheduled property for satisfaction of the said Recovery Certificate.

3. Notice is hereby given that in the absence of any order of postponement, the said hypothecated vehicle (mentioned under the schedule of property below) shall be sold through e-auction through **https://auctions.cardekho.com/ auctions@cardekho.com**, by e-auction **within 11:00 AM & 12 Noon on 08.02.2023 (With Extension of 5 Minutes Duration After 12 Noon, If required)**

**4. The CH bank shall ensure that prospective bidders are allowed inspection of the said hypothecated vehicle (mentioned under the schedule of property below) before day of auction for which interested individuals may contact the concerned officer of CH Ms. Kalayani Preeti (Mob: 9599281817).**

5. The sale shall be of the movable property of the above named Certificate Defaulters (CD), subject to the liabilities and claims attaching to the said hypothecated vehicle, if any.

6. The sale shall be stopped if, before lot is knocked down, the arrears mentioned in the said certificate, interest costs (including cost of sale) are tendered to the officer conducting the sale or proof is given to his satisfaction that the amount of such certificate alongwith the interest and costs has been paid to the undersigned.

7. At the sale the public generally are invited to bid either personally or by duly authorized agent. No officer or other person, having any duty to perform in connection with this sale shall, however, either directly or indirectly bid for, acquire or attempt to acquire any interest in the property sold.

8. The property is being sold on **"AS IS WHERE IS" BASIS and "AS IS WHAT IS" BASIS.** The sale shall be subject to the conditions prescribed in the Second Scheduled to the Income Tax Act, 1961 and the rules made thereunder and to the following further conditions.

9. The particulars specified in the Schedule have been stated to the best of the information of the undersigned, but the undersigned shall not be answerable for any error, mis-statement or omission in this proclamation.

**10. The Reserve Price and Earnest Money Deposit (EMD) be fixed as follows:-**

| S. No. | Details of property | Reserve Price (in Rs.) | Earnest Money Deposit (EMD) (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Renault Fluence bearing Registration No. UP 16BE-5195 | 3,40,000/- | 34,000/- |

11. The amount by which the biddings are to be increased shall be determined by the Officer conducting the sale. In the event of any dispute arising as to the amount of bid, or as to the bidder, the lot shall at once be again put to auction.

**12. Intending bidders shall be required to pay Earnest Money Deposit (EMD)** by way of pay order/demand draft payable at New Delhi and in favour of Recovery Officer-II, DRT-II, Delhi before the start of bidding and identity proofs, address proofs etc. The said deposit shall be adjusted in the case of successful bidders; and in the case of unsuccessful bidders the same shall be refunded without interest, on the date of sale.

**13. Successful highest bidder shall have to deposit 25% of the sale proceeds** by way of pay order/demand draft favoring the Recovery Officer-II, DRT-II, Delhi, within 24 hours (next working day) by way of bank draft, after adjusting the EMD stated above, failing which the EMD shall be forfeited.

**14. The purchaser shall deposit the balance 75% of the sale proceeds alongwith poundage fee @ 2% upto Rupees 1,000/- @ 1% of the sale price exceeding Rupees 1,000/ within 15 days from the date of auction. The Poundage fees shall be deposited through a demand draft payable in favour of the Registrar, DRT-II, Delhi.**

15. In case of default, the amount earlier deposited by the bidder, if the undersigned considers fit, after defraying the expenses of the sale shall be forfeited and the property shall be resold, and the defaulting purchaser shall forfeit all claims to the property or to any part thereof or of any part of the sum for which it may subsequently be sold.

16. The undersigned reserves the right to accept or reject any or all bids if found unreasonable or postpone the auction at any time without assigning any reason.

**Schedule of Property**

| S. No. lots | Description of property to be sold with names co-owners where the property belongs to the defaulter and any other persons is co-owners | Revenue assessed upon the property or any part thereof | Details of any encumbrances to which the property is liable | Claims, if any, which have been put forward to the property and other known particulars bearing on its nature and value. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Renault Fluence bearing Registration No. UP 16BE-5195 | No information | No information | No information |

**Given under my hand and seal of this Tribunal at New Delhi on this 22.12.2022.**

**(Dattatrey Bajpayee)**
**Recovery Officer-II**
**DRT-II, Delhi**

# ग्लोबल समिट : ग्रेनो में 40 हजार करोड़ का होगा निवेश

## सीईओ ने डाटा सेंटर की योजना जल्द लाने के दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**



फरवरी में प्रस्तावित ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट में अपनी अहम भूमिका निभाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पुरजोर कोशिश कर रहा है। प्राधिकरण ने अब तक करीब 40 हजार करोड़ रुपए के निवेश के लिए करार किए हैं। बुधवार को विभाग वार समीक्षा करते हुए सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने इसे और बढ़ाने के निर्देश दिए। उद्योग विभाग ने 17 एमओयू के जरिए 11680 करोड़ के औद्योगिक निवेश का रास्ता खोला है।

कई बड़े उद्योगों ने ग्रेटर नोएडा में निवेश की इच्छा जाहिर की है। इन उद्योगों के आने से बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी मिल सकेंगे। इसी तरह वाणिज्यिक विभाग ने करीब 7000 करोड़, बिल्डर विभाग ने 16106 करोड़, आईटी व आईटीईएस ने 2760 करोड़, इंस्टीट्यूशनल ने 1432 करोड़ और आईआईटीजीएनएल में 70 करोड़ रुपए के निवेश के लिए करार हुए हैं। सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने करार के साथ ही इन निवेशकों को जमीन उपलब्ध कराने की तैयारी करने के निर्देश दिए हैं।

इसके साथ ही प्राधिकरण की तरफ से निकाली गईं योजनाओं के जरिए निवेशकों की संख्या और बढ़ाने को कहा है। वर्तमान समय में बिल्डर, उद्योग, संस्थागत, वाणिज्यिक, फ्यूल स्टेशनों की स्कीम निकली हुई है। सीईओ ने डाटा सेंटर की योजना भी जल्द लाने के निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान एसीईओ प्रेरणा, अमनदीपव आनंद वर्धन मौजूद रहे। गौरतलब है कि निवेश बढ़ाने के लिए प्राधिकरण के ने विदेशों में भी रोड शो किए और वहां से भी करोड़ों का निवेश ग्रेटर नोएडा में हुआ है।

# नोएडा में बनेगा एम्यूजमेंट पार्क

● **सेक्टर-150 में बनेंगे वॉटर पार्क, शॉपिंग मॉल और रेस्टोरेंट, 3 और थीम पार्क भी तैयार किए जा रहे**

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

नोएडा के सेक्टर.150 में एक एम्यूजमेंट पार्क विकसित किया जाएगा। इससे शहर ही नहीं, बल्कि एनसीआर के लोगों को आकर्षित किया जा सकेगा। लोग यहां पर खेलकूद, मनोरंजन के साथ.साथ वीकेंड का पूरा लुत्फ उठा सकेंगे। इस पार्क को नोएडा प्राधिकरण की ओर से विकसित किया जाएगा। इसके लिए प्राधिकरण का प्लानिंग सेक्शन जल्द डिजाइन तैयार करेगा।

सर्किल-10 की ओर से इसका एक प्रस्ताव तैयार किया गया है। ये प्रस्ताव अब प्लानिंग विभाग को भेजा जा रहा है। यहां जमीन को चिह्नित कर पार्क का डिजाइन तैयार किया जाएगा। इसके बाद सलाहकार कपंनी का गठित कर आगे की कार्यवाही की जाएगी। बता दें प्लानिंग के तहत करीब 35 एकड़ में पार्क का निर्माण करने की योजना है। ये स्थान इसलिए चुना गया क्योंकि यहां से ग्रेटर नोएडा, ग्रेनो वेस्ट और नोएडा तीनों ही पास है। ऐसे में यहां गैदरिंग आसानी से होगी। वहीं पार्क में शुल्क रखा जाएगा। इसके अलावा कॉमर्शियल एक्टिविटी के लिए स्पेस दिया जाएगा। ताकि प्राधिकरण को राजस्व मिल सके। बताया गया कि पूरा पार्क पीपीपी मॉडल पर बनाया जा सकता है। इसके अलावा इसी सेक्टर में शहीद भगत सिंह पार्क बनाने की योजना भी है। इसका प्लान तैयार किया जा चुका है। हालांकि इसकी जमीन विवाद में होने के चलते इसे अभी सिर्फ प्लानिंग स्टेज तक ही लाया जा सका है।

**यह होगा खास**

1. वाटर पार्क, शॉपिंग मॉल
2. बच्चों के खेलकूद के लिए झूले
3. शॉपिंग मॉल में व्यवसायिक दुकानें
4. खाने पीने के लिए बेहतरीन रेस्टोरेंट की चेन।

**नोएडा में बनाए जा रहे पार्क**

1. महामाया के पास जू थीम बेस्ड पार्क
2. सेक्टर.78 में वेदवन पार्क
3. सेक्टर-137 में डॉग पार्क

## अवैध रूप से चल रही कपड़ा रंगाई की पांच इकाइयां बंद

**नोएडा।** क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने गढी शाहपुर गांव में अवैध रूप से चल रही कपड़े रंगाई की पांच इकाइयों को बंद कर दिया है।

प्रदूषण विभाग ने पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम को पत्र लिखकर इन इकाइयों के बिजली कनेक्शन काटने के लिए कहा है। क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि प्रदूषण विभाग को सूचना मिली थी कि सेक्टर 131 स्थित गढी शाहपुर गांव में कपड़ों की रंगाई करने वाली पांच इकाइयां अवैध रूप से चल रही हैं। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर प्रदूषण विभाग की टीम ने वहां पर छापा मारा और पाया कि पांच इकाई अवैध तरीके से संचालित की जा रही हैं।

# दुर्घटना के बाद युवक को कार ने 500 मीटर घसीटा, मौत

● **दिल्ली की तरह ही नोएडा में वारदात, अज्ञात आरोपियों की तलाश जारी**

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**



फाइल फोटो

दिल्ली में हुए हादसे की तरह नोएडा के हादसे में एक युवक की मौत हो गई। घटना सेक्टर-14ए फ्लाईओवर के पास हुई और कार युवक को घसीटते हुए करीब 500 मीटर तक ले गई। वहां बॉडी छोड़कर कार चालक फरार हो गए। युवक की पहचान कौशल यादव निवासी इटावा हुई है। वह नोएडा व दिल्ली में स्वीगी की ओर से फूड डिलीवरी का काम करता था।

कौशल के भाई अमित कुमार ने थाना फेज-1 में एफ आईआर दर्ज कराई है। दी गई शिकायत के अनुसार 1 जनवरी की रात करीब एक बजे अमित कुमार ने अपने भाई कौशल को फोन किया। किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन उठाया और बताया मैं ओलेक्स गाड़ी चलाने वाला बोल रहा हूं। तुम्हारे भाई का एक्सीडेंट हो गया है। किसी अज्ञात वाहन ने सेक्टर.14 फ्लाईओवर के पास टक्कर मार दी और खींचता हुआ शनी मंदिर सड़क तक ले गया। सूचना मिलने के बाद हम लोग शनि मंदिर पहुंचे। यहां कौशल का शव शनि मंदिर के पास पड़ा हुआ था। मौके पर पुलिस भी मौजूद थी। इस मामले में अमित ने थाना फेज.1 पुलिस से अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मामले में पुलिस जांच कर रही है। जिस स्थान से शव को घसीट को शनि मंदिर तक लाया गया। वहां नोएडा प्राधिकरण की गौ शाला और शनि मंदिर के बाहर लगे सीसीटीवी है। गौ शाला के सीसीटीवी की फुटेज साफ नहीं है। शनि मंदिर के संचालक ने बताया कि दो जनवरी को पुलिस आई थी। सीसीटीवी की फुटेज देखी लेकिन फ़ॉग बहुत ज्यादा होने पर साफ कुछ नहीं हो पा रहा है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को ले लिया है। एफआईआर के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। वह दिल्ली और नोएडा की ओर मुख्य सड़क पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। बताया गया कि टक्कर जहां हुई वो एरिया नोएडा का है।

## महिला की शिनाख्त को जगह-जगह लगाए पोस्टर

**नोएडा।** ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस.वे पर सोमवार को एक अज्ञात महिला का शव मिला था। 3 दिन बाद भी महिला की अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। महिला की शिनाख्त को लेकर दादरी पुलिस की टीम जगह-जगह पर महिला के पोस्टर लगाकर उसकी शिनाख्त की कोशिश कर रही है। महिला की शिनाख्त को लेकर तीन टीमें बनाई गई है। जो अलग.अलग जगह जाकर लोगों से महिला के बारे में जानकारी जुटा रही है। इस दौरान एक टीम मेरठ पहुंची। उसने लोगों से महिला के बारे में जानकारी जुटाई और सभी को महिला का फोटो भी दिखाया। लेकिन महिला के बारे में पता नहीं चल सका। उधर, पुलिस की एक-एक टीम बागपत और पानीपत पहुंची।

# सोसाइटी के पास दिखा तेंदुआ, तलाशी अभियान जारी

● **स्थानीय लोगों के दावे के बाद नोएडा प्रशासन सतर्क**

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**



बिसरख क्षेत्र की एक निर्माणाधीन आवासीय सोसायटी में मंगलवार की रात को तेंदुआ दिखाई देने के बाद उसे पकड़ने के लिए चलाया गया तलाशी अभियान जारी है और नोएडा वन विभाग की टीम के साथ मेरठ और आगरा से बुलाए गए विशेषज्ञ भी इस कार्य में मदद कर रहे हैं।

स्थानीय निवासियों ने तेंदुए को बुधवार को सुबह देखने का दावा किया। जनपद गौतम बुद्ध नगर के प्रभागीय वनाधिकारी प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने बुधवार को बताया कि मंगलवार की रात को बिसरख थाना क्षेत्र की निर्माणाधीन अजनारा ली गार्डन सोसायटी में एक तेंदुआ दिखाई देने की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम ने तलाश शुरू की। उन्होंने बताया कि मेरठ से वन विभाग की टीम को बुलाया गया है। उन्होंने बताया कि तेंदुए को पकड़ने के लिए गौतम बुद्ध नगर के साथ मेरठ और आगरा वन विभाग की टीम तथा नोएडा पुलिस ने संयुक्त रूप से तलाशी अभियान चलाया जो जारी है लेकिन सुबह तक तेंदुआ नहीं मिला। ग्रेटर नोएडा पश्चिम (नोएडा एक्सटेंशन) के सेक्टर 16 में अजनारा ली गार्डन सोसायटी में तेंदुए की मौजूदगी की सूचना से आसपास रहने वाले लोगों में भी दहशत है। डीएफओ ने बताया कि लोगों से कहा गया है कि जब तक तेंदुआ पकड़ा नहीं जाए, वे घर से निकलते समय सावधानी बरतें। सोसायटी में लगभग एक सप्ताह पहले 27 दिसंबर को भी तेंदुआ दिखा था। तब मेंटेनेंस विभाग ने निवासियों को इसकी सूचना देते हुए उन्हें बाहर निकलने से बचने की सलाह जारी की थी। तेंदुए के सोसायटी के आसपास मौजूद होने की सूचना के बाद दहशत के कारण सोसायटी निवासी अंदर ही रहे और कई लोग तो दैनिक उपयोग का सामान खरीदने के लिए नजदीकी दुकानों पर भी जाने से कतराते दिखे।

## एमबीबीएस के दाखिले के नाम पर 17 लाख की ठगी

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर जनपद के सेक्टर-126 थाने में एक युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि एक व्यक्ति ने एमबीबीएस में दाखिला दिलाने के नाम पर उससे 17 लाख रुपए की ठगी की है। थाना प्रभारी तथा पुलिस निरीक्षक सत्एंद्र कुमार सिंह ने बताया कि लखनऊ की रहने वाली दर्शिका सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि एक व्यक्ति ने एमबीबीएस में दाखिला कराने का दावा किया। उन्होंने बताया कि आरोपी जय मेहता ने पीड़िता से 17 लाख रुपया ले लिया तथा उसे कहा कि वह बेंगलुरू स्थित मेडिकल कॉलेज में मैनेजमेंट कोटे से उसका दाखिला करवा देगा।

# जी-20 की तैयारियों को लेकर मैराथन बैठक

● **जर्जर सड़क होगी ठीक, विदेशी मेहमानों के लिए होटल चिह्नित**

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

जेपी ग्रीन्स में अगस्त में प्रस्तावित जी 20 सम्मेलन की बैठक होगी। इसको लेकर मंडल आयुक्त मेरठ सेल्वा कुमारी जेण्की अध्यक्षता में तैयारियों को लेकर मैराथन बैठक हुई। मंडलायुक्त ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जी-20 एक महत्वपूर्ण समूह है, जिसमें विकसित एवं विकासशील अर्थ व्यवस्थाएं शामिल है।

इस मौके पर सड़क रास्ता में जो भी कमियां नजर आये उनको समय रहते दूर कर लिया जाए। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उनके द्वारा इस प्रकार से अपनी कार्रवाई की जाएगी कि जनपद का पर्यावरण स्वच्छ बना रहे। जी.20 सम्मेलन में विदेशी मेह मानों का आगमन होगा। इसलिए उनके ठहरने के लिए होटल आदि की व्यवस्था समय रहते कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि जी.20 की महत्वपूर्ण बैठक उत्तर प्रदेश राज्य के वाराणसी, आगरा, लखनऊ एवं ग्रेटर नोएडा में होनी प्रस्तावित है। इसलिए जनपद गौतम बुद्ध नगर के लिए विकास, बुनियादी ढांचे, संस्कृति, विरासत के स्तर को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने का एक बड़ा अवसर है। इसलिए संबंधित विभागीय अधिकारियों का दायित्व और अधिक बढ़ जाता है कि वह समस्त विभागों के अधिकारियों के साथ आपसी तालमेल स्थापित करते हुए अपनी कार्य योजना बनाए। मंडलायुक्त ने पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, औषधि एवं खाद्य प्रशासन विभाग, पीडब्ल्यूडी एवं अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि उनके द्वारा समय रहते हुए ही अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं।

# पेट्रोलिंग कर रहे पुलिसकर्मियों को मिलेगी चाय

● **एनसीआर में बढ़ती ठंड को देखते हुए नोएडा पुलिस आयुक्त ने उठाया कदम**

पायनियर समचार सेवा। नोएडा



नोएडा की सड़कों पर पेट्रोलिंग करने वाले पुलिस कर्मियों को अब 2 बार चाय दी जाएगी। खासकर रात के समय एक्सप्रेसवे और मुख्य सड़कों पर पेट्रोलिंग करने वाले पुलिस कर्मियों तक चाय पहुंचाई जाएगी।

सर्दी को देखते हुए पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने ये व्यवस्था की है। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने कहा कि सर्दी के मौसम को देखते हुए एक्सप्रेस.वे और मुख्य चौराहों पर ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों के लिए ये व्यवस्था रहेगी। पुलिस लाइन में चाय खासतौर पर तैयार की जाएगी। पुलिस लाइन, गौतमबुद्धनगर से रात के समय कम से कम 2 या इससे अधिक बार चाय भेजी जाएगी।

इससे पुलिसकर्मी सर्दी के मौसम में भी खुद को गर्म रखने में मदद मिलेगी। वो अपनी ड्यूटी ठीक से कर सकेंगे। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने अपर पुलिस आयुक्त कानून,व्यवस्था रवि शंकर छवि, अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय भारती सिंह, एडीसीपी क्राइम,स्टाफ ऑफिसर अनिल कुमार यादव के साथ एडवांट बिल्डिंग के पास एक्सप्रेस.वे पर ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों, पीआरवी कर्मियों, ट्रैफिक पुलिसकर्मियों, पेट्रोलिंग टीम के पुलिसकर्मियों, पीआरडी जवानों व अन्य पुलिसकर्मियों के साथ चाय पीकर अभियान की शुरुआत की। पुलिस आयुक्त ने ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों को सर्दी से बचाव हेतु दस्ताने, स्कार्फ व कैप भी वितरित किए। साथ ही संबंधित को निर्देशित किया गया की जल्द ही कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में नियुक्त सभी पुलिसकर्मियों को सर्दी से बचाव का उक्त समान उपलब्ध करा दिया जाए। जिससे पुलिसकर्मी बढ़ती सर्दी में भी अपना ध्यान रख सके।

# संक्षिप्त समाचार



**गोपीचंद इंटर कॉलेज में प्रतिमा का अनावरण करती राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला।**

## गांजा तस्करी के आरोप में चार गिरफ्तार

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया है। इस दौरान पुलिस तस्करों की धर पकड़ कर रही है। नोएडा की थाना सेक्टर 58 पुलिस ने चेकिंग के दौरान अलग.अलग जगह से चार तस्करों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 7 किलो 100 ग्राम गांजा भी बरामद किया। थाना 58 पुलिस ने इस दौरान सेक्टर 12 निवासी सौरव गोली को एलेन कूपर तिराहा सी ब्लॉक के पास गिरफ्तार किया। खोड़ा कॉलोनी गाजियाबाद निवासी रितिक मंडल को थापर गेट नोएडा से, खोड़ा कॉलोनी निवासी रवि को बिशनपुरा नोएडा से और खोड़ा कॉलोनी निवासी अजीत को सेक्टर 57 से गिरफ्तार किया है।।

## जिला युवा व्यापार मंडल की बैठक

गाजियाबाद। गाजियाबाद में जिलाध्यक्ष रामकिशोर अग्रवाल की अनुमति से जिला युवा उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष धनेश सिघंल के नेतृत्व में बुधवार को बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सेक्टर 3 वसुंधरा युवा व्यापार प्रतिनिधि मंडल के व्यापारियों ने भाग लिया। सेक्टर 3.5 की ग्रीन बैल्ट में यह आयोजित की गई। जिसमें स्थानीय व्यापारियों द्वारा सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का गठन संरक्षक मुन्ना सिहं सेगर, गोविंद सिंह रावत, ओमदत्त भारद्वाज, सोनु गुप्ता वरिष्ठ मंत्री, गौरव जैन मंत्री ने किया। जिलाध्यक्ष युवा धनेश सिंघल ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। साहिबाबाद विधानसभा के वरिष्ठ नेता महेश उपाध्याय ने सभी पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई शुभकामनाएं दीं।

## भाजपा किसान मंडल अध्यक्ष ने की आपत्तिजनक पोस्ट

**गाजियाबाद।** भारत जोड़ो यात्रा में उमड़ रही भीड़ को भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी झेल नहीं पा रहे हैं। ईर्ष्या इतनी विकट हो चुकी है कि मान मर्यादा भी भूल चुके हैं। इस संबंध में भाजपा किसान मोर्चा के राजनगर मंडल के अध्यक्ष करण शर्मा की एक पोस्ट पर लोग जमकर नाराजगी जता रहे हैं। करण शर्मा ने लोनी में भारत जोड़ो यात्रा की वह फोटो पोस्ट की है जिसमें राहुल गांधी अपनी बहन प्रियंका को दुलार रहे थे। इस फोटो पर करण ने आपत्तिजनक कमेंट पोस्ट किया है। अनेक लोगों ने इस पर नाराजगी व्यक्त की है। साथ ही कानूनी कार्रवाई की मांग भी की गई है।


## भनौता में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने बुधवार को भनौता में अतिक्रमण पर बुल्डोजर चलाया। करीब छह हजार वर्ग मीटर जमीन को खाली करा लिया। कालोनाइजर अवैध कालोनी विकसित कर जमीन कब्जाने की कोशिश कर रहे थे। खाली कराई गई जमीन कीमत करीब 12 करोड़ रुपये आंकी गई है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने परियोजना विभाग व भूलेख विभाग को अधिसूचित एरिया में अतिकमण के खिलाफअभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल दो के प्रभारी चरण सिंह के नेतृत्व में प्रबंधक प्रताप सिंह व सहायक प्रबंधक राजेश निम की टीम ने बुधवार को गांव भनौता में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। भनौता के खसरा नंबर 394 और 395 की छह हजार वर्ग मीटर जमीन पर अवैध कब्जा किया जा रहा था। कालोनाइजर यहां अवैध कालोनी काट कर रहे थे। अवैध निर्माण हटाने से पहले प्राधिकरण की तरफ से धारा-10 की नोटिस दी गई, लेकिन कालोनाइजरों पर कोई असर नहीं पड़।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# श्रद्धा के ही थे जंगल से मिली हड्डियां-बाल

## नमूने के डीएनए माइटोकांड्रियल प्रोफाइलिंग से हुई पुष्टि





**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली के चर्चित श्रद्धा वालकर हत्याकांड में पुलिस द्वारा भेजे गए बाल और हड्डियों के नमूनों की डीएनए माइटोकांड्रियल प्रोफाइलिंग से इस बात की पुष्टि हुई है के ये नमूने श्रद्धा के ही हैं।

श्रद्धा की उसके लिव-इन पार्टनर आफताब अमीन पूनावाला (28) ने मार डाला था। पुलिस ने कहा कि हड्डी और बाल गुरुग्राम तथा महरौली सहित दिल्ली एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के वनक्षेत्रों की तलाशी के दौरान मिले थे। विशेष पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) सागर प्रीत हुड्डा ने कहा कि हड्डी और बाल के नमूनों से चूंकि डीएनए प्राप्त नहीं किया जा सकता था, इसलिए उन्हें डीएनए माइटोकांड्रियल प्रोफाइलिंग के लिए सेंटर फॉर डीएनए फिंगरप्रिंटिंग एंड डायग्नोस्टिक्स (सीडीएफडी) हैदराबाद भेजा गया था। उन्होंने कहा कि बुधवार को हमें जांच के परिणाम मिले।

मृतक की कथित हड्डी का एक टुकड़ा और बालों का गुच्छा उसके पिता और भाई के साथ मेल खाता है, जिससे उक्त हड्डी और बाल के श्रद्धा वालकर के होने की पुष्टि होती है। उन्होंने कहा कि हड्डियों को अब पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा, जो अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के मेडिकल बोर्ड द्वारा किया जाएगा।

पूनावाला पर लिव इन रिलेशन में रह रही वालकर की 18 मई, 2022 को कथित रूप से गला घोंटकर हत्या करने, उसके शव के 35 टुकड़े करके उन्हें तीन सप्ताह तक दक्षिणी दिल्ली के महरौली स्थित आवास में 300 लीटर के फ्रिज में रखने एवं उन्हें कई दिनों तक शहर के विभिन्न हिस्सों में फेंकने का आरोप है।

वालकर की हत्या का मामला तब सामने आया जब दिल्ली पुलिस ने 12 नवंबर को पूनावाला को गिरफ्तार किया। पूनावाला फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। पीड़िता श्रद्धा को आफताब से अपनी हत्या का पहले से ही डर था। इसका खुलासा उसके दोस्त रजत शुक्ला ने किया था। रजत दोस्त से बताया था कि आफताब के साथ श्रद्धा की जिंदगी नर्क हो गई थी। उसने हमें 2019 में बताया था कि वह 2018 से आफताब के साथ रिश्ते में थी। शुरू में तो सबकुछ ठीक था, लेकिन फिर श्रद्धा बताने लगी कि आफताब उसे अक्सर मारता-पीटता है। वह उसे छोड़ना चाहती थी लेकिन उसका इस रिश्ते आना बहुत मुश्किल हो गया था।

### पड़ोसी ने युवती को दी तेजाब फेंकने की धमकी

**नई दिल्ली।** पांडव नगर में रहने वाली एक युवती ने अपने पड़ोसी पर तेजाब से हमला करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। वहीं, दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालिवाल ने मामले का स्वत: संज्ञान लेते हुए पुलिस उपायुक्त (पूर्व) को नोटिस जारी किया है। पुलिस ने बताया कि 19 वर्षीय एक युवती ने रविवार को इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस का कहना है कि युवती का आरोप है कि यागवेंद्र यादव नामक युवक ने उसे धमकी दी है कि अगर उसने उससे शादी नहीं की तो वह उस पर तेजाब फेंक देगा।

यादव की पांडव नगर में किराने की दुकान है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी को गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं। उसने बताया कि शिकायतकर्ता और आरोपी एक-दूसरे को जानते हैं।

पुलिस के अनुसार, यादव ने रविवार को शिकायकर्ता से अपने साथ आने के लिए कहा था, लेकिन जब युवती ने इनकार कर दिया तो उसने धमकी दी कि उसके पास तेजाब है।

# कंझावला की घटना अमानवीय और दर्दनाक : मनीष सिसोदिया

● उपमुख्यमंत्री ने मृतका के परिजनों से की मुलाकात, नौकरी देने का किया वादा



पीड़ित परिवार से मुलाकात करते डिप्टी सीएम सिसोदिया।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नव वर्ष पर सुल्तानपुरी थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में हुई अंजलि की मौत को लेकर स्थानीय लोगों में रोष है। साथ ही इस मामले को लेकर राजनीति भी शुरू हो गई है। ताजा मामले में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बुधवार को मृतका के घर पहुंचकर स्वजन से मुलाकात की और उन्हें सरकार की तरफ से हरसंभव मदद का भरोसा दिया है। साथ ही पुलिस से आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही है। उन्होंने कहा अंजलि अपने परिवार की अकेली कमाने वाली थी। उसके परिवार को 10 लाख रुपये दिए जाएंगे और एक सदस्य को नौकरी देने का प्रयास किया जाएगा। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने के बजाय विपक्ष को खत्म करने के लिए सभी शक्तियों का उपयोग कर रही है।

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बुधवार को कंझावला हादसे की पीडिता के परिवार से मंगोलपुरी स्थित उनके घर जाकर मुलाकात की और दु:ख की इस घड़ी में परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने परिवार को केजरीवाल सरकार की ओर से हर संभव मदद करने का वादा किया और परिवार को न्याय दिलाने की बात कही। उन्होंने कहा कि यह दुर्घटना नहीं बल्कि दरिंदगी है जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस घटना में शामिल सभी दोषियों को सरकार सख्त सजा दिलाकर मृतका को न्याय दिलवाएंगे। पीड़िता की माँ बीमार रहती है, उन्हें डायलिसिस की जरुरत होती है, केजरीवाल सरकार उनका पूरा इलाज करवाएगी। परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं, ऐसे में परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने का प्रयास किया जायेगा। परिवार की सभी तत्कालीन जरूरतों को पूरा किया जायेगा और केजरीवाल बड़े बेटे के रूप में पूरी मदद करेंगे।

सिसोदिया ने मीडिया से बातचीत में भाजपा और उपराज्यपाल पर जमकर हमला बोला।

### युवती के चरित्र पर सवाल न उठाने की अपील

*नई दिल्ली। दिल्ली महिला आयोग की प्रमुख स्वाति मालीवाल ने बुधवार को लोगों से अपील की कि वे कंझावला हादसे में जान गंवाने वाली युवती के चरित्र पर सवाल न उठाएं। हादसे के समय युवती के साथ मौजूद उसकी सहेली के कुछ दावों के बाद उस पर सवाल उठाए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार, कंझावला में अंजली सिंह (20) की स्कूटी को एक कार ने टक्कर मार दी और युवती को कई किलोमीटर घसीटते हुई ले गई। रविवार को हुई इस घटना में युवती की मौत हो गई थी। स्कूटी पर अंजली के पीछे बैठी उसकी सहेली ने मंगलवार को दिल्ली पुलिस के समक्ष अपना बयान दर्ज करवाया था। उसने दावा किया था कि हादसे के समय अंजली नशे में थी और वाहन चलाने की जिद कर रही थी। नाम उजागर न करने की शर्त पर उसकी सहेली ने बताया कि वे शनिवार रात उसके सहेलीों से मिलने एक होटल गए थे।*

### कांग्रेस ने दिल्ली पुलिस को घेरा

नई दिल्ली। कांग्रेस ने बुधवार को आरोप लगाया कि दिल्ली के कंझावला इलाके में हुई घटना को लेकर अपनी छवि और भारतीय जनता पार्टी के एक आरोपी नेता को बचाने के लिए पुलिस पीड़ित युवती का चरित्र हनन कर रही है। पार्टी नेता अलका लांबा ने यह भी कहा कि इस मामले की सुनवाई त्वरित अदालत में हो और तीन महीने के भीतर सुनवाई पूरी की जाए ताकि दोषियों को सजा मिले और यह आगे के लिए एक नजीर बन सके।

# एलजी ने एमसीडी में 10 एल्डरमैन किए मनोनीत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



महापौर चुनाव से पहले दिल्ली नगर निगम के लिए दस एल्डरमेन मनोनीत किए गए हैं। एल्डरमेन उन लोगों को कहा जाता है जो अपने क्षेत्र में विशेषज्ञ होते हैं। हालांकि, महापौर चुनाव में उनके पास मतदान का अधिकार नहीं होता है। चार दिसंबर के निकाय चुनावों के बाद शुक्रवार को पहली बार निगम सदन आहूत किया जाएगा जब सभी नवनिर्वाचित पार्षद शपथ लेंगे और महापौर एवं उप महापौर चुने जाएंगे।

दिल्ली सरकार ने मंगलवार को एक अधिसूचना जारी करके कहा कि उपराज्यपाल वी के सक्सेना द्वारा 10 सदस्यों को नामित किया गया है। अधिसूचना में कहा गया है, दिल्ली नगर निगम अधिनियम, 1957 (1957 की 66) की धारा 3 की उप-धारा (3) के खंड (बी) के उप-खंड (आई) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिल्ली के उपराज्यपाल 2022-2027 की अवधि के लिए दिल्ली नगर निगम में प्रतिनिधित्व करने के लिए निम्नलिखित व्यक्तियों को मनोनीत करते हैं। 2012 के बाद पहली बार एकीकृत नगर निगम अस्तित्व में आएगा। 1958 में अस्तित्व में आए पूर्ववर्ती एकीकृत दिल्ली नगर निगम को 2012 में तीन भागों में बांट दिया गया था।

### आप का आरोप, भाजपा के सदस्य

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने बुधवार को आरोप लगाया कि शुक्रवार को होने वाले महापौर पद के चुनाव से पहले दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के लिए मनोनीत किए गए 10 एल्डरमेन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ता हैं और एमसीडी ने उनके नाम दिल्ली सरकार को दरकिनार करते हुए सीधे उपराज्यपाल को भेज दिए। आप विधायक आतिशी ने एक संवाददाता सम्मेलन में यह आरोप लगाते हुए कहा कि जिस तरह उपराज्यपाल को नाम भेजे गए, उसमें दिल्ली सरकार को दरकिनार किया गया। उन्होंने कहा कि उचित प्रक्रिया यह है कि सरकार उपराज्यपाल को नाम भेजती है।

# भाजपा की मांग, सीएम फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन का करें ऐलान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रदेश भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता सुल्तानपुरी की संवेदनशील घटना पर बयानबाजी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राजनीति छोड़कर अगले चौबीस घंटे में इस मामले के लिये फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन की घोषणा करें अन्यथा भाजपा मुख्यमंत्री का घेराव करेगी।

सचदेवा ने कहा है कि भाजपा दुर्घटना के कुछ ही घंटे बाद से लगातार कह रही है कि इस मामले की सुनवाई एवं निर्णय के लिये फास्ट ट्रैक कोर्ट की स्थापना की जाये पर वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल पीड़ित परिवार को कानूनी सहायता देने की बात तो करते हैं पर फास्ट ट्रैक कोर्ट की स्थापना देने से बच रहे हैं। मुख्यमंत्री पीड़ित परिवार को कानूनी सहायता देने की बात करके आखिर किसको गुमराह करना चाहते है। देश में कानूनी व्यवस्था ऐसी है कि हर पीड़ित का मुकदमा राज्य लड़ता है और सरकारी वकील पीड़ित की ओर से कोर्ट में मामला रखते हैं। कानूनी सहायता की घोषणा एक भ्रामक घोषणा है। सचदेवा ने सांसद संजय सिंह से सवाल किया है कि वह बतायें कि आखिर क्यों सुल्तानपुरी से कंझावला तक पूरे क्षेत्र में स्ट्रीट लाईट का अभाव है और क्यों वहां सरकारी सीसीटीवी उपलब्ध नहीं है।

# एक मई से 15 सितंबर तक नहीं होगी एमसीडी इलाके में खुदाई

● जी-20 की तैयारी, समन्वय समिति में लिया गया निर्णय



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने बुधवार को आदेश दिया कि शहर में जी-20 की बैठकों के मद्देनजर एक मई से 15 सितंबर तक सड़क खोदने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

नगर निगम ने कहा कि जिन सड़कों की खुदाई की अनुमति दी गई है, उन्हें 28 फरवरी तक दुरूस्त कर दिया जाएगा। भारत ने एक दिसंबर को जी20 की वार्षिक अध्यक्षता ग्रहण की है और इसी के मद्देनजर भारत में 55 स्थानों पर 200 से अधिक बैठकें आयोजित की जाएंगी।

एमसीडी ने सितंबर 2023 में जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने वाली दिल्ली में पार्कों, सड़कों और पैदल मार्गों को सजाने-संवारने के अपने काम को तेज कर दिया है।

एमसीडी ने बुधवार को एक अधिसूचना में कहा कि जी-20 कोर समन्वय समिति में लिए गए निर्णय के मद्देनजर 1 मई से 15 सितंबर तक किसी भी सड़क की खुदाई की अनुमति नहीं दी जाएगी।

निगम अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि एमसीडी ने प्रभावित क्षेत्रों की पहचान की है और इस काम के लिए एक समय सीमा तय की है। एमसीडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, इसमें सड़क के बुनियादी ढांचे में सुधार, संकेतकों का नवीनीकरण, फ्लाईओवर के नीचे के क्षेत्रों का सौंदईकरण, एलईडी लगाना, नालियों को ढंकना, आधुनिक कियोस्क विकसित करना और जलभराव को रोकने के लिए स्थाई उपाय करना शामिल होगा।

दिल्ली का प्रगति मैदान जी20 लीडर्स समिट का मुख्य स्थल है, जो 9 और 10 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। जी-20 में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मेक्सिको, रूस, सउद्धी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ शामिल हैं।

# इंडिया गेट पर फेरी वालों से झड़प, पांच सुरक्षाकर्मी घायल

● हिंसा के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

इंडिया गेट पर फेरी वालों से झड़प में पांच सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह घटना मंगलवार को शाहजहां मार्ग पर चिल्ड्रन पार्क में हुई।

नई दिल्ली के पुलिस उपायुक्त प्रणव तायल ने बताया कि फेरी वालों को उस क्षेत्र में खाने-पीने की चीजें बेचने की अनुमति नहीं है। इसी संबंध में हुए विवाद के बाद निजी सुरक्षा कर्मियों और फेरी वालों में झड़प हो गई। इंडिया गेट का विस्तार क्षेत्र नो-वेंडिंग जोन है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा कर्मियों ने जब उन्हें वहां से जाने के लिए कहा तो कुछ फेरी वाले नाराज हो गए। दोपहर लगभग साढ़े तीन बजे एनडीएमसी के ट्रक में उनका सामान लादा जाने लगा तो कुछ फेरी वालों ने वहां पड़ी निर्माण सामग्री को फेंकना शुरू किया तथा सुरक्षा कर्मियों पर हमला कर दिया।

इसमें पांच सुरक्षा कर्मी घायल हो गए। तायल ने बताया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 186 (सरकारी अधिकारी को कर्तव्य पालन से रोकना), धारा 353 (सरकारी अधिकारी को कर्तव्य पालन से रोकने के लिए उस पर हमला करना), धारा 332 (सरकारी अधिकारी को कर्तव्य पालन से रोकने के लिए उसे चोट पहुंचाना), धारा 308 (गैर-इरादतन हत्या करने का प्रयास) और अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। हिंसा के वीडियो सोशल मीडिया पर आए हैं।

### महिला को उसके दोस्त ने चाकू मारा, घायल

**नई दिल्ली।** आदर्श नगर में एक युवक ने मामूली विवाद के बाद अपनी दोस्त पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि यह घटना सोमवार दोपहर की है और आरोपी सुखविंदर सिंह (22) को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पीड़िता की हालत स्थिर है। पुलिस ने बताया कि सिंह और युवती लंबे समय से दोस्त थे लेकिन मामूली विवाद के बाद युवती ने सिंह से बात करना बंद कर दिया। युवक ने सोमवार को युवती को उसके घर के पास बुलाया और बात नहीं करने के लिए उससे बहस करने लगा। युवती पर तब भी कोई असर नहीं पड़ा तो सिंह ने उस पर चाकू से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गया।

# एएसआई की लापरवाही से छह वाहन टकराए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस के एक सहायक उप-निरीक्षक ने दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के द्वारका मोड़ इलाके में अपनी निजी कार से एक पीसीआर वैन को कथित तौर पर टक्कर मार दी जिससे आगे कई वाहन एक-दूसरे से टकरा गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि हादसा मंगलवार देर रात करीब साढ़े 12 बजे द्वारका मोड़ इलाके में लाल बत्ती पर हुआ। हादसे में पीसीआर वैन सहित छह वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस ने बताया कि अस्पतालों ने हादसे की सूचना दी। हालांकि हादसे में किसी को कोई गंभीर चोट नहीं आई है।

पुलिस उपायुक्त (द्वारका) हर्षवर्धन ने बताया कि बाहरी जिले में तैनात एएसआई हादसे के समय अपनी निजी कार चला था। वह हादसे में घायल हो गया है। उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उसके रक्त के नमूने लिए गए हैं, ताकि पता लगाया जा सके कि हादसे के समय वह नशे में था या नहीं। पुलिस ने बताया कि जब हादसा हुआ, तब एएसआई ड्यूटी से लौट रहा था। उसने सुल्तानपुरी थाने के एक एएसआई की कार को टक्कर मारी, जो टक्कर के प्रभाव से एक अन्य कार से टकरा गई और इसके बाद आगे कई गाड़ियां टकराती चली गईं।

उन्होंने बताया कि आरोपी एएसआई ने हादसे के समय नशे में होने की बात से इनकार किया है। उसने कहा कि फोन आने की वजह से उसका ध्यान भटक गया था।

# संक्षिप्त समाचार



विजेता बच्चों के साथ टाटा के अधिकारी।

### टाटा पावर ने किया 'ग्रीन वॉरियर्स' को सम्मानित

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में 70 लाख से अधिक लोगों को बिजली आपूर्ति में अग्रणी पावर यूटिलिटी टाटा पावर-डीडील ने अपने 'ग्रीन वॉरियर्स' कैम्पेन के विजेताओं की घोषणा की है। इस कैम्पेन का मकसद बच्चों को सस्टेनेबिलिटी के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ उन्हें ग्लोबल वार्मिंग के प्रतिकूल प्रभावों के बारे में जागरूक बनाना है। इस कैम्पेन को बच्चों से उत्साही प्रतिक्रियाएं मिली और करीब 1000 प्रविष्टियां मिलीं जिनमें 50 से ज्यादा स्कूलों से कविताएं, डांस, इनेक्टमेंट्स आदि से संबंधित थीं। हर छात्र के 1 मिनट के वीडियो में पर्यावरण को बचाने के साथ-साथ ग्लोबल वार्मिंग को घटाने एवं नियंत्रित करने तथा आने वाले कल को हरा-भरा बनाने के बारे में प्रेरणास्पद विचार शामिल थे।

### न्यायमूर्ति राजीव श्रीवास्तव डीईआरसी के नए अध्यक्ष

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश राजीव श्रीवास्तव को दिल्ली विद्युत नियामक आयोग (डीईआरसी) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) राजीव श्रीवास्तव को डीईआरसी अध्यक्ष के रूप में एक सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं हैं। केजरीवाल ने ट्वीट किया कि दिल्ली सरकार ने डीईआरसी के अगले अध्यक्ष के रूप में न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) राजीव श्रीवास्तव की नियुक्ति को मंजूरी दी है। उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) श्रीवास्तव ने न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) शबिहुल हसनैन की जगह ली है जो हाल ही में डीईआरसी अध्यक्ष पद से सेवानिवृत्त हुए हैं।


### जलबोर्ड की आर्थिक स्थिति खराब: बिधूड़ी

**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा ने दावा किया है कि दिल्ली सरकार की मुफ्त नीति के चलते दिल्ली जल बोर्ड की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। अब उसके पास आवश्यक सामान खरीदने और कर्मचारियों को वेतन देने के भी पैसे नहीं है। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि सरकार अब अपनी असफलताओं को खुद स्वीकार कर रही है। दिल्ली जल बोर्ड के सभी काम ठप हो गए हैं। पिछले महीने से यमुना की सफाई, पीने के पानी की पाइप लाइन और सीवर लाइन बिछाने का काम पूरी तरह रुका हुआ है। डीजेबी 58 हजार करोड़ रुपए के कर्ज में डूबा हुआ है। आर्थिक संकट के कारण जल बोर्ड के कर्मचारियों नौकरी से निकाला जा रहा है।

# आईजीआई टर्मिनल-1 से मेट्रो पकड़ना हुआ आसान

## मजेंटा लाइन को टर्मिनल 1 से जोड़ने वाला 130 मीटर लंबा सब-वे चालू, बेहतर होगी कनेक्टिविटी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



आईजीआई टर्मिनल एक से मेट्रो पकड़ना आसान हो गया है। दिल्ली मेट्रो रेलवे कॉरपोरेशन ने डोमेस्टिक एयरपोर्ट मेट्रो स्टेशन के मैजेंटा लाइन और डोमेस्टिक एयरपोर्ट टर्मिनल-1 को जोड़ने वाले सब-वे को बुधवार को यात्रियों के लिए खोल दिया है। इससे हवाई यात्रा कर आने और जाने वालों को सुविधा होगी।

यात्रा के समय को घटाने और बेहतर कनेक्टिविटी के लिए बनाये गए इस सब-वे को डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक विकास कुमार इस सब-वे का उद्घाटन किया। 130 मीटर लंबे इस सब-वे के खुलने से अब यात्रियों को आवाजाही में आसानी होगी। सब-वे के सभी प्रवेश और निकास द्वार पर दो एस्केलेटर और सीढ़ियों साथ दो लिफ्ट भी हैं। जिनमें करीब 26 लोगों की क्षमता है। दिल्ली मेट्रो रेल निगम के अनुसार, सब-वे के दोनों तरफ क्षेत्र की समृद्ध विरासत को खूबसूरती को उकेरा गया है। इसके अलावा सब-वे को आकर्षक कलाकृति से भी सजाया गया है। मालूम हो कि दिल्ली मेट्रो दिल्ली की लाइफ लाइन बनने के साथ ही एक के बाद एक रिकॉर्ड भी बना रही है। इस लाइन पर मेट्रो के अब तक बनाए गए सबसे गहरे मेट्रो स्टेशन का है। साथ ही ये एक इंटरचेज हब भी है।

### हौजखास मेट्रो स्टेशन इंटरचेंज सबसे बड़ा हब

*अभी तक दिल्ली मेट्रो के राजीव चौक, कश्मीरी गेट मेट्रो, केंद्रीय सचिवालय ही बड़े इंटरचेंज हब माने जाते थे। लेकिन इसमें हौज खास मेट्रो स्टेशन का नाम भी शामिल हो गया है। राजीव चौक के बाद ये दूसरा सबसे गहरा मेट्रो स्टेशन है। साथ ही इंटरचेंज पॉइंट भी। मजेंटा लाइन पर हौजखास मेट्रो स्टेशन पर हुडा सिटी सेंटर और नोएडा के यात्रियों के लिए सबसे बड़ा इंटरचेंज हब होगा। अब तक नोएडा के यात्रियों को ब्लू लाइन से होते हुए यलो लाइन लेकर हुडा सिटी सेंटर पहुंचने के लिए 34 मेट्रों स्टेशनों से गुजरना पड़ता था। जबकि अब नोएडा के यात्री मजेंटा लाइन पर हौजखास मेट्रो स्टेशन से इंटरचेंज करके 25 स्टेशनों से होते हुडा सिटी सेंटर पहुंचा सकते हैं। हौजखास मेट्रो स्टेशन पूरी तरह से अंडर ग्राउंड है और 29 मीटर गहरा है, जो करीब आठ मंजिल की गहराई के बराबर है। मजेंटा लाइन जनकपुरी पश्चिम को नोएडा के बॉटेनिकल गार्डन को जोड़ती है।*

### हेड कांस्टेबल ने खुद को आग लगाई, पीसीआर कर्मियों ने बचाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के एक हेड कांस्टेबल ने बुधवार को यहां रफी मार्ग पर खुद को आग लगा ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कुलदीप नामक कांस्टेबल को मौके पर तैनात पीसीआर कर्मियों ने बचा लिया।

पुलिस के मुताबिक कुलदीप ने पहले भी खुद को आग लगाने की कोशिश की है लेकिन इसके पीछे की वजह का पता नहीं चल पाया।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि सचिवालय की सुरक्षा में तैनात हेड कांस्टेबल फिलहाल निलंबित है। उन्होंने कहा कि उन्हें कोई बड़ी चोट नहीं आई है, लेकिन उनकी गर्दन और छाती पर जलन है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इस बात की जांच की जा रही कि आखिर यह कदम क्यों उठाया गया।

International Institute of Information Technology, Naya Raipur
Plot No.7, Sector 24, Atal Nagar, Nava Raipur - 493661, (C.G.), India

E-TENDER NOTICE

Following tenders are invited on behalf of Director IIIT-NR from interested bidders.

| S.No. | Tender Enquiry Number | Description of Tender |
|---|---|---|
| 1. | IIIT-NR/PO/CGProc/Work station/2022 Dated: 20th Dec 2022 | Tender for Supply, Installation & Commissioning of WorkStation Systems at IIIT Naya Raipur |
| 2. | IIIT-NR/PO/CGProc/RC-LIB Books/2022 Dated: 19th Dec 2022 | Tender for Rate Contract of Library Books at IIIT-NR |
| 3. | IIITNR/ACAD/CONV/2022 Dated: 20th Dec 2022 | Event Management for Third Convocation at IIIT Naya Raipur |

Bidders can download complete set of bidding documents from e-procurement platform https://eproc.cgstate.gov.in/ and IIIT-NR website https://www.iiitnr.ac.in from 19th Dec 2022 onwards. Bidders need to submit the bids online by uploading all the required documents through https://eproc.cgstate.gov.in/.

Purchase Officer

# जादुई कला से समाज को जागरुक करने निकले हैं जादूगर सम्राट शंकर

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**आधुनिक** युग में विभिन्न मंचों पर मनोरंजन के साधन लोगों तक पहुंच रहे हैं, लेकिन परिवार संग मैजिक शो देखना एक अलग ही आनंद की अनुभूति देता है। जादू भारत की एक अद्भुत कला है। इसे जीवंत रखने के लिए भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। अब हरियाणा सरकार के सौजन्य से आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत जिला मुख्यालय पर जादू के शो दिखाए जाएंगे। यह बात विश्व प्रसिद्ध जादूगर सम्राट शंकर ने बुधवार को यहां लघु सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता में कही।

गुरुग्राम के सेक्टर 44 स्थित अपैरल हाउस में 5 से 8 जनवरी तक जादू के शो दिखाए जाएंगे। यह शो निशुल्क रहेंगे। जादूगर

### हरियाणा सरकार के सहयोग से पूरे हरियाणा में करेंगे जादू के शो

### मनोरंजन के साथ सामाजिक सरोकारों के प्रति भी जगाएंगे अलख

शंकर सम्राट ने कहा कि यह शो न केवल बच्चे, बल्कि बड़ों के भी आकर्षण का केंद्र रहेगा। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत प्रत्येक जिले में चार दिन यह कार्यक्रम आयोजित होंगे। शो के दौरान बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्ति, कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम, जल बचाओ अभियान, तिरंगे का



गुरुग्राम मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बात करते जादूगर सम्राट शंकर।

सम्मान, पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर ऐसी-ऐसी प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जिससे छोटे बच्चे ही नहीं बड़ों का भी मन मंत्रमुग्ध हो जाएगा।

**अंधविश्वास के प्रति भी करेंगे जागरुक:** इसके अलावा अंधविश्वास जैसी बुराई के प्रति भी आमजन को इन शो के माध्यम से जागरूक किया जाएगा। यह शो सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग की ओर से करवाया जा रहा है। यह शो दिन में दो बार दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक तथा सायं 6 बजे से 8 बजे तक आयोजित होंगे तथा प्रत्येक शो 2 घंटे का रहेगा।

**12 साल की उम्र में मिली प्रेरणा :** उन्होंने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि 12 वर्ष की आयु में ही उन्हें देव कुमार जादूगर के स्कूल में आयोजित शो से प्रेरणा मिली और इसके बाद परिवार के खिलाफ जाकर इस कला को अपनाया। उन्होंने बताया कि इस कला को अपनाने का उनका संकल्प दुनिया के अंदर अपनी अलग पहचान बनाना रहा है। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत और लगन से इस लक्ष्य को प्राप्त करने में कामयाबी मिली। उन्होंने एक सवाल के जवाब में बताया कि वर्ष 1974 से जादू के शो दिखाने शुरू किए थे। अब तक 48 वर्ष हो चुके हैं। इस अवधि के दौरान अब तक करीब 28000 शो दिखा चुके हैं जिनमें से 23 हजार शो चैरिटेबल के लिए दिखाए गए हैं। इनमें सुनामी बाढ़ पीड़ितों, मुख्यमंत्री राहत कोष, कारगिल, स्कूलों व अस्पतालों के लिए शो शामिल हैं।

जादूगर शंकर ने गुरुग्रामवासियों से आह्वान किया कि वर्तमान समय में बच्चे अधिक से अधिक गैजेट्स का प्रयोग कर रहे हैं, जिनका उनके जीवन पर दुष्प्रभाव भी पड़ता है। ऐसे में यह जरूरी है कि बच्चों को इन गैजेट्स के दुष्प्रभावों से बचाने व जादुई कलाओं से जुड़ी हमारी समृद्ध संस्कृति से रूबरू करवाने के लिए इस प्रकार के मनोरंजक आयोजनों से अवगत कराया जाए।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले को नहीं मान रहे मान, अदालत जाएंगे : मनोहर लाल

### एसवाईएल हरियाणा का हक है और यह हक हमें मिलना ही चाहिए

### पंजाब के रवैये के बारे में सुप्रीम कोर्ट को अवगत करवाएगा हरियाणा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/गुरुग्राम





केंद्रीय जल संसाधन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान।

**केंद्रीय** जल संसाधन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की अध्यक्षता में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की बैठक बुधवार को दिल्ली के श्रम शक्ति भवन में हुई।

बैठक के बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि इस बैठक में कोई सहमति नहीं बनी है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने निर्णय में कहा है कि एसवाईएल नहर का निर्माण होना चाहिए, लेकिन पंजाब के मुख्यमंत्री और उनके अधिकारियों की टीम इस विषय को एजेंडे पर ही लाने को तैयार नहीं है। वे पानी नहीं होने की बात कह रहे हैं और पानी के बंटवारे पर बात करने को कह रहे हैं, जबकि पानी बंटवारे के लिए अलग से ट्रिब्यूनल बनाया गया है। ट्रिब्यूनल के हिसाब से जो सिफारिश होगी उस हिसाब से पानी बांट लेंगे।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का कहना है कि 2004 का एक्ट अभी भी मौजूद है जो कि पूरी तरह से असंवैधानिक है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि एसवाईएल नहर बननी चाहिए और हरियाणा इस बारे में सुप्रीम कोर्ट को अवगत करवाएगा। सुप्रीम कोर्ट को बताया जाएगा कि पंजाब एसवाईएल नहर निर्माण के लिए तैयार नहीं है। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट जो निर्णय देगा वो हमें स्वीकार होगा।

**एसवाईएल हरियाणावासियों का हक :** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने स्पष्ट किया कि एसवाईएल हरियाणावासियों का हक है और उन्हें पूरी आशा है कि हमें यह हक अवश्य मिलेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा के लिए एसवाईएल नहर का पानी अत्यंत आवश्यक है।

अब इस मामले में एक टाइम लाइन तय होना जरूरी है, ताकि प्रदेश के किसानों को पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। एसवाईएल कैनाल का निर्माण कार्य पूरा न होने की वजह से हरियाणा केवल 1.62 एमएएफ पानी का इस्तेमाल कर रहा है। पंजाब अपने क्षेत्र में एसवाईएल कैनाल का निर्माण कार्य पूरा न करके हरियाणा के हिस्से के लगभग 1.9 एमएएफ जल का गैर-कानूनी ढंग से उपयोग कर रहा है। पंजाब के इस रवैये के कारण हरियाणा अपने हिस्से का 1.88 एम.ए.एफ पानी नहीं ले पा रहा है। पंजाब और राजस्थान हर वर्ष हरियाणा के लगभग 2600 क्यूसिक पानी का प्रयोग कर रहे हैं। यदि यह पानी हरियाणा में आता तो 10.08 लाख एकड़ भूमि सिंचित होती, प्रदेश की प्यास बुझती और लाखों किसानों को इसका लाभ मिलता।

इस पानी के न मिलने से दक्षिणी-हरियाणा में भूजल स्तर भी काफी नीचे जा रहा है। एसवाईएल के न बनने से हरियाणा के किसान महंगे डीजल का प्रयोग करके और बिजली से नलकूप चलाकर सिंचाई करते हैं, जिससे उन्हें हर वर्ष 100 करोड़ रुपये से लेकर 150 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार पड़ता है। पंजाब क्षेत्र में एसवाईएल के न बनने से हरियाणा में 10 लाख एकड़ क्षेत्र को सिंचित करने के लिए सृजित सिंचाई क्षमता बेकार पड़ी है। हरियाणा को हर वर्ष 42 लाख टन खाद्यान्नों की भी हानि उठानी पड़ती है। यदि 1981 के समझौते के अनुसार 1983 में एसवाईएल बन जाती, तो हरियाणा 130 लाख टन अतिरिक्त खाद्यान्नों व दूसरे अनाजों का उत्पादन करता। 15 हजार प्रति टन की दर से इस कृषि पैदावार का कुल मूल्य 19,500 करोड़ रुपये बनता है।

# जनसेवा में सतत सेवारत पंजाबी बिरादरी महासंगठन: बोधराज सीकरी



जरूरतमंदों को कंबल वितरित करते प्रधान बोधराज सीकरी।

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**पिछले** दो-तीन दिन से पंजाबी बिरादरी महासंगठन के प्रधान बोध राज सीकरी एवं वरिष्ठ उप-प्रधान ओम प्रकाश कथूरिया के मार्गदर्शन में कड़ाके की सर्दी को देखते हुए गरीब, असहाय, दिव्यांग और दृष्टिहीन लोगों तक पहुंचकर उन्हें कम्बल वितरण करने में सेवारत है।

इसी कड़ी में आगे बढ़ते हुए बोधराज सीकरी और संगठन के अन्य लोगों ने झुग्गी-झोपड़ियों, सड़कों पर रहने वाले बेसहारा लोगों, मंदिरों के बाहर गरीब जनों और रिक्शा वालों को कड़कड़ाती ठंड से बचने के लिए कम्बल वितरित किए। बोधराज सीकरी ने कहा कि जीवन वही सफल है जो जनसेवा को समर्पित हो। नर सेवा, नारायण सेवा होती है। पंजाबी बिरादरी संगठन कर्तव्यबद्ध होकर जनसेवा में सतत सेवारत है। प्रधान बोधराज सीकरी का कहना है कि ठंड के इस मौसम में कंबल लेकर लोगों के चेहरे पर जो मुस्कान आई, वह मुस्कान ही हमारे लिए परमात्मा का आशीर्वाद है। लोगों की सेवा के ध्येय के साथ संगठन लगातार आगे बढ़ता रहेगा और जनसेवा के कार्य करता रहेगा। इस दौरान उन्होंने संगठन के अपने साथियों का साधुवाद भी व्यक्त किया। अगले सप्ताह लोगों को 1000 गर्म टोपी का वितरण पंजाबी बिरादरी महासंगठन द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर बोधराज सीकरी, रामलाल ग्रोवर, राजकुमार कथूरिया, धमेंद्र बजाज, रमेश कामरा, जीएन गोसाईं, अनिल कुमार, अनिल कुमार, यदुवंश चुघ, एमके कुमार, विकास आर्या, मुकेश नांगिया उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बिजली मंत्री से नवीन गोयल ने मुलाकात कर रखीं तीन मांगें



गुरुग्राम में बिजली मंत्री से मुलाकात करते नवीन गोयल व अन्य।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में बिजली संबंधी समस्याओं, मांगों को लेकर पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने गुरुग्राम पहुंचे बिजली एवं जेल मंत्री रणजीत सिंह चौटाला से मुलाकात करके विस्तृत चर्चा की। नवीन गोयल ने बिजली एवं जेल मंत्री रणजीत सिंह चौटाला को उपहार स्वरूप पर्यावरण का प्रतीक पौधा भेंट करते हुए नए साल की शुभकामनाएं दी। नवीन गोयल ने बिजली मंत्री के समक्ष कहा कि शहर में अगर एक प्लॉट पर चार मंजिल और हर मंजिल पर 4 फ्लैट अलग-अलग बने हुए हैं तो सभी 16 फ्लैट पर मीटर देने का नियम बनाकर आमजन को लाभ दें। कुछ बिल्डर सोसायटी के लोगों (कंज्यूमर) से पैसा ले लेते हैं और बिजली विभाग में पैसा जमा नहीं कराते। इस कारण लोगों की बिजली काट दी जाती है। ऐसे बिल्डरों के खिलाफ भी कार्यवाही की जाए। इसके अलावा आयुद्ध डिपो के 900 मीटर के इलाके में खासकर 300 मीटर इलाके में बिजली का कनेक्शन देने का भी निवेदन किया। नवीन गोयल की इस मांगों पर बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने आश्वस्त किया कि इन विषयों पर विचार करके लोगों को सहूलियत देने का काम किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि बिजली विभाग में काफी बदलाव किए जा चुके हैं। बिजली कटों में भी सुधार हो चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब बिजली पूरी मिल रही है। घरेलू और उद्योगों को पूरी बिजली आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने प्रदेश की जनता से आग्रह किया कि बिजली के बिलों का भुगतान समय से करें और बिजली चोरी करने जैसे जुर्म से बचें। इस दौरान दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक अमित खत्री, डा. विनोद धर्मानी, सतीश धर्मानी, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल, अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन की जिला महा मंत्री आशा गोयल भी मौजूद रहे।

### सम्मेद शिखर का अस्तित्व बचाने को गरजा गुरुग्राम का जैन समाज



**गुरुग्राम।** अहिंसा के रास्ते पर चलने वाला जैन समाज अब गुस्से में है। यह गुस्सा किसी निजी लाभ के लिए नहीं, बल्कि जैन समाज के तीर्थंकरों की मोक्ष स्थली श्री सम्मेद शिखर जी का अस्तित्व बचाने के लिए है। श्री सम्मेद शिखर जी के संरक्षण को लेकर जारी देशव्यापी आंदोलन के समर्थन में बुधवार को गुरुग्राम की सभी जैन संस्थाओं ने भी एक मंच पर आकर विरोध सभा और विशाल रैली निकालकर अपनी मांग को प्रमुखता से उठाया। अनुशासित तरीके से यह रैली निकाली गई। जैन समाज के 20 तीर्थंकरों और अनंत संतों के मोक्ष स्थल सम्मेद शिखर जी पारसनाथ पर्वतराज गिरिडिह (झारखंड) की स्वतंत्र पहचान, पवित्रता और संरक्षण के लिए गुरुग्राम के जैन समाज ने प्रदर्शन किया। झारखंड सरकार को जगाने के साथ राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री को इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की गई। जैन समाज के प्रवक्ता अभय जैन एडवोकेट ने बताया कि जैन समाज के अधिकतर दुकानदारों ने दोपहर 1 बजे तक अपनी दुकानें बंद रखी। बच्चों ने स्कूलों से छुट्टी की और विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। महिलाओं, युवाओं की भी अच्छी संख्या रही। जैन समाज के प्राचीन मंदिर जैकबपुरा सदर बाजार, पालम विहार, डीएलएफ, सेक्टर-43, सेक्टर-4, सेक्टर-15, झाड़सा समेत सभी मंदिरों व स्थानक से भारी संख्या में जैन अनुयायियों ने भाग लिया। नरेश जैन, अशोक जैन, अनिल जैन, प्रेमचंद जैन, त्रिलोक चंद जैन, पवन जैन, नवीन जैन, शैलेष जैन, देवेंद्र जैन, संदीप जैन, सुभाष जैन, रमन जैन, राजकुमार, उत्तम जैन, संदीप जैन, रविंद्र जैन, राकेश जैन, अमित जैन, संजय जैन, श्रेयांस जैन आदि प्रमुख लोगों ने इस विरोध प्रदर्शन में व्यवस्थाएं संभाली। जैन समाज के चारों संघ (दिगम्बर, श्वेतांबर, तेरा पंथी, मूर्ति पूजक) ने एकजुट होकर इस मांग को मजूबती से उठाया।

### डंके की चोट पर एसवाईएल का पानी लेगा हरियाणा



**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के मीडिया एवं सोशल मीडिया प्रमुख डा. संजय शर्मा ने एसवाईएल नहर का निर्माण नहीं करने पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी व पंजाब के मुख्यमंत्री की नीयत में खोट है जिस वजह से वे हरियाणा के हिस्से का पानी देने से इंकार कर रहे हैं। पंजाब के सीएम के हरियाणा को गंगा व यमुना से पानी ले लेना चाहिए के बयान पर डा. शर्मा ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री अपनी सलाह अपने पास रखें। उन्होंने कहा कि जो पार्टी सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवमानना करती है वह भरोसे के लायक नहीं है। उन्होंने कहा कि पंजाब अपने क्षेत्र में एसवाईएल कैनाल का निर्माण कार्य पूरा न करके हरियाणा के हिस्से के लगभग 1.9 एमएएफजल का गैर-कानूनी ढंग से उपयोग कर रहा है।

## गुरुग्राम में निगमायुक्त लगे पीसी मीणा को डीएचबीवीएन ने दी विदाई

**गुरुग्राम।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक रहे पीसी मीणा को हिसार स्थित मुख्यालय में फेयरवेल दी गई। पीसी मीणा ने डेढ़ वर्ष तक दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक के पद पर कार्य किया।



अब उनका गुरुग्राम नगर निगम के आयुक्त एवं मेट्रोपोलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी के ओएसडी के पद पर तबादला हुआ है। पीसी मीणा ने अच्छे विजन के साथ बेहतर मार्गदर्शन किया। इनकी सकारात्मक एवं दूरदर्शी सोच के परिणाम स्वरूप अनेकों प्रबंधकीय निणज्य लिए गए। इनके निर्देशन में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ने राष्ट्रीय स्तर पर ए-प्लस रेटिंग हासिल की और बिजली निगम ने अनेकों मुकाम हासिल किए। इनमें बिजली निगम के लाइन लॉस को कम करना, सब स्टेशन बनाने के लिए भूमि प्राप्त करना, बकाया राशि की रिकवरी और उपभोक्ताओं को त्वरित रूप से बिजली कनेक्शन देने आदि की अनेकों उपलब्धियां शामिल हैं। पीसी मीणा की अगुवाई में बिजली निगम द्वारा विभिन्न बिल्डरों से बकाया राशि वसूल करना और उन क्षेत्रों में कनेक्शन जारी करना शामिल है। 13 विभिन्न बिल्डरों की एडेक्वेसी पेंडिंग थी।

## जर्नलिस्ट एसो. गुरुग्राम की दो साल के लिए नई कार्यकारिणी गठित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**बुधवार** को जर्नलिस्ट एसोसिएशन गुरुग्राम की नई कार्यकारिणी का दो साल (2023-2025) के लिए सर्वसम्मति से चुनाव कर लिया गया। कार्यकारिणी में कुछ नए सदस्यों को शामिल किया गया है तो कुछ पुराने सदस्य ही पदों पर रखे गए हैं। कार्यकारिणी के गठन के साथ ही सभी सदस्यों ने पत्रकारों के हित में कार्य करने की बात कही। जर्नलिस्ट एसोसिएशन गुरुग्राम का वर्ष 2018 में गठन किया गया था। कोरोना महामारी के समय एसोसिएशन के कार्य बाधित रहे, लेकिन कोरोना महामारी के बाद 2022 से एसोसिएशन की सक्रियता बढ़ी। 2022 के अंत में कार्यकारिणी का दिसम्बर तक के लिए गठन किया गया था। 31 दिसम्बर 2022 को पदाधिकारियों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद अब आगामी दो साल के लिए कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। इसमें फिर से संजय यादव को प्रधान की



जिम्मेदारी दी गई। कार्यकारिणी में सत्येन्द्र सिंह वरिष्ठ उप-प्राधन, राज वर्मा एवं धर्मवीर शर्मा उप-प्रधान, सोनू यादव महासचिव, बागीश झा सचिव, शुभम अरोड़ा एवं प्रियंका दुबे मेहता सह-सचिव, राम खटाना कोषाध्यक्ष, संजय चौहान कार्यालय सचिव चुने गए। संजय कुमार मेहरा को सर्वसम्मति से प्रवक्ता चुना गया। स्क्रीनिंग कमेटी में अनिल भारद्वाज, मनोज कुमार, राजेश यादव, धर्मेंद्र कौशिक को शामिल किया गया है। चुने गए सभी पदाधिकारियों को एसोसिशन के सदस्यों ने मिठाई खिलाकर बधाई दी।

## एमडी ने पदभार ग्रहण किया

**गुरुग्राम।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक के रूप में अमित खत्री ने बुधवार को पदभार ग्रहण किया। निदेशक नीरज आहूजा, मुख्य अभियंता नवीन कुमार वर्मा, अनिल शर्मा, अधीक्षण अभियंता एमएल रोहिल्ला, पीके चौहान, मनोज यादव, जयदीप फोगाट एवं अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

पदभार ग्रहण करते ही उन्होंने कहा कि भविष्य को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाई जायेंगी। सभी उपभोक्ताओं और आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जायेंगी। 1987 में दिल्ली में जन्में अमित खत्री ने 2008 में दिल्ली यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफइंजीनियरिंग से कंप्यूटर इंजीनियरिंग में बीटेक डिग्री प्राप्त की।

## एग्रीबिड ने किसानों को भारत के राष्ट्रीय बाजार तक पहुंचने में मदद के लिए *FPO* प्लेटफॉर्म लॉन्च किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**एग्रीबिड** प्राइवेट लिमिटेड, भारत में स्थापित एक एग्रीटेक कंपनी है , जो 300 से अधिक ***FPO*** के साथ मिलकर काम करने के लिए अपनी तरह का पहला किसान उत्पादक संगठन (***FPO***) की पहल शुरू किया है, जिसे %एग्रीबिड- एफपीओ के नाम से भी जाना जाता है और दूरदराज के किसानों को ग्रामीण इलाके तक एक गहरी पहुंच के लिए राष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचने में सक्षम बनाती है और अपने उत्पादों को उनके इस ऑनलाइन प्लेटफार्म पर बेचने के लिए सेवा प्रदान करती है । इस दिशा में उनके अथक प्रयासों के माध्यम से, एग्रीबिड अब 300 से अधिक ***FPO*** (किसान उत्पादक संगठनों) के साथ मिलकर काम कर रहा है, जिससे उन्हें हर छोटे और सीमांत किसान के घर तक एक गहरी ग्रामीण पहुँच बनाने में मदद मिल रही है। एग्रीबिड-***FPO*** पहल दूर-दराज के किसानों को अपने प्लेटफार्म पर ***FPO*** की मदद से अपनी वस्तुओं को ऑनलाइन बेचने के लिए राष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचने में सक्षम बनाएगी। हाल ही में विकसित यह पहल, एक स्टार्ट-अप के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है और वे इस सहयोग का लाभ उठाने के लिए हर जगह पर अपनी





क्षमता का निर्माण करना चाहते हैं। भारत का कृषि क्षेत्र, जिसकी कीमत 370 बिलियन अमेरिकी डॉलर है, 40त्न से अधिक आबादी के लिए आय का प्राथमिक स्रोत बना हुआ है और राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद (वित्त वर्ष 2021) में 19.9त्न का योगदान देता है। इन योगदानों के बावजूद, ढांचागत कमजोरियाँ विकास और उत्पादकता को लगातार बाधित कर रही हैं। 2021 में, एग्रीबिड प्राइवेट लिमिटेड ने बाजार में प्रवेश किया ताकि इन चुनौतियों का समाधान, किसानों की आय में सुधार और उन्हें सबल सुधारों के लिए नवीनतम तकनीक से व्यापक सहायता प्राप्त, पारदर्शी बाजार प्रदान किया जा सके।

भारत में संचालन द्वारा कंपनी कृषि-वस्तुओं की बिक्री और खरीद में विशेषज्ञता के साथ अपने किसान-अनुकूल ***BwB*** डिजिटल बाजार का तेजी से विस्तार कर रही है, जिसमें किसानों से लेकर व्यापारियों, कॉर्पोरेट उपभोक्ताओं और वैश्विक खरीदारों तक शामिल हैं। एग्रीबिड प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मनोज सुवर्णा सह-संस्थापक ने कहा-एग्रीबिड का मॉडल दूसरों से अलग है और इसका उद्देश्य एक समावेशी प्रणाली के रूप में प्रदर्शन करना है, जहां मूल्य श्रृंखला का प्रत्येक भागीदार भाग ले सकता है और प्रतिस्पर्धी, बोली प्रक्रिया के माध्यम से बेहतर मूल्य खोज में सहायता कर सकता है जो बेहतर लागत वसूली में मदद करता है। एग्रीबिड-***FPO*** पहल सबसे दूरस्थ किसानों को राष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच प्रदान करेगी, जिससे उन्हें प्लेटफॉर्म पर ***FPO*** की मदद से अपनी वस्तुओं को ऑनलाइन बेचने की अनुमति मिलेगी। स्टार्टअप के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण है, और हम देश के हर कोने में अपनी क्षमता का निर्माण करना चाहते हैं। प्लेटफार्म पर बड़ी संख्या में किसानों को आकर्षित करने के अलावा, कृषि जिंसों की खरीद और निपटान के लिए एग्रीटेक कंपनी नेटवर्किंग के साथ-साथ बैंकों, सरकारी संस्थानों और निजी संस्थाओं सहित बड़े संस्थागत खरीदारों और विक्रेताओं तक पहुंच भी बना रही है। मनोज सुवर्णा ने कहा- एग्रीबिड का उद्देश्य एक एग्रीटच कंपनी बनना है, जो हमारे देश के अन्नदाता के जीवन को विकसित और सुधार कर उन्हें वैश्विक मानचित्र पर लाना है।

## सड़क किनारे सोते बेसहारा दो लोगों को रैन बसेरा भेजा



मंगलवार की रात सोहना के अंबेडकर बाईपास चौक पर सड़क किनारे सो रहे दो बेसहारा व्यक्तियों को रैन बसेरा में ले जाते कर्मचारी।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद के कार्यकारी अधिकारी ने शहर में मंगलवार की रात अंबेडकर चौक पर सड़क किनारे सो रहे दो बेसहारा लोगों को रैन बसेरा पहुंचाया। एसडीएम की टीम ने शहर से बाहर जाने वाली सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर बेसहाराओं को तलाश किया।

मंगलवार को नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी ने अपने साथ कर्मचारियों को लेकर शहर के आम रास्तों से लेकर चौक-चौराहे, सार्वजनिक स्थल, सामान्य बस स्टैंड, देवीलाल खेल स्टेडियम समेत कोर्ट परिसर के आस पास बेसहाराओं को तलाशा। आखिर अबेडकर बाईपास चौक से पलवल जाने वाले मार्ग के किनारे चौक पर जमीन पर बिस्तर

### नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी ने मध्यरात्रि किया सोहना का दौरा

लगाकर सो रहे दो बेसहाराओं को जगाया। जिनकी उम्र 45 व 62 वर्ष के लगभग थी।

दोनों ही व्यक्ति शराब के नशा में धुत थे। जिन्हें मौके पर पुलिस को बुलवाकर अपने वाहन से शहर की अग्रवाल धर्मशाला में बना रैन बसेरा में पहुंचाया। कार्यकारी अधिकारी ने अतर सिंह खंगवाल ने बताया कि उनकी टीम हर रात शहर में बेसहाराओं की तलाश करेगी। ताकि उन्हें सर्दी से बचाव के लिए रैन बसेरा में रात काटने की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

## समिति चेयरपर्सन का चुनाव तीसरी बार हुआ स्थगित, एसडीएम नहीं पहुंचे

### चेयरपर्सन की दावेदार समिति सदस्य आशा ने विधायक पर चुनाव न होने देने का आरोप लगाया

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



बुधवार को सोहना के बीडीपीओ कार्यालय में ब्लॉक समिति चेयरपर्सन का चुनाव तीसरी बार स्थगित होने पर आगामी योजना बनाते सदस्य आशा व उसके समर्थक।

**सोहना** ब्लॉक समिति सदस्य का चेयरपर्सन का चुनाव तीसरी बार स्थगित हुआ। चुनाव कराने के लिए एसडीएम के न पहुंचने पर स्थगित किया। जिनका तीन दिन पहले तबादला हो गया। वहीं चेयरपर्सन की दावेदार समिति सदस्य आशा ने विधायक पर चुनाव न होने देने का आरोप लगाया है।

बुधवार को होने वाला ब्लॉक समिति चेयरपर्सन का चुनाव एक बार फिर से स्थगित हो गया। इससे पहले 22 और 28 दिसम्बर को भी यह चुनाव स्थगित हो गया था। चेयरपर्सन के लिए दो महिला दावेदारों में से वार्ड-13 की सदस्य आशा ही अपने 7 समर्थको के साथ बीडीपीओ कार्यालय में चुनाव समय पर पहुंच गई। लेकिन चुनाव एसडीएम की अध्यक्षता में होना था। जबकि 14 में से 6 सदस्य आज भी बीडीपीओ कार्यालय में चुनाव में शामिल होने के लिए नहीं पहुंचे। सोहना एसडीएम जितेन्द्र गर्ग का एक जनवरी को तबादला हो जाने के कारण आज चुनाव के लिए नहीं पहुंचे। जिसके कारण चुनाव को तीसरी बार स्थगित करना पड़ा। चुनाव की अगली तारीख क्या होगी। अभी तक प्रशासनिक अधिकारियों की तरफ से इसकी कोई तिथि घोषित नहीं की गई है। नये एसडीएम प्रदीप कुमार के पदभार संभालने के बाद ही चुनाव की नई तिथि तय होने की संभावना है।

**एसडीएम के न पहुंचने पर भारी रोष :** बीडीपीओ कार्यालय में चुनाव के लिए पहुंची वार्ड 13 की सदस्य आशा और उसके समर्थक 7 सदस्य तथा अन्य ग्रामीणों में चुनाव कराने के लिए एसडीएम के न पहुंचने पर 12 बजे भारी रोष जताया। आशा के समर्थक चुनाव बार-बार स्थगित होने से निराश नजर आए। आशा ने सोहना विधायक संजय सिंह पर चुनाव प्रक्रिया में राजनीति करने का आरोप लगाया है। आशा ने कहा कि विधायक संजय सिंह दूसरे गुट का समर्थन करने और दूसरे गुट का बहुमत न होने के कारण बार-बार चुनाव को स्थगित किया जा रहा है।

**उपायुक्त से कर सकते हैं मुलाकात :** जानकार सूत्रों के अनुसार ब्लॉक समिति चेयरपर्सन की दोवदार वार्ड-13 की समिति सदस्य आशा व उसके समर्थक चुनाव प्रक्रिया में लग रही बार-बार तारीख पर तारीख को लेकर जिला उपायुक्त निशांत यादव से मुलाकात कर सकते हैं। आशा व उसके समर्थक एक दो दिन में उपायुक्त से मिलकर चुनाव प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरी कराने की मांग की जाएगी।

# स्मार्ट सिटी : नगर निगम की नाक के नीचे बह रहा सीवर का पानी


बीके अस्पताल की दीवार के निकट बहता पानी।


मेट्रो मोड पर भरा सीवरेज का पानी।


नगर निगम के निकट अधूरे नाले से ओवर फ्लो होता पानी।

कविता। फरीदाबाद

**शहर** को स्मार्ट सिटी का दर्जा भले ही मिल चुका है, लेकिन नगर निगम आज भी स्वच्छता के नाम पर सिर्फ कागजी काम कर रहा है। निगम अधिकारियों को अपने दफ्तर के निकट हो रहे सीवर ओवर फ्लों से भी कोई लेना देना नहीं है।

ऐसा ही निगम कार्यालय के आसपास बुधवार को देखने को मिला। निगम कार्यालय के सामने और उसके साथ ही बीके चौक से मेट्रो मोड़ तक सीवरेज ओवरफ्लों की समस्या दिखाई दी। जिससे वाहन चालक और राहगीर परेशान रहे। लेकिन निगम अधिकारी इससे बेखबर नजर आ रहे थे। हाल यह था कि सीवर ओवरफ्लों के कारण निगम के सामने बीके अस्पताल की दीवार के निकट पानी भर गया। जिसकी जानकारी पीएमओ दफ्तर द्वारा नगर निगम को दी गई। लेकिन दोपहर बाद भी ओवरफ्लों की समस्या ज्यो की त्यो बनी रही।

## निगम की लापरवाही से बीके अस्पताल से मेट्रो मोड़ तक पहुंचा गंदा पानी

**बीके में बह रहा पानी :** बादशाह खान सिविल अस्पताल में भी सीवरेज ओवरफ्लो हो रहा है। वहीं दूसरी तरफ यहां बनी कोरोना सैम्पल टैस्टिंग लैब के पीछे से दीवार के पास पानी बह रहा है। वहीं नगर निगम के सीवरेज ओवरफ्लो होकर यहां बने नालो से बाहर पानी बहने लगा। ऐसे में बीके अस्पताल के बाहर बनी नाली भर गई। जिससे यहां लोगों को भारी परेशानियां हो रही थी।

**काफी हुई परेशानी :** शहर में जगह-जगह नालों का निर्माण करवाया गया है। लेकिन कई नालों को कुछ स्थानों पर अधूरा छोड़ दिया गया है।

बीके चौक से नगर निगम की दीवार के निकट से होते हुए मेट्रो मोड तक बने नाले का काम वर्षों से अधूरा है। बुधवार को इस नाले में ओवरफ्लो की समस्या हो गई। नाला ओवरफ्लो होने से गंदा पानी सड़क पर बहने की समस्या हो गई। मेट्रो मोड पर भरे गंदे पानी से वाहन चालकों का निकलना दुर्भर हो गया।

**निगम से शिकायत :** पीएमओ डॉ. सविता यादव को जब अस्पताल की दीवार के बाहर पानी भरने की शिकायत मिली तो उन्होंने तुरंत नगर निगम को शिकायत करने के लिए कहा। जिसमें निगम अधिकारियों को पानी ओवरफ्लो होकर बीके अस्पताल की दीवार को नुकसान पहुंचने की शिकायत दी गई। लेकिन दोपहर बाद भी पानी ओवरफ्लों की समस्या ज्यों की त्यों बनी रही।

# सीएम कल करेंगे एफएमडीए की तीन सड़क और अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन

## डबुआ कॉलोनी के अंडर ग्राउंड टैंक में एफएमडीए ने वाटर जलापूर्ति आज शुरू की

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


एफएमडीए कार्यालय में अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधीर राजपाल।

**फरीदाबाद** महानगर विकास प्राधिकरण (एफएमडीए) की 26वीं कोर प्लानिंग सेल बैठक की अध्यक्षता एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधीर राजपाल ने की। इस बैठक में प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। छह जनवरी को हरियाणा के मुख्यमंत्री द्वारा एफएमडीए की तीन सड़क बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया जाएगा।

एफएमडीए द्वारा सेक्टर 11/12 (कोर्ट रोड), सेक्टर 15/16 और वाईएमसीए रोड के कुल 5 किलोमीटर मुख्य कैरिजवे का उन्नयन कार्य पूरा कर लिया गया है। इन चार लेन की सीमेंट कंक्रीट सड़कों से निवासियों को बेहतर राइडरशिप की गुणवत्ता मिलेगी। इन सड़कों पर फुटपाथ, साइकिल ट्रैक और ड्रेनेज नेटवर्क बिछाने का काम चल रहा है। कुल कार्य लगभग 34 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है।

एनआईटी निर्वाचन क्षेत्र के विधायक नीरज शर्मा भी अपने क्षेत्र से संबंधित जल आपूर्ति के मुद्दों पर चर्चा के लिए सीपीसी बैठक में शामिल हुए। एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने निर्देश दिया कि डबुआ कॉलोनी और आसपास के क्षेत्र के करीब 35,000 से अधिक निवासियों को बढ़ी हुई और निर्बाध पानी की आपूर्ति के लिए सूर्य देवता बूस्टिंग स्टेशन जहां एफएमडीए पानी की पाइप लाइन को 20 लाख लीटर भूमिगत टैंक से जोड़ा गया है, तत्काल आधार पर चालू किया जाए। एफएमडीए के सीईओ के निर्देशानुसार, सूर्य देवता के यूजीटी में एफएमडीए टीम द्वारा पानी की आपूर्ति शुरू कर दी गई है।

विधायक ने भी रेखांकित किया कि आयशर चौक से प्याली चौक तक सड़क की विशेष मरम्मत की आवश्यकता है और इन्फ्रा एक डिवीजन ने कहा कि इस कार्य का अनुमान प्रक्रियाधीन है। एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को मुद्दों का समाधान करने और नीरज शर्मा द्वारा उठाई गई शिकायतों के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

विधायक नरेंद्र गुप्ता भी जल आपूर्ति से संबंधित मामलों पर चर्चा करने के लिए सीपीसी बैठक में शामिल हुए। उन्होंने इच्छा व्यक्त की कि एफएमडीए के कनेक्शनों को कितना जल आपूर्ति की जा रही है, इसका रोस्टर बनाया जाए, यूजीटी क्षेत्रों का सौन्दर्यीकरण किया जाए, स्मार्ट सिटी द्वारा प्रवाह मीटर स्थापित करने का कार्य तेज किया जाना चाहिए और सेक्टर 15ए बूस्टर स्टेशन पर खराब पड़ी मशीनरी को स्मार्ट सिटी डिवीजन द्वारा प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए। एफएमडीए के सीईओ ने निर्देश दिया कि जल वितरण की बेहतर निगरानी के लिए एफएमडीए से मिलने वाले पानी के दैनिक वितरण का डेटा एफएमडीए की वेबसाइट पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराया जाए ताकि नागरिकों को उपलब्ध कराए जा रहे जल आपूर्ति की मात्रा के बारे में जागरूक किया जा सके। एफएमडीए द्वारा बनाए जा रहे सभी मुख्य बूस्टिंग स्टेशनों और मध्यवर्ती बूस्टिंग स्टेशनों में संबंधित क्षेत्रों में दैनिक जल आपूर्ति की निगरानी के लिए विभिन्न सहायक बूस्टिंग स्टेशनों/क्षेत्र में पानी की आपूर्ति के लिए रोस्टर होना चाहिए। एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने जलापूर्ति पाइपलाइनों 1 और 2, 3 और 4, 4 और 5 को आपस में जोड़ने के कार्य में तेजी लाने को कहा जिस से आपातकालीन स्थितियों के दौरान निर्बाध पानी सुनिश्चित की जा सके। सभी मुख्य और मध्यवर्ती बूस्टर स्टेशनों को एक दिन में भूमिगत टैंकों की क्षमता से तीन गुना पानी प्रदान किया जाना चाहिए। इस उद्देश्य के लिए, पूर्ण क्षमता पर टैंकों के उपयोग के लिए पर्याप्त पानी का निर्माण किया जाना चाहिए। रेनीवैल की स्थापना के दूसरे चरण में चार नं. मोटुका और मंझावली क्षेत्र के बीच रेनीवैल में तेजी लाई जाएगी।

# संदिग्ध हालत में मौत, एक्सपाइरी डेट की दवा देने का आरोप




पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**संजय** कालोनी स्थित एक मेडिकल स्टोर पर दवा लेने आए एक व्यक्ति की रहस्यमय हालत में मौत हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने एक्सपाइरी डेट की दवा खिलाने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर बीके अस्पताल भेज दिया। पुलिस का कहना है कि दवा लेने से पहले की उसकी मौत हो गई थी।

संजय कालोनी चौकी में तैनात हवलदार संदीप ने बताया कि उत्तरप्रदेश के एटा जिले का रहने वाला संतोष पिछले काफी समय से संजय कालोनी में किराये पर रह रहा था। बुधवार को तबीयत खराब हेने पर उसने संजय कालोनी की 33 फीट रोड पर मौजूद प्यारी मेडिकल स्टोर पर पहुंचा और दो ओआरएस के पाउच मांगे। उसने बताया कि गले में खुशकी हो रही है। पैसे लेकर दुकानदार ने जैसे ही पाउच निकाले, उससे पहले ही संतोष जमीन पर गिर गया। जांच करने पर पता चला कि उसकी मौत हो गई। जिसकी सूचना उन्हें मिली, तो वह मौके पर पहुंचे और छानबीन की। उसके पास से कुछ कागज मिले, जिसके आधार पर परिजनों को सूचना दी। परिजन घर से निकल चुके है। परिजनों के आने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। फिलहाल संतोष का शव पोस्टमार्टम के लिए बीके अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है।

वहीं दूसरी तरफ मेडिकल स्टोर के संचालक राजकुमार ने बताया कि डेढ़ बजे व्यक्ति आया और उसने 50 रुपये देकर दो ओआरएस के पाउच मांगे। पैसे देकर वह नीचे बैठा और गिर गया। उन्होंने बताया कि वह पिछले 26 सालों से मेडिकल स्टोर चला रहे हैं। इस व्यक्ति को पहले कभी नहीं देखा। घटना की सूचना उन्होंने तुरंत पुलिस को दी थी।

# नशा तस्करी और जुआ में 4817 लोगों को पुलिस ने बीते वर्ष किया नामजद

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के निर्देश पर क्राइम डिटेक्शन के मामले में फरीदाबाद पुलिस ने बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। पुलिस ने नशा तस्करी, अवैध हथियार, जुए तथा शराब तस्करी के मामलों में वर्ष 2021 के मुकाबले 2022 में 67 फीसदी अधिक मामले दर्ज करके अपराध तथा अपराधियों पर लगाम कसने का कार्य किया है।

क्राइम डिटेक्शन के मामले में पुलिस मुख्यत: अवैध शराब, जुआ, अवैध शराब तथा अवैध हथियार की तस्करी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करती है। अवैध हथियार रखने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करके पुलिस समाज में घटित होने वाले हिंसक अपराधों पर रोक लगाती है। जुआ खेलने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया जाता है ताकि समाज सट्टे के चंगुल से आने से बच सके। अवैध शराब तथा अवैध नशा समाज को खोखला कर देता है। इसलिए पुलिस लगातार प्रयास करती है कि अवैध नशा तस्करी करने वाले आरोपियों की धरपकड़ की जाए ताकि समाज को इस बुराई से बचाया जा सके। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आंकड़ों पर गौर किया जाए तो वर्ष 2021 में अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ 403 मुकदमे दर्ज किए गए थे वहीं 2022 में उक्त आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 634 मुकदमें दर्ज किए गए जोकि पिछले वर्ष के मुकाबले 57 फीसद अधिक है। इन मुकदमों में 670 आरोपियों को गिरफ्तार कर 649 अवैध हथियार एवं 363 कारतूस बरामद कर जेल भेजा गया। फरीदाबाद पुलिस नशे पर अंकुश लगाने में भी पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष अधिक सफल रही है। वर्ष 2021 के 243 मुकदमों के मुकाबले 2022 में फरीदाबाद पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत 362 मुकदमे दर्ज किए जो पहले से 49त्न ज्यादा हैं। उक्त 362 मुकदमों में पुलिस ने 409 आरोपियो को गिरफ्तार कर उनसे 553 किलोग्राम गांजा, 576 किलोग्राम भांग कैंडी, 1.215 किलोग्राम चरस, 7.5 किलोग्राम चुरा पोस्त, 793 ग्राम समैक, 5701 इंजेक्शन, 400 कैप्सूल इत्यादि नशीले पदार्थ बरामद किया है।

# शातिर वाहन चोर से दस बाइक बरामद

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीसीपी** क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक मामलो में शामिल आरोपियों की धर पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 प्रभारी सुन्दर सिंह की टीम ने एक शातिर वाहन चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम सपात है आरोपी मूल रुप से राजस्थान के भरतपुर जिले के गांव बिराल का रहने वाला है। आरोपी करीब 10 वर्ष पहले फरीदाबाद में रिक्शा चलाने का काम करता था। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से गांव फहतेपुर के एरिया से चोरी की मोटरसाइकिल सहित काबू किया है। आरोपी से पूछताछ में 10 वारदातों का खुलासा हुआ। मामलो में पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया ।


वाहन चोरी के आरोप में गिरफ्तार सपात।


आरोपी से पूछताछ में शहर बल्लभगढ़ और एनआईटी के 2-2 मुकदमों का तथा थाना खेडीपुल, सेक्टर-17, ओल्ड,एसजीएम नगर,आदर्श नगर और मुजेसर के 1-1 मुकदमे का खुलासा कर 10 मोटरसाइकिल बरामद की गई है। आरोपी ने 7 वारदातो को वर्ष-2022 में. 2 वारदातों को वर्ष 2021 में तथा एक वारदात को 2019 में अंजाम दिया है। आरोपी ने पूर्व में भी फरीदाबाद में 6 चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है। जिन में आरोपी जेल जा चुका है। आरोपी वर्तमान में कामा के चोरी के मामलों में जेल में बन्द था। जो अदालत से जमानत पर है। आरोपी ने कामा में भी 4 शराब तस्करी, चोरी, लडाई-झगडे और अवैध हथियार की वारदातों को अंजाम दे रखा है। आरोपी चोरी की वारदातों को अधिकतर मार्किट, सब्जी मंडी और भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर अंजाम देता है। आरोपी को पूछताछ के बाद पेश कर जेल भेजा गया।

# बी. वॉक करने वालों को सरकार ने दी बड़ी सौगात

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

## तीन वर्षीय ग्रेजुएट डिग्री के बराबर मिलेगी सरकारी नौकरियों में मान्यता

## हरियाणा सरकार के इस फैसले से होगा उच्च स्तर पर व्यवसायिक शिक्षा का विस्तार: राज नेहरू


कुलपति राज नेहरू

**हरियाणा** सरकार ने बैचलर ऑफ वोकेशनल (बी. वॉक) को सरकारी नौकरियों के लिए अन्य तीन वर्षीय ग्रेजुएट डिग्री के बराबर मान्यता देने की घोषणा की है। व्यवसायिक शिक्षा के लिए यह नए साल की बड़ी सौगात है। सरकार के मानव संसाधन विभाग ने इस संबंध में हरियाणा लोक सेवा आयोग व हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग सहित सभी विभागों को पत्र जारी कर दिया है।

श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्व विद्यालय के कुलपति राज नेहरू ने प्रदेश सरकार के इस फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह उच्च स्तर पर व्यवसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एतिहासिक कदम साबित होगा। कुलपति राज नेहरू ने कहा कि बी. वॉक को यह दर्जा दिलाने के लिए श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय कई वर्षों से पुरजोर प्रयास कर रहा था। इसी का परिणाम है कि अब बी. वॉक को यह दर्जा प्राप्त हुआ है। हरियाणा सरकार की यह नीति व्यवसायिक शिक्षा के क्षेत्र में शानदार कदम साबित होगी। इससे बी. वॉक कर रहे विद्यार्थियों के लिए नया मार्ग प्रशस्त होगा। राज नेहरू ने कहा कि इससे हरियाणा में वोकेशनल एजुकेशन के प्रति अच्छा वातावरण बनेगा। इस पहल के लिए उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार जताया। बी. वॉक को अन्य ग्रेजुएट कोर्स के समकक्ष बनाए जाने पर उद्योग जगत में भी उत्साह है। इन कोर्स को चलाने में श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के साथ भागीदार औद्योगिक संस्थानों ने भी हरियाणा सरकार और विश्वविद्यालय के प्रति आभार ज्ञापित किया है। इससे बी. वॉक करने वालों को इंडस्ट्री में भी अधिक वरीयता मिलेगी। श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय प्रदेश में व्यवसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बी. वॉक और एम. वॉक कोर्स चला रहा है। राज नेहरू ने कहा कि वोकेशनल डिग्रियों को सरकारी नौकरियों में अन्य डिग्रियों के समान मान्यता दिलाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे थे। हरियाणा उच्चतर शिक्षा परिषद व विवि अनुदान आयोग की संस्तुति पर हरियाणा सरकार ने बी. वॉक को अन्य स्नातकीय कोर्स के बराबर मान्यता दे दी है। सरकार के मानव संसाधन विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार सरकारी नौकरियों में आवेदन के लिए अब बी. वॉक अन्य स्नातकीय डिग्री के समकक्ष होगी। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने उद्योग की जरूरतों के अनुसार बी.वॉक में कई अनूठे प्रयोग किए हैं। इस समय विश्वविद्यालय 10 विषयों में बी. वॉक कोर्स करवा रहा है। कुलपति राज नेहरू ने बताया कि श्रीविश्वकर्मा कौशल विवि ने बी. वॉक कोर्सों को स्किल के साथ जोड़ा है। मेकेनिकल मैन्युफैक्चरिंग, मेडिकल लेबोरेट्री टेक्नोलोजी, प्रोडक्शन टूल एंड डाई मैन्युफैक्चरिंग, मेकेट्रोनिक्स, सोलर टेक्नोलोजी, रोबोटिक्स एंड ऑटोमेशन जैसे तकनीकी क्षेत्रों के साथ-साथ प्रबंधन करवाए जा रहे हैं।

# भाई से कहासुनी होने पर किशोर नहर में कूदा



**फरीदाबाद।** थाना खेड़ी पुल एरिया में बुधवार को एक किशोर ने बड़े भाई से कहासुनी होने पर आगरा नहर में छलांग लगा दी। जिसे देखकर राहगीरों की भीड़ जुट गई और जानकारी मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर फायर ब्रिगेड विभाग को सूचना दी। फायर कर्मियों ने मौके पर पहुंच कर 15 साल के किशोर की तलाश शुरू कर दी। लेकिन समाचार लिखे जाने तक उसका पता नहीं चल पाया है।

कच्चा खेड़ी रोड पर रहने वाले एक किशोर की अपने भाई से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। कहासुनी इस कदर बढ़ गई कि किशोर ने घर से निकलने की धमकी दी। वह घर से निकल गया। लेकिन बड़ा भाई उसके गुस्से के बारे में जानता था। इससे की वह भी उसके पीछे-पीछे दौड़ लिया। पुल पर पहुंचने के बाद किशोर ने अपने पीछे भाई को आते देखा। वह उसे देखते ही पुल से नहर में कूद गया। हालांकि मौके पर मौजूद एक युवक ने उसे नहर से निकालने का प्रयास किया, परंतु वह असफल रहा।

# संक्षिप्त समाचार

## तीसरे दिन भी जारी रहा धरना प्रदर्शन



**फरीदाबाद।** हसला फरीदाबाद के तत्वावधान में जिला प्रधान संदीप चौहान के नेतृत्व में लगातार तीसरे दिन प्रवक्ता वर्ग ने डीईओ ऑफिस फरीदाबाद में पीपीपी जैसे गैर शैक्षणिक कार्यों और शीतकालीन अवकाश के दौरान अतिरिक्त कक्षाओं के संचालन के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। इस धरने प्रदर्शन में खंड फरीदाबाद के ब्लॉक प्रधान डा. कुलदीप सिंह, जिला कार्यकारिणी के सदस्य नंदकिशोर, ज्ञानचंद, पवन गुप्ता सहित लगभग पचास प्रवक्ताओं ने भाग लिया। धरने में हजरस के महासचिव प्रेम चौहान एवं हसला फरीदाबाद के पूर्व जिला प्रधान शिव कल्याण दलाल भी उपस्थित रहे। सभी शिक्षक वर्ग में शिक्षा विभाग की मनमानी नीतियों और हठधर्मिता के विरुद्ध भारी रोष है। यह धरना निरंतर 11 दिन चलेगा।

## छुट्टियों में अध्यापकों को स्कूल बुलाने का मंच ने किया विरोध

**फरीदाबाद।** हरियाणा अभिभावक एकता मंच ने शिक्षा विभाग द्वारा शीतकालीन अवकाश के दौरान छात्रों और अध्यापकों को स्कूल बुलाए जाने का विरोध किया है। मंच ने मुख्यमंत्री शिक्षा मंत्री से मांग की है कि शिक्षा विभाग के इस आदेश को तुरंत वापस कराया जाए। मंच के प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा व प्रदेश संरक्षक सुभाष लांबा ने कहा है कि सभी स्कूलों में प्रति वर्ष 1 से 15 जनवरी तक सर्दी की छुट्टियां होती हैं। यह छुट्टियां कड़ाके की सर्दी व धुंध को देखते हुए छात्र व अध्यापकों के हित में की जाती हैं। सरकार ने इस बार इन छुट्टियों में 10वीं और 12वीं की कक्षाएं लगाए जाने का पत्र जारी किया गया है। जिसके फलस्वरूप 10वीं और 12वीं के विद्यार्थी व इनको पढ़ाने वाले अध्यापक इस भयंकर सर्दी में स्कूल जा रहे हैं। जिससे उन्हें काफी परेशानी हो रही है और वे बीमार हो रहे हैं। सरकार का कहना है कि बोर्ड परीक्षाओं में छात्रों का परीक्षा परिणाम बेहतर करने के लिए ऐसा किया गया है। इस पर मंच का कहना है कि जब 10वीं 12वीं के बच्चों को ऑनलाइन पढ़ाई कराने के लिए टेबलेट दिया गया है और अध्यापक घर में रहकर इस पर पढ़ाई कराने को तैयार हैं तो फिर क्यों छात्र व अध्यापकों को स्कूल जाने को मजबूर किया जा रहा है। सरकार तुरंत इस आदेश को वापस ले। मंच का कहना है कि सरकार को अगर बोर्ड परीक्षाओं का परीक्षा परिणाम बेहतर करना है तो अध्यापकों को गैर शैक्षणिक कार्यों में ड्यूटी पर न लगाया जाए। एक तो वैसे ही स्कूलों में अध्यापकों की कमी है दूसरा उनको गैर शैक्षणिक कार्यों में लगाया जाता है, स्कूलों के अंदर भी कागजी कार्यवाहियों में उलझा कर रखा जाता है। इससे भी बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। मंच की मांग है कि स्कूल के अध्यापकों को किसी भी प्रकार के गैर शैक्षणिक कार्यो पर न लगाया जाए।

## पुलिस ने तस्कर से 1.240 किलोग्राम गांजा बरामद किया

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक गतिविधियों में शामिल आरोपियो की धरपकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी नरेन्द्र की टीम ने गांजा तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम हरपाल है आरोपी बल्लभगढ़ के गांव मच्छगर का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना सदर के एरिया आईएमटी मचछगर से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से गांजा बरामद हुआ है। जिसका वजन 1.240 किलोग्राम है। आरोपी के खिलाफ थाना सदर में अवैध नशा तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गाया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पहले भी नशा तस्करी के मामले में जेल जा चुका है। आरोपी गांजा को पैसे के लालच में आकर बेचने का काम करता है। आरोपी पलवल किसी व्यक्ति से गांजा खरीद कर लाता है और फरीदाबाद में स्पलाई करता है। आरोपी को पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर 1 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## नवजात बच्ची को मरने के लिए फेंका, शव बरामद

**बल्लभगढ़।** खाली प्लाट में एक बच्ची को कपड़े में लपेट कर किसी ने मरने के लिए फैंक दिया। जब आवारा कुत्तों बच्ची के शव को खींचते देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बीके सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। यह है पूरा मामला: पुलिस कर्मी अनिल ने बताया कि उन्हें कंट्रोल रूम से रात नौ बजे सूचना मिली कि विष्णु कालोनी की गली नम्बर आठ में नवजात का शव पड़ा है और कुत्ते नोंच रहे हैं। लोगों ने किसी तरह नवजात के शव को कुत्तों से बचाया है। वह विष्णु कालोनी में पहुंचे तो वहां एक खाली प्लाट में एक नवजात शिशु का शव कपड़े में लिपटा हुआ पड़ा था। जांच करने पर पता चला कि बच्ची की मौत हो चुकी है। आसपास पूछताछ पर बच्ची के बारे में कोई कुछ नहीं बता पाया। बच्ची को देखकर लगा कि पैदा होते ही उसे वहां फेंक दिया गया है। उन्होंने कहा कि रात को 11 बजे उन्होंने शव को बीके सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। फिलहाल अज्ञात के खिलाफ नवजात शिशु को मरने के लिए फेंकने तथा अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। वहीं सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है। लेकिन अभी कोई सुराग नहीं मिला है।

## उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की बैठक का आयोजन

**फरीदाबाद।** बुधवार को उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम (कॉरपोरेट लेवल) के चेयरमैन राजकुमार जाजोरिया ने की। इस दौरान रीडिंग और मीटर में गड़बड़ी की 9 शिकायतें लेकर उपभोक्ता पहुंचे। जानकारी के मुताबिक सेक्टर-23 स्थित बिजली निगम दफ्तर में बिजली से संबंधित शिकायतों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। सुबह 11 बजे विजिलेंस एक्सईएन के ऑफिस में उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में फोरम के चेयरमैन राजकुमार जाजोरिया ने लोगों की समस्या को सुना। इस दौरान संबंधित सब-सबडिवीजन के एसडीओ भी मौजूद रहे। 9 शिकायतें पहुंची। जिसमें जिनमें से 7 शिकायतों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया, जबकि 2 मामलों के दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड करने के आदेश दिये गये हैं। सबसे ज्यादा मामले में बिल में गड़बड़ी के थे, चेयरमैन ने 7 शिकायतों का मौके पर ही निपटारा कर दिया। अगली बैठक का आयोजन 25 जनवरी को किया जाएगा। बैठक से पहले शिकायतकर्ताओं को ई-मेल के माध्यम से जानकारी दी जाएगी। बता दें कि सर्कल उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अधीक्षण अभियंता नरेश कक्कड़ ने की, लेकिन जानकारी न होने के कारण लोग नहीं पहुंचे। बैठक का आयोजन सुबह 12 बजे से किया गया था। दोपहर 2 बजे तक लोग शिकायत दे सकते थे। लोगों का कहना है कि यदि जानकारी पहले से दी जाए तो लोग समय पहुंचेंगे। मीटिंग वाले दिन जानकारी मिलने से लोग पहुंच नहीं पा रहे हैं। बिजली निगम को बैठक से पहले उपभोक्ताओं को जानकारी देनी चाहिए थी, लोगों की शिकायतों की सुनवाई के लिए एक दिन निर्धारित करने की आवश्यकता है, जिससे लोगों के पास सूचना पहुंच सके। वहीं बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता नरेश कक्कड़ ने बताया कि सुबह 12 बजे से दोपहर करीब 2 बजे तक शिकायतकर्ताओं का इंतजार करते रहे, लेकिन कोई नहीं पहुंचा। अगली बैठक का आयोजन मंगलवार को किया जाएगा।

## अवैध हथियार बेचने का एक आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेन्ट्रल की टीम ने अवैध हथियार बेचने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम जमील (55) है आरोपी पलवल के गांव कोट का रहने वाला है। आरोपी कारपेन्टर का काम करता है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से कैली गांव के पास से थाना सेक्टर-17 के अवैध हथियार बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

# अंजलि की मौत

## संकुचित राजनीति

**देश** की राजधानी में एक लड़की की दयनीय मृत्यु हो गई, पर सत्तारूढ़ पार्टी व विपक्ष इस पर 'संकुचित राजनीति' कर रही हैं। राष्ट्रीय राजधानी व वास्तव में पूरे देश को नए साल के पहले ही दिन सवेरे 20 वर्षीय इवेंट मैनेजर अंजलि सिंह की भयंकर मौत की दुःखद जानकारी मिली जिससे लोग स्तब्ध रह गए। अब तक हुई जांच से स्पष्ट है कि यह यौन उत्पीड़न व हत्या का मामला नहीं है, लेकिन इससे दुर्भाग्यपूर्ण मौत का शिकार लड़की के माता-पिता को कोई संतोष नहीं मिला क्योंकि उसे एक कार ने लगभग 13 किलोमीटर तक घसीटा जिससे उसकी अत्यन्त दर्दनाक मौत हुई। संभवतः यह 'हिट एंड रन' का मामला है। कार में पांच नौजवान थे जो संभवतः शराब के नशे में थे और उनको इस बात की चिन्ता नहीं थी कि जिस स्कूटी को उन्होंने टक्कर मारी उसकी सवार का क्या हुआ। दिल्ली पुलिस ने उनको गिरफ्तार कर मौत का कारण बनने वाले जघन्य अपराध, लापरवाही से गाड़ी चलाने तथा लापरवाही के कारण मौत के आरोप लगाए हैं। इस जघन्य कांड ने कई सवाल छोड़े हैं। पहला सवाल दिल्ली पुलिस की प्रतिक्रिया पर है। अधिकांश खबरों से स्पष्ट है कि पुलिस ने घटना पर प्रतिक्रिया करने में बहुत समय लगाया। दिल्ली पुलिस को इस बारे में काफी स्पष्टीकरण देने की जरूरत है। हालांकि, इस मामले में अंजलि की मित्र निधि की भूमिका बहुत खराब रही। निधि दुर्घटना के समय उसके साथ थी। उसने देखा होगा कि अंजलि का पैर कार में फंस गया, लेकिन वह न केवल दुर्घटना स्थल से भाग गई, बल्कि उसने किसी को इसकी सूचना भी नहीं दी। यह बहुत विचित्र बात है और निश्चित रूप से निधि ने मित्र की भूमिका नहीं निभाई।



हालांकि, पीड़िता से अपरिचित कुछ चश्मदीदों ने निधि से बेहतर भूमिका निभाई। यह सवाल परेशान करने वाला है कि आखिर निधि ने वहां से पलायन क्यों किया? यह भी विचारणीय विषय है कि आखिर कुछ लोगों के मन में यह धारणा कैसे बैठ गई है कि वे किसी को भी दुर्घटना का शिकार बनाने या 'हिट एंड रन' के बाद बच सकते हैं। क्या उनका सोचना है कि कानून के लंबे हाथ उन तक नहीं पहुंचेंगे? सवाल यह भी है कि आखिर उनका यह विश्वास क्यों पैदा होता है?

पुलिस, न्याय व्यवस्था तथा सरकार को जनता में यह विश्वास अवश्य मजबूत करना चाहिए कि कोई चाहे जितना अमीर या शक्तिशाली हो, वह कानून की शक्ति से ऊपर नहीं हो सकते हैं। इसके लिए एक दृढ़ संकल्प, समचित दृढ़ता तथा सरकार में बैठे जिम्मेदार लोगों की व्यापक सक्रियता की आवश्यकता है। लेकिन दुर्भाग्य से इस दुर्घटना व ऐसी ही अन्य घटनाओं या दुर्घटनाओं में संकुचित राजनीति व एक दूसरे पर दोषारोपण करने का खेल दिखता है। दिल्ली सरकार व आम आदमी पार्टी-आप उप-राज्यपाल पर दोषारोपण में ज्यादा दिलचस्पी ले रही है जिनके प्रति दिल्ली पुलिस कमिश्नर जवाबदेह हैं। वे केन्द्र सरकार पर भी आरोप लगा रहे हैं कि उसने दिल्ली को सुरक्षित बनाने के प्रयास नहीं किए। दूसरी ओर भाजपा नेता आप सरकार पर आरोप लगा रहे हैं कि उसने निगरानी के लिए जरूरी कैमरे उचित संख्या में नहीं लगाए हैं। राष्ट्रीय राजधानी में अनेक बहुचर्चित आपराधिक मामलों में ऐसा ही हुआ है, फिर चाहे वह श्रद्धा वाल्कर हत्या हो या अंजलि सिंह का मामला। कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। अगस्त में राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो की रिपोर्ट से खुलासा हुआ कि 2021 में दिल्ली में रोज दो नाबालिग लड़कियों से बलात्कार हुआ। इस कारण उसकी पहचान देश में महिलाओं के सर्वाधिक असुरक्षित महानगर के रूप में हो गई है। 2021 में महिला-विरोधी 13,892 अपराध हुए थे। ऐसे में नेताओं को परस्पर दोषारोपण के बजाय समस्या समाधान के लिए उचित कदम उठाने चाहिए।

# प्रतिभा पलायन रोके सरकार

सरकार को ऐसे कदम उठाने चाहिए जिनसे नागरिक स्वतंत्रताओं में बिना हस्तक्षेप के उच्च योग्यता वाले लोगों का पलायन रोका जा सके।



श्रेया गर्ग
(लेखिका, समाज व पर्यावरण विश्लेषक हैं)




**वर्तमान** स्थिति में यह सवाल महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्या भारतीय ज्यादा बेहतर अवसरों की तलाश में विदेश जा रहे हैं? सवाल यह भी है कि क्या हमें बुद्धिजीवियों के विदेश जाने की चिन्ता करनी चाहिए? इससे जुड़ा सवाल यह है कि ऐसे क्या तरीके हो सकते हैं जिनसे प्रवासियों की संख्या में समुचित कमी लाई जा सकती है? एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2021 में 1.6 लाख से अधिक भारतीयों ने अपनी नागरिकता छोड़ी, जबकि वर्ष 2022 में इनकी संख्या 1.8 लाख थी। अब तक पहली बार लगातार दो साल में सबसे बड़ी संख्या में लोगों ने विदेशी नागरिकता लेना व भारतीय नागरिकता छोड़ना पसंद किया है।

अतीत में अनेक सर्वेक्षणों व आंकलनों ने उन कारणों का पता लगाने का प्रयास किया है कि आखिर इतनी बड़ी संख्या में लोग भारत की नागरिकता क्यों छोड़ रहे हैं। इनमें जीवन का बेहतर स्तर, बेहतर वेतन, सामाजिक सुरक्षा, कर आतंकवाद, लाल फीताशाही तथा सम्मानित संस्थानों से बेहतर शिक्षा जैसे मुद्दे शामिल हैं। इसके साथ ही कुछ लोग संभवतः ज्यादा खुले समाजों में रहना चाहते हैं। इन कारणों के बारे में विचार करें तो कुछ चीजें स्पष्ट होती हैं। चिकित्सा, इंजीनियरिंग, अकादमिक, आदि क्षेत्रों में सफल अनेक व्यक्ति देश छोड़ना चाहते हैं और वे किसी अन्य देश के कुशल कामगार बल में शामिल होने की इच्छा से वहां जाते हैं। सवाल है कि क्या यह परिघटना भारत जैसे विकासशील देश के लिए ठीक है? निश्चित रूप से इसे ठीक नहीं कहा जा सकता है। ऐसे लोग भारतीय संसाधनों का प्रयोग कर ज्ञान प्राप्त करते हैं, भारतीय शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ते हैं, लेकिन बाद में वे किसी अन्य देश के सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी में योगदान करने लगते हैं।

'ग्लोबल वेल्थ माइग्रेशन रिव्यू' के आंकड़ों से पता चलता है कि भारतीय करोड़पति या उच्च योग्यता वाले लगभग 7,000 भारतीय हर साल 2020 से विदेश जा कर बस रहे हैं। भारत से जाकर विदेशों में बसने वाले इन लोगों में अधिकांश उच्च कौशल वाले डाक्टर, इंजीनियर, वित्त व अन्य पेशों से संबंधित हैं।

स्वतंत्रता के बाद वाले दशकों में लाखों भारतीय इसलिए विदेश चले गए कि वे गरीबी, असमानता, बेरोजगारी और राजनीतिक अस्थिरता से बचना चाहते थे। लेकिन वर्तमान युग में चीजें काफी बदल गई हैं। आजकल ज्यादातर प्रवासी व्यक्तिगत कारणों से विदेश जा रहे हैं। विदेशों में बसना आसान बनाने में अद्यतन तकनीकों की महत्वपूर्ण भूमिका है जिनसे लोग अपने प्रिय जनों की वित्तीय आवश्यकताओं की अच्छी तरह देखभाल कर सकते हैं। इसके साथ ही अब एक देश से दूसरे देश की यात्रा करना ज्यादा सहज और सस्ता हो गया है जिससे बहुत से लोगों के लिए विदेश जाना आसान हो गया है। अनेक विकसित देशों ने कुशल श्रमशक्ति प्राप्त करने के लिए अपनी आप्रवासन नीतियों में रियायतें दी हैं। इससे विकसित देशों की ओर लोगों का पलायन बहुत तेज हुआ है।

इसके पीछे अनेक अन्य कारण भी हैं, जैसे कोविड-19 वैश्विक महामारी, कम जनसंख्या तथा कम प्रजनन दर। इन तथा अनेक अन्य कारणों से कनाडा, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, जापान व यूरोपीय संघ-ईयू देशों में कुशल कामगारों की भारी कमी हो गई है। जापान और इटली 'जनसांख्यिकीय टाइम बम' हो गए हैं। इसका अर्थ है कि इन देशों में युवा व कुशल कामगारों की भारी कमी से जनजीवन अस्तव्यस्त होने का खतरा पैदा हो गया है। आने वाले वर्षों में जापान की जनसंख्या में 17 प्रतिशत कमी आने की आशंका है, यानी वहां 20.7 मिलियन लोग कम हो जाएंगे। इसी प्रकार इटली भी घटती जनसंख्या का शिकार है। इसकी जनसंख्या वर्तमान समय में 61 मिलियन है जिसके घट कर 28 मिलियन रह जाने की आशंका है।

विश्व बैंक आंकड़ों के अनुसार, विकसित देशों की एक और समस्या बुढ़ाती जनसंख्या है। इसके चलते इटली में 23 प्रतिशत की आयु 65 वर्ष से अधिक है। विकसित देशों में अनेक युवा बच्चे पैदा नहीं करना चाहते हैं। लगभग सभी विकसित देशों के नौजवानों में यही सोच बढ़ रही है। इससे पता चलता है कि अब उनकी उम्मीदें आप्रवासियों पर क्यों टिकी हैं। लेकिन यह स्थिति भारत के लिए चिन्ताजनक है।

ऐसे समय जब देश को कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, रक्षा, संचार व लाजिस्टिक्स में बड़ी तकनीकी प्रगति की जरूरत है, बड़ी संख्या में प्रवासी इसके लिए समस्या पैदा कर रहे हैं। यह स्थिति बड़ी मुसीबत को जन्म दे सकती है। ऐसे में भारत को अनेक देशों में चलाए जा रहे 'सिटिजनशिप बाई इन्वेस्टमेंट प्रोग्राम' पर गौर करना चाहिए जो विदेशियों के लिए अपनी नागरिकता लेना आसान बना रहे हैं। दुनिया के 100 से अधिक देशों ने किसी न किसी प्रकार के 'इन्वेस्टमेंट माइग्रेशन' कार्यक्रम बनाए हैं। इन कार्यक्रमों के अनेक आयाम हैं। उदाहरणार्थ, यदि कोई व्यक्ति किसी दूसरे देश में रोजगार सृजित कर सकता है तो वे उसे उस देश में आप्रवास के लिए प्राथमिकता मिल जाती है। इसका अर्थ यह है कि यदि कोई व्यक्बित भारत में रोजगार सृजन कर सकता है तो उसे सरकार द्वारा टैक्स प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए।

सरकार को ऐसी योजनाओं को प्राथमिकता देनी चाहिए जिनसे उच्च योग्यता वाले लोगों को कृषि, रक्षा तकनीकों, स्वास्थ्य, शिक्षा व अन्य परियोजनाओं में निवेश के लिए प्रोत्साहन मिले। बिजनेसमैनों को कर आतंकवाद से सुरक्षा मिलनी चाहिए तथा उनको खोज के आधार पर उद्यमिता प्रोत्साहन में सहायता मिलनी चाहिए। उनको राज्य द्वारा समुचित संरक्षण तथा आर्थिक सहायता भी मिलनी चाहिए। सरकार वर्तमान समय में उच्च तकनीकें खरीदने के लिए सरकारी खजाने से भारी धनराशि खर्च करती है। ऐसी तकनीकों के विकास के लिए उच्च स्तरीय तकनीकी विशेषज्ञता की जरूरत होती है। यदि कुछ समय के लिए भारत से प्रतिभा पलायन रोका जा सके तो भारत में ही ऐसी तकनीकों का विकास आसानी से किया जा सकता है।

इस महत्वपूर्ण सवाल पर सर्वोच्च स्तर पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। हालांकि, निश्चित रूप से एक स्तर तक प्रवास या पलायन सकारात्मक भूमिका अदा करता है क्योंकि इससे भारतीय मूल के लोगों को वैश्विक अर्थव्यवस्था में घुलने मिलने, अपनी पहचान बनाने तथा वहां से राजस्व प्राप्त करने का मौका मिलता है। अनिवासी भारतीय विदेशों से भारी मात्रा में धन भारत भेज कर यहां अर्थव्यवस्था के विकास में महत्वपूर्ण योगदान करते हैं और इस दृष्टिकोण से दुनिया में भारत का स्थान शिखर के देशों में शामिल है। लेकिन भारत से पलायन करने वालों की वर्तमान समय में बढ़ती संख्या चिन्ता भी पैदा करती है। सवाल उठता है कि क्या अन्य राजनीतिक, सामाजिक व आर्थिक मुद्दों की तुलना में प्रतिभा पलायन जैसे मुद्दे को ज्यादा महत्व नहीं दिया जा रहा है? शायद ऐसा ही है।

इस स्थिति का मुकाबला करने के लिए सरकार को कुछ दंडात्मक उपाय भी करने पड़ सकते हैं जिनसे प्रवासियों की तेजी से बढ़ती संख्या पर लगाम लगाई जा सके। हो सकता है कि ऐसे उपायों के परिणाम थोड़े हानिकारक हों, पर इसके बावजूद सरकार को निश्चित रूप से ऐसे उपायों पर विचार अवश्य करना चाहिए जो प्रतिभा पलायन को हतोत्साहित करते हों। लेकिन इन उपायों से किसी की नागरिक स्वतंत्रताओं में बाधा नहीं पड़नी चाहिए। भारत सरकार को उच्च कौशल वाले पेशेवर लोगों को देश में ही समुचित नौकरियां व रोजगार के अवसर देने की दिशा में और तेजी से कदम उठाने चाहिए ताकि लोग भारतीय संस्थानों व भारतीय संसाधनों से शिक्षा व कौशल प्राप्त करने के बाद विदेश पलायन के बजाय देश की सेवा करना ज्यादा बेहतर समझें। देश से प्रतिभा पलायन रोकने के लिए सरकार को कदम उठाने चाहिए।

# कांग्रेस का उभार व चुनावी सफलताएं



कल्याणी शंकर
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)

**वर्तमान** समय में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा मीडिया की सुर्खियों में बनी हुई है। इस यात्रा से, देश की सबसे पुरानी पार्टी, कांग्रेस दूरदराज के इलाकों और गांवों में लोगों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस का यह प्रयास अनेक प्रदेश विधानसभा चुनावों में विफलता के बाद हो रहा है और इसे एक प्रकार से जियो या मरो की भावना से किया जाने वाला प्रयास कहा जा सकता है। इस यात्रा का एक और उद्देश्य कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं में पैदा निराशा की भावना दूर करना तथा राहुल गांधी की छवि चमकाना है जो देश की राजनीति में मोदी के करिश्मे का मुकाबला कर सकते हैं।

कांग्रेस 2024 के चुनावों से पहले राहुल गांधी को एक युवा, खयाल रखने वाले और वैचारिक नेता के रूप में फिर से ब्रांडिंग करना चाहेगी। लेकिन इस यात्रा के प्रभाव के बारे में अनेक सवाल पैदा होते हैं। क्या भारत जोड़ो यात्रा के 100 दिनों से अधिक पूरे होने के बाद राहुल ने सचमुच अपनी नई छवि दिखाई है? कई वर्षों के बाद पहली बार, कांग्रेस पार्टी दूरदराज के इलाकों और गांवों में लोगों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।

वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं द्वारा लिखी पटकथा के अनुसार, राहुल ने यात्रा के दौरान एक अलग व्यक्तित्व दिखाया है - बेटा अपनी मां के जूते के फीते बांध रहा था, एक दयालु, सौहार्द्रपूर्ण व्यक्ति के रूप में, बड़ी उम्र की महिलाओं को गले लगा रहा था, और बच्चों के साथ खेल रहा था। राहुल ने 7 सितंबर को कन्याकुमारी से अपनी 3,500 किलोमीटर की यात्रा शुरू की, जिसे तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने हरी झंडी दिखाई। इसमें एक सप्ताह का अवकाश रहा है और 3 जनवरी को फिर से यात्रा शुरू होगी और जो जनवरी के अंत में जम्मू-कश्मीर में पहुंच कर संपन्न होगी।

अब समय आ गया है कि पार्टी, विपक्ष, सत्ताधारी भाजपा और जनता पर अब तक की यात्रा के प्रभाव का आकलन किया जाए। राहुल गांधी का कहना है कि यात्रा राजनीतिक या व्यक्तिगत हित के लिए नहीं है, बल्कि नफरत, भय और हिंसा की राजनीति के खिलाफ है। आरएसएस से लड़ने के लिए उन्होंने अपने अथक चलने, गर्मी और धूल में पसीना बहाने और बारिश में भीगने से संभवतः जनता के एक बड़े वर्ग को प्रभावित किया है। सरसरी तौर से देखने पर राहुल गांधी की अपना व्यक्तित्व निर्माण करने की कोशिशों में कोई कमी नहीं निकाल सकता। वह शारीरिक रूप से काफी फिट हैं। जैसे-जैसे यात्रा आगे बढ़ती है, राहुल अपनी बात पर टिके रहते हैं, ''हम यहां आपके नफरत के बाजार में प्यार की दुकान खोलने आए हैं।'' राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो यात्रा ने तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, राजस्थान , महाराष्ट्र, हरियाणा और दिल्ली के कुछ हिस्सों को कवर किया है।

यात्रा के दौरान राहुल कांग्रेस कैडर से सीधे अनेक समस्याओं के बारे में जानकारी हासिल करते हैं। कांग्रेसी कार्यकर्ता - जो अपने घरों से निकलकर गलियों में, सड़कों पर उतर आए थे, इन बीते कुछ महीनों से उनके साथ थे। दक्षिण में मिली प्रतिक्रिया ने कांग्रेस को खुश कर दिया और भाजपा को सतर्क कर दिया है। संभवतः यह कांग्रेस के किसी सर्वोच्च स्तर के नेता द्वारा आम जनता से सीधे संपर्क करने का सबसे बड़ा प्रयास है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को इस दृष्टिकोण से महात्मा गांधी की अनेक यात्राओं के साथ रख कर देखा जा रहा है।

लेकिन वर्तमान समय में यह सवाल सबसे महत्वपूर्ण है कि क्या यह भारत जोड़ो यात्रा कांग्रेस को बेहतर चुनावी लाभ दिलाने में मदद करेगी? और क्या इससे राहुल के बारे में आम जनता की धारणा बदलेगी? यात्रा के समय राहुल गांधी ने अपनी अभियान शैली को एक सूक्ष्म रूप में बदल दिया है और इस प्रकार वे अपना व्यक्तित्व बदलने का प्रयास कर रहे हैं। अपनी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की बात सुनकर राहुल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर व्यक्तिगत हमला करने में संयम का परिचय दिया है। शायद राहुल गांधी ने यह अच्छी तरह समझ लिया है कि 2019 में मोदी पर उनका आक्रामक हमला क्यों काम नहीं आया था। दूसरे, अडानी और अंबानी के व्यापारिक घरानों की उनकी आलोचना, जिनके बारे में उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी ने उनका समर्थन किया है, सूक्ष्म और महीन हो गई है। राहुल बिना नाम लिए कुछ लोगों के हाथों में भारत की संपत्ति के केंद्रित होने पर सवाल उठाते हैं। तीसरे, राहुल प्यार और नफरत की बात करते हैं और यह भी, कैसे आरएसएस ब्रांड की राजनीति ने नफरत द्वारा समाज को तोड़ दिया है। जहां तक कांग्रेस पर प्रभाव की बात है, यात्रा की प्रतिक्रिया से कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है। आने वाले महीनों में, इस यात्रा के बाद, राज्य के नेताओं से अपने अपने राज्यों की पैदल यात्रा करने के लिए कहने की योजना है।

राहुल के प्रयासों ने कर्नाटक, राजस्थान और मध्य प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों में, जहां कांग्रेस का सीधा मुकाबला भाजपा से है, कांग्रेस के गुटीय नेताओं को अस्थायी रूप से एकजुट कर दिया है। देखना होगा कि भारत जोड़ो यात्रा से इन राज्यों में कांग्रेस के विभिन्न गुटों में पैदा एकता क्या आगामी विधानसभा चुनावों या 2024 के आम चुनाव तक बनी रहेगी। रही बात सत्तारूढ़ बीजेपी की, तो साफ है कि मोदी सरकार ने पहले खिल्ली उड़ाई लेकिन अब यात्रा को लेकर परेशान है। प्रारंभ में, भाजपा ने यात्रा को रद्द कर दिया, यह दावा करते हुए कि यह केवल दक्षिण में क्लिक करेगी, जहां भाजपा कमजोर है। तमिलनाडु में भीड़ का श्रेय कांग्रेस की सहयोगी सत्तारूढ़ डीएमके को दिया गया।

इसलिए, सरकार ने राहुल और उनकी पार्टी को, उसकी यात्रा को अस्थिर करने के लिए, बढ़ते कोविड मामलों के बारे में आगाह किया है। हालांकि दक्षिण में यात्रा की सफलता अच्छी रही है, पर यह सवाल है कि क्या अन्य क्षेत्रीय क्षत्रप यात्रा में शामिल होंगे। यात्रा में शामिल होने के राहुल के निमंत्रण पर कुछ प्रमुख विपक्षी नेताओं, विशेष रूप से यूपी में, ने उदासीन प्रतिक्रिया दी है। 2024 के चुनाव और इस साल हुए नौ विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए राहुल ने विपक्षी नेताओं को संकेत दिया है कि अगर वे बीजेपी के रथ को रोकना चाहते हैं, तो एकजुट हो जाएं। लेकिन सवाल उठता है कि क्या क्षेत्रीय क्षत्रप अपनी कीमत पर कांग्रेस को आगे बढ़ने का अवसर देंगे। उत्तर प्रदेश की असरदार पार्टियों के नेताओं द्वारा यात्रा को शुभकामना देने के साथ ही इसमें भाग लेने की कोई इच्छा नहीं प्रकट की गई है।

हालांकि, पिछले 100 से अधिक दिनों में, कांग्रेस के मुख्यमंत्री, कुछ बॉलीवुड अभिनेता, शिक्षाविद, कार्यकर्ता और यहां तक कि अन्य दलों के कुछ विपक्षी नेता भी समर्थन दिखाने के लिए मार्च में शामिल हुए हैं। रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन की उपस्थिति ने मार्च की प्रतिष्ठा को और बढ़ा दिया। कांग्रेस को उम्मीद है कि मोदी सरकार, भारत की चीन संबंधी नीति, महंगाई और बेरोजगारी पर उसके तीन तरफा हमले को लोकप्रिय समर्थन मिलेगा। कांग्रेस को लगता है कि विभिन्न क्षेत्रों के कद्दावर लोगों के शामिल होने से कांग्रेस का बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा अनेक क्षेत्रों के प्रबुद्ध लोगों में प्रभाव बढ़ेगा। हालांकि, यह राजनीतिक परिदृश्य को नहीं बदल सकता है लेकिन लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत कर सकता है।

हालांकि कांग्रेस ने अच्छी शुरुआत की है, फिर भी उसे ढुलमुल मतदाताओं, खासकर मध्य वर्ग को लुभाने के लिए एक लोकप्रिय राजनीतिक संदेश देने की जरूरत है। सवाल है कि क्या कांग्रेस 2024 के लोकसभा चुनावों तक गति बनाए रखने की चुनौती का सामना कर सकती है? क्या कांग्रेस अपनी चुनावी संभावनाओं को बेहतर बनाने के लिए कड़ी मेहनत करेगी, यात्रा से सद्भावना प्राप्त करेगी? हालांकि, कांग्रेस का नव-उभार, अभी चुनावी सफलता में तब्दील नहीं हुआ है। इस साल हुए नौ विधानसभा चुनावों के नतीजे कुछ सुराग देंगे। कांग्रेस को अपने उभार को चुनावी सफलता में बदलना जरूरी होगा नहीं तो यह ठंडा हो जाएगा।

## आप की बात

### नए साल में उम्मीदें

**कैलेंडर** बदल गया है। विश्व ने वर्ष 2023 में प्रवेश कर लिया है। तीन साल से महामारी की विभीषिका का सामना कर रही मानवजाति इस वर्ष कुछ नया और बेहतर होने की उम्मीद कर रही है। हालांकि कोविड महामारी के कारण सभी के मन में थोड़ी घबराहट अवश्य है। 2022 भारत के लिए उपलब्धियों का वर्ष रहा। दुनिया भर की आशंकाओं को निर्मूल सिद्ध करते हुए हमने रिकॉर्ड टीकाकरण किया। हमारी अर्थव्यवस्था पटरी पर लौट रही है। 2030 तक के सतत विकास लक्ष्य की दिशा में भी भारत सफलतम देशों में से है। देश लगातार आत्मनिर्भरता के रास्ते पर बढ़ रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती महत्ता स्पष्ट रूप से देखने को मिली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2022 को उपलब्धियों का वर्ष बताया है। उन्होंने कहा है कि आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को अपनाकर हमने विकास की नई रफ्तार पकड़ी। पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन कर सामने आए। विश्व के सबसे शक्तिशाली समूह जी-20 की अध्यक्षता भी अगले एक साल के लिए भारत के पास होगी। इन उपलब्धियों की नींव पर देश 2023 में सफलता की नई गाथा लिखने और ज्यादा सशक्त होकर सामने आने के लिए तैयार है।

**सदन,** पटना

### सावधानी जरूरी

**बिहार** के खगड़िया में तीन युवक रेलवे ट्रैक पर फिल्म बना रहे थे तभी ट्रेन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गई जबकि तीसरे ने पुल पर से कूद कर जान बचा ली। रेलवे ट्रैक हो या चलती ट्रेन, गहरी नदी हो या झील या ऊंची-ऊंची पहाड़ियां अथवा खतरनाक जगह। अक्सर देखा गया है कि ऐसे ही खतरे के खिलाड़ी या तो सेल्फी लेने में मगन हो जाते हैं या फिर खतरा मोल लेकर तस्वीरें खींचने में इतने तल्लीन हो जाते हैं कि उन्हें अपनी जान की परवाह भी नहीं होती और वे उसके शिकार हो जाते हैं? ऐसी घटनाएं अक्सर पढ़ने, सुनने और देखने में आती रहती हैं। किशोर हों या युवाओं को चाहिए कि वे इतने अधिक उत्साही न रहें कि खतरनाक स्थानों पर सेल्फी लेने या मोबाइल पर बात करने में उनकी जान जोखिम में आ जाए। पेरेंट्स को भी चाहिए कि वे बच्चों या किशोरों को सावधान और जागरूक करें ताकि वे खतरनाक जगहों पर न तो मोबाईल पर बात करें और न ही फिल्म अथवा सेल्फी खींचे। सरकार तो सबको जागरूक करती ही है किन्तु अगर बच्चों और युवकों को परिवार के लोग समझाएं तो बच्चों में जागरूकता बढ़ेगी और वे बेवजह के जोखिम भरे खतरे मोल लेने से बचेंगे।

**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### सड़क सुरक्षा

**उप्र** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क सुरक्षा के लिये पाँच मंत्र दिये जिनमे एजुकेशन, इनफोर्समेंट, इंजीनियरिंग, इमरजेंसीकेयर और एनवायरमेंट शामिल हैं। इन पर ध्यान देकर सड़क पर दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। सड़को पर होने वाले हादसों से देश में प्रतिवर्ष लाखों लोग मरते और विकलांग होते है। इन सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये योगी ने पाँच जनवरी से चार फरवरी तक सड़क सुरक्षा अभियान चलाने के लिये 3 जनवरी को उच्चस्तरीय बैठक आयोजित किया। योगी ने लोगों को जागरूक करने के लिये सभी प्रमुख स्थानों पर बोर्ड और स्लोगन लिखने का निर्देश दिया। लोगो को सड़क हादसों को रोकने के लिये स्वयं सड़क सुरक्षा के नियमो का पालन करते हुये निर्धारित गति सीमा में वाहनों को चलाना चाहिये। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाए। वाहन चलाते समय मद्यपान, मोबाइल पर बातेए इयर फोन, गलत दिशा में वाहन नही चलाना चाहिए। सरकार ने ओवर लोडिंग रोकने के लिये टास्क फोर्स गठन का निर्देश दिया।

**कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** उन्नाव

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

## फरमाया




2024 में राहुल गांधी न केवल विपक्ष का चेहरा, बल्कि उसके प्रधानमंत्री उम्मीदवार होंगे।

- **कमल नाथ**
कांग्रेस नेता



**मैं** यह नहीं सोचता हूं कि हमारी सभी समस्यायें नए साल में दूर हो जाएंगी।


- **ऋषि सुनक**
ब्रिटिश प्रधानमंत्री



यदि विपक्ष प्रभावी रूप से एक दृष्टिकोण के साथ खड़ा हो तो भाजपा का चुनाव जीतना बहुत कठिन हो जाएगा।

- **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

# योगी से की अभिनेता अक्षय कुमार ने भेंट, फिल्म सिटी पर हुई चर्चा



पायनियर समाचार सेवा। मुम्बई

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ से बुधवार को फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार ने भेंट की। इस मुलाकात के दौरान अक्षय कुमार ने उत्तर प्रदेश की बहुप्रतीक्षित फिल्म सिटी परियोजना को लेकर अपना उत्साह जताया तो अपनी हालिया रिलीज फिल्म रामसेतु की चर्चा करते हुए इसे देखने का आग्रह भी किया।

करीब 35 मिनट चली इस मुलाकत के दौरान अक्षय कुमार ने मुख्यमंत्री योगी से कहा कि यूपी की फिल्म सिटी को लेकर भारतीय सिनेमा जगत में काफी उत्साह है। कई बड़े प्रोडक्शन हाउस, निर्माता, निर्देशक और अभिनेता यूपी की फिल्म सिटी की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में विश्वस्तरीय फिल्म एंड इंफोटेनमेंट सिटी का विकास सिनेमा जगत को एक नया विकल्प मुहैया कराएगा। अक्षय ने योगी से अपनी हालिया रिलीज फिल्म रामसेतु की पटकथा तैयार करने से पहले हुए शोध, तैयारियों, रामसेतु की वैज्ञानिकता आदि के संबंध में भी चर्चा की और कहा कि मुख्यमंत्री को एक बार यह फिल्म जरूर देखनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजागरूकता बढ़ाने में सिनेमा की बड़ी भूमिका है। फि ल्मकारों को विषय चयन करते समय सामाजिक और राष्ट्रीय चेतना के विषयों को महत्व देना चाहिए। उत्तर प्रदेश की फिल्म सिटी परियोजना वैश्विक मानकों के अनुरूप होगी, इसके साथ ही नई फिल्म नीति तैयार की जा रही है।

## मुंबई में योगी का रोड शो आज, देश के बड़े उद्योगपतियों से भी मिलेंगे

● मुकेश अंबानी, सज्जन जिंदल, जीनल मेहता, अजय पीरामल समेत दिग्गज होंगे शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** में निवेश को लेकर मुख्यमंत्री बुधवार को मुम्बई पहुंचे, जहां वह गुरूवार को रोड शो करेंगे। रोड शो के दौरान देश के बड़े उद्योगपतियों के साथ मुलाकात करेंगे और यूपी में निवेश के लिए आमंत्रित करेंगे। निवेशकों के साथ साथ मुख्यमंत्री योगी सिनेमा जगत के लोगों से मिलकर नोएडा में बन रही फिल्म सिटी पर भी चर्चा करेंगे। माना जा रहा है कि सीएम योगी के इस रोड शो के माध्यम से उत्तर प्रदेश को बड़े पैमाने पर निवेश के प्रस्ताव प्राप्त होंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुंबई में गुरुवार को सुबह से ही एक्टिव रहेंगे। अपने दिन की शुरुआत सीएम राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात के साथ करेंगे। यह मुलाकात आम शिष्टाचार से संबंधित होगी। इसके बाद वह होटल ताज में ही विभिन्न बैंकों के अधिकारियों से भेंट करेंगे। दोपहर 12 से 2 बजे तक सीएम जीआईएस रोड शो में प्रतिभाग करेंगे। 2 घंटे तक चलने वाले इस रोड शो में विभिन्न उद्योग समूहों के प्रतिनिधियों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्हें यूपी में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ईज ऑफ स्टार्टिंग बिजनेस के बारे में जानकारी दी जाएगी। वहीं शाम को सीएम योगी फिल्म इंडस्ट्री के निर्माता, निर्देशकों व कलाकारों से भेंट करेंगे। सीएम योगी के शेड्यूल के अनुसार रोड शो से पहले और बाद सीएम विभिन्न उद्योगपतियों के साथ वन टू वन मुलाकात भी करेंगे। यह मुलाकात बिजनेस टू गवर्नमेंट के आधार पर होगी। शेड्यूल के अनुसार कुल 17 बीटूजी मीटिंग्स का कार्यक्रम तय है।

## मुम्बई में उप्र को भारत का सिरमौर बनाने में योगदान पर हुई चर्चा

● औद्योगिक विकास मंत्री नन्दी ने नए भारत के नए उप्र में निवेश के लिए किया स्वागत



**लखनऊ।** बुधवार को मुम्बई के होटल ताज महल पैलेस में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में यूपी डायसपोरा की ओर से एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां उत्तर प्रदेश से हजारों किलोमीटर दूर एक छोटा उत्तर प्रदेश एकत्रित हुआ। जिनकी जड़ें और बुनिया यूपी से जुड़ी हैं। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार रविंद्र जायसवाल भी शामिल हुए। महाराष्ट्र में रह रहे प्रवासी उत्तर प्रदेश वासी उत्तर प्रदेश को भारत का सिरमौर बनाने में अपना योगदान कैसे दे सकते हैं। इस विषय पर कार्यक्रम में विस्तृत चर्चा हुई।

मुम्बई में रह रहे प्रवासी उत्तर प्रदेश वासियों ने शिद्दत के साथ इस बात को महसूस किया कि 2017 के बाद से उत्तर प्रदेश पूरी तरह बदल चुका है। जहां कदम रखने में निवेशकों और औद्योगिक घरानों को डर लगता थाए वहां अब निवेश के लिए बड़े बड़े निवेशक स्वयं आगे आ रहे हैं। नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने कहा कि 2017 से 2022 तक उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बना है, अब सर्वोत्तम प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है। 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में केवल दो एयरपोर्ट थे, आज कुल नौ एयरपोर्ट संचालित हैं। पांच और एयरपोर्ट जल्द ही शुरू होने जा रहे हैं। 6 एक्सप्रेसवे वाला देश का पहला राज्य है उत्तर प्रदेश। मंत्री नन्दी ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास के नवीनतम मानक गढ़ रहा है। मंत्री नन्दी ने कहा कि पिछले दिनों यूरोप के तीन देशों जर्मनी, बेल्जियम और स्वीडन में भ्रमण के दौरान बड़ी संख्या में अप्रवासी भारतीयों से मुलाकात हुई। जो अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर, बाबा विश्वनाथ कॉरिडोर की दिव्यता और कुम्भ की अविस्मरणीय यादों से काफी प्रभावित हैं। मंत्री नन्दी ने कहा कि प्रदेश में आयोजित होने जा रहा यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2023 प्रदेश की आर्थिक और औद्योगिक प्रगति के लिए मील का पत्थर साबित होगा। मंत्री नन्दी ने कहा कि मुख्यमंत्री के संकल्प नए भारत के नए उत्तर प्रदेश के निर्माण को पूरा करने की दिशा में हम एक साथ साझा प्रयासों के माध्यम से आगे बढ़ें, यही निवेदन है।

## अब एक ही गन्ना क्रय केन्द्र पर दो बार तैनात नहीं होंगे तौल लिपिक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आयुक्त** गन्ना एवं चीनी संजय आर. भूसरेड्डी ने बताया कि चीनी मिल गेट एवं वाह्य गन्ना क्रय केन्द्रों पर सुचारू रूप से गन्ना आपूर्ति सुनिश्चित कराने तथा घटतौली पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के दृष्टिगत मिल तौल लिपिकों का पाक्षिक स्थानान्तरण पेराई सत्र 2022-23 के लिए निर्गत सट्टे एवं आपूर्ति नीति में उल्लिखित व्यवस्था के अनुरूप एसजीके के माध्यम से इस तरह कराया जायेगा कि किसी भी तौल लिपिक की तैनाती गन्ना क्रय केन्द्र पर दोबारा न हो सके। उन्होंने बताया कि फील्ड स्तर से तौल लिपिकों द्वारा स्थानान्तरण के संबंध में जारी दिशा.निर्देशों का अनुपालन न करने की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए तौल लिपिकों की तैनाती की भौतिक जांच करने हेतु निर्देश दिये गये हैं। जिसके अन्तर्गत केन इम्प्लीमेन्टेशन कमेटी की 2 एवं 17 को प्रत्येक माह आयोजित होने वाली बैठकों के बाद क्रमश: 4, 5, 6 एवं 19, 20, 21 को विभागीय अधिकारियों द्वारा स्थलीय जांच कराते हुए तौल लिपिकों की तैनाती का भौतिक सत्यापन भी कराया जायेगा। तौल लिपिको के पाक्षिक स्थानान्तरण को पारदर्शी बनाये जाने के लिए गन्ना एवं चीनी शाखा के जांचकर्ता अधिकारियों द्वारा क्रय.केन्द्र से वीडियों कॉल कर क्षेत्रीय उप गन्ना आयुक्त एवं उप चीनी आयुक्त को तौल लिपिकों की तैनाती की पुष्टि करायी जायेगी। भूसरेड्डी ने यह भी बताया कि एसजीके द्वारा किये गये पाक्षिक स्थानान्तरण का अनुपालन न करने पर तौल लिपिक का लाईसेन्स निलम्बित कर, निरस्तीकरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इसके अतिरिक्त तौल लिपिक के साथ-साथ संबंधित चीनी मिल के अध्यासी के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

# भाजपा ओबीसी के साथ ही सभी वर्गों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी** प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने उच्चतम न्यायालय द्वारा उत्तर प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के सबंध में दिये गए आदेश का स्वागत किया। भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने बुधवार को कहा कि भाजपा और भाजपा सरकार पिछड़े वर्ग के साथ ही सभी वर्गो के आरक्षण सहित सभी हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देकर पिछड़ा वर्ग सहित सभी वर्गों के हितों की रक्षा के संकल्प को पूरा किया है। भाजपा की सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास की नीति है। जबकि अखिलेश यादव की नीति परिवार और अपने रिश्तेदारों के विकास तक सीमित है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पिछड़े व दलितों सहित समाज के सभी वर्गों को सपा बसपा कांग्रेस ने भ्रम फैलाकर छलने का काम किया है। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने पिछड़ा वर्ग के सहयोग से सत्ता प्राप्त की लेकिन सत्ता का लाभ सैफई कुनवे तथा उनके कुछ चहेते लोगो तक सीमित रहा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हाईकोर्ट में रिट दायर करके नगरीय निकाय चुनाव में पिछड़ा वर्ग आरक्षण को समाप्त करने का षडयंत्र रचा। समाजवादी पार्टी के स्लीपर सेल्स ने हाईकोर्ट में जाकर पिछड़े वर्ग के हितों को बाधित करने का काम किया। अखिलेश यादव को पिछड़ा वर्ग विरोधी षडयंत्र के लिए प्रदेश की जनता से माफी मांगना चाहिए। श्री चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी द्वारा सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट को लागू करने का विरोध सपा के पिछड़ा वर्ग विरोधी होने का सबसे बड़ा प्रमाण है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव बताएं कि बिहार में नितीश कुमार के साथ उनके क्या संबध है और बिहार में बिना पिछड़ा वर्ग आरक्षण के नगरीय निकाय चुनाव का विरोध उनकी पार्टी ने क्यों नहीं किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि सपा बसपा तथा कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल झूठ, भ्रम व फरेब की अपनी परम्परागत राजनीति से सत्ता प्राप्त करने के मंसूबे पाले हुए हैं लेकिन जनता इनके खतरनाक मंसूबे कभी पूरे नहीं होने देगी।

## संवैधानिक व्यवस्था के तहत आरक्षण देकर चुनाव कराएगी सरकार



**लखनऊ।** प्रदेश के नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने प्रदेश के निकाय चुनाव को लेकर सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय पर कहा है कि प्रदेश सरकार की निकाय चुनाव को कराने के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय जाने पर न्याय की जीत हुई है और राजनैतिक षड्यंत्र की पराजय हुई हैं। उन्होंने नगर निकाय चुनाव के सम्बंध में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दी गई समय सीमा में ओबीसी सहित सभी वर्गों को संवैधानिक व्यवस्था के तहत आरक्षण देकर चुनाव कराने में सरकार सहयोग देगी।

उन्होंने कहा कि पता चला है कि मार्च 2023 तक नवगठित डेडिकेटेड आयोग की रिपोर्ट आने के बाद आबीसी सहित सभी वर्गों को मिले संवैधानिक अधिकारों के तहत नियमानुसार आरक्षण सुनिश्चित करके चुनाव हों इस दिशा में सरकार कार्य करेगी। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार संविधान और देश की क़ानून व्यवस्था के तहत कमजोर वर्गों को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की सबका साथ सबका विकास की भावना हमारा मूल मंत्र है। उन्होंने कहा कि ओबीसी को पहले भी भाजपा सरकार ने अनंतिम नोटिफिकेशन में आरक्षण दिया था। आज भी वह ओबीसी आरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है और आगे भी रहेगी। कथनी और करनी में फर्क रखने वाले, झूट बोलने वाले और अपने शुद्ध निहित स्वार्थ के लिए पूरी चुनाव की संवैधानिक प्रक्रिया को तोड़ने वाले आज परास्त हुए। साफ है कि पिछड़े, दलित, शोषित व कमजोर वर्ग को आरक्षण दिए बग़ैर चुनाव कराने की और दूसरी तरफ़ सरकार को बदनाम करने की विरोधियों की साज़िश और पैरवी नाकाम हुई।

## निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण लागू न कर पाने के लिए सरकार जिम्मेदार



**लखनऊ।** बसपा अध्यक्ष मायावती ने निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण के मसले पर कहा है कि इसे कानूनी तौर लागू न कर पाने के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है। सरकार ने पहले ही ट्रिपल टेस्ट के आधार पर आरक्षण किया होता तो आज विरोध की नौबत न आती।

मायावती बुधवार को गांव-गांव संगठन को मजबूत करने के लिए आयोजित मंडलीय बैठक को संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि भाजपा को उत्तर प्रदेश के समग्र व अपेक्षित विकास के लिए धन्ना सेठ समर्थक और गरीब, दलित, ओबीसी, मुस्लिम व बहुजन समाज विरोधी चल, चरित्र व चेहरा को त्यागना होगा। उन्होंने कहा कि देश में उपजे राजनीतिक हालत में खासकर जैन धर्म के मानने वाले अपने धार्मिक स्थलों की रक्षा के लिए देशभर में प्रदर्शन कर रहे हैं। केंद्र व राज्य सरकार को टूरिज्म के विकास आदि को बढ़ावा देने के नाम पर व्यवसायिक दृष्टिकोण से जिन गतिविधियों को बढ़ावा दे रही है, उससे श्रद्धालुओं में खुशी कम नाराजगी अधिक है। मायावती ने कहा है कि उत्तराखंड राज्य के हल्द्वानी में बर्फीले मौसम में ही अतिक्रमण हटाने के नाम पर हजारों गरीब और मुस्लिम परिवारों को उजाड़ने का अमानवीय कार्य अति-दुखद है। सरकार का काम लोगों को बसाना है न कि उजाड़ना। सरकार इस मामले में जरूर सकारात्मक कदम उठाए बीएसपी की यह मांग है। उन्होंने कहा कि इसका जायजा लेने बसपा का एक प्रतिनिधिमंडल वहां जाएगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकारें टूरिज़्म के विकास आदि को बढ़ावा देने के नाम पर कमर्शियल दृष्टिकोण से जिन गतिविधियों को अंधाधुंध बढ़ावा दे रही हैं उससे श्रद्धालुओं में खुशी कम व असंतोष ज्यादा है।

# भाजपा सरकार ने लोगों को उनके हाल पर छोड़ा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि कड़ाके की ठण्ड से जनजीवन बेहाल है। गरीब जनता से लेकर आम लोगों को जान बचाने के लाले पड़ गए है। पूरे प्रदेश में सर्दी की चपेट में आने से दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है। सरकार की तरफ से लोगों को सर्दी से बचाने के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए हैं। भाजपा सरकार ने लोगों को अपने हाल पर छोड़ दिया है। अखिलेश ने कहा कि सरकारी आदेश सिर्फ दिखावटी है। रैन बसेरे कहां है, कहीं भी दिखाई नहीं देते है। न कहीं अलाव का इंतजाम है और न कहीं गर्म कपड़े और कम्बल का वितरण हो रहा है। एक तरफ मौसम का सितम दूसरी तरफ सरकारी संवेदनहीनता गरीबों की जान पर भारी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में गरीबों और आम लोगों को कम्बल और गर्म कपड़ों का वितरण कराया जाता था। शहरों, गांवों, नुक्कड़ और चौराहों पर अलाव जलाया जाता था। लेकिन इस सरकार में सिर्फ जुबानी आदेश जारी करने के अलावा कहीं कोई काम नहीं हो रहा है। अखिलेश ने कहा कि कड़कड़ाती ठंड में दिल के मरीजों की तकलीफें बढ़ी हैं लेकिन अस्पतालों में उनके त्वरित इलाज की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। अस्पतालों में आईसीयू में बेड सीमित होने से गंभीर मरीजों को भी इधर उधर भटकना पड़ता है। इन दिनों सांस के रोगियों को भी इलाज की ज्यादा जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि इस भीषण ठंड में यात्रियों और परीक्षार्थियों की मुसीबतें खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। तीन हजार से ज्यादा बसे निरस्त हो चुकी है। दर्जनों फ्लाइटें रद्द हो चुकी हैं। ट्रेनों का संचालन अस्तव्यस्त हो गया है। अखिलेश ने कहा कि शीत लहर में इन दिनों किसानों की जान आफत में है। आवारा पशुओं से फ़सल बचाने के लिए किसानों को खेतों की रखवाली करनी पड़ रही है। खुले खेतों में ठंड से कंपकपाते किसानों का दर्द इस भाजपा सरकार को महसूस नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को गरीबों की कतई फ्क्रि नहीं हैए उसे तो बस बड़े धनी लोगों की सुविधाओं की ही चिंता है। भाजपा सरकार ने जिस तरह कोरोना संक्रमण काल में लोगों को अनाथ छोड़ दिया था उसी तरह आज केवल रेड एलर्ट जारी कर सरकार हाथ पर हाथ धर कर गर्म एसी के कमरों में आराम कर रही है। यह दुभार्ग्यपूर्ण है कि भाजपा सरकार लोगों की मदद करने के बजाय उनकी अनदेखी कर रही है।

### सपा का छात्र पंचायत आयोजन निरस्त

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के द्वारा 12 जनवरी को इलाहाबाद जनपद में आयोजित 'छात्र पंचायत' कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दिया गया है। यह जानकारी समाजवादी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने दी। चौधरी ने बताया कि समाजवादी पार्टी जिला मुख्यालय इलाहाबाद में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम होने की व्यस्तता के कारण समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमण्डल के जाने का कार्यक्रम निरस्त हो गया है। समाजवादी पार्टी हमेशा छात्रों की मांगों को लेकर संघर्षरत रही है।

## विधायिका की गरिमा को बढ़ाएं: महाना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**विधानसभा** अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा है कि विधायिका लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है। हम सबको मिलकर इसकी गरिमा को और बढ़ाना है। विधायिका में समितियों का बड़ा योगदान होता है। इन समितियों के माध्यम से विधायिका को और ताकतवर बनाया जा सकता है। इसलिए हम सबको मिलकर इन समितियों को और मजबूत करने का काम करना है। जनता का काम करने से ही हमारा सम्मान होगा। विधानसभा अध्यक्ष ने विधान सभा की विभिन्न समितियों के उद्घाटन के दौरान कहा कि लोकतंत्र के स्तंभों में अक्सर विधायिका को ही सवालों के घेरे में रहना पड़ता है। समाज में फैली इस धारणा को हम सबको मिलकर बदलने की जरूरत है। इसके लिए समितियों के सदस्यों को मिलजुलकर काम करना होगा। जिससे समितियों की उपयोगिता बनी रहे। महाना ने कहा कि समितियों के लंबित प्रकरणों का निस्तारण शीघ्र किए जाने की जरूरत है। कुछ पुरानी याचिकाएं जो अप्रासंगिक हो चुकी है उनको निरस्त किए जानें पर विचार संभव है। इसके लिए आवश्यकता हुई तो पुराने मामलों के निस्तारण के लिए एक उपसमित को गठित किए जानें पर भी विचार किया जा सकता है। सतीश महाना ने समितियों की बैठक में कहा कि नियमावली को बड़े ही गौर से पढ़ने की जरूरत है। जिससे समिति को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। यह हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है।

महाना ने कहा कि अक्सर यह देखा जाता है कि अच्छा काम दूसरे के खाते में और खराब काम विधायक के खाते में जाता है। इसलिए मिलजुलकर समितियों के माध्यम से जनहित के कामों में दिलचस्पी लेने का काम करें। इससे विधायिका का सम्मान और बढ़ेगा।

## कल होगा पुलिस कांस्टेबल के पद पर खेल कोटे से भर्ती का स्किल टेस्ट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड (यूपीपीआरपीबी) ने कांस्टेबल खेल कोटा से भर्ती में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को दस्तावेजों की जांच और कौशल परीक्षण (टेबल टेनिस) के अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। जिन अभ्यर्थियों ने यूपी पुलिस कांस्टेबल (खेल कोटा) भर्ती 2022 के लिए आवेदन किया है उनमें से टेबल टेनिस वाले अभ्यर्थी अपने एडमिट कार्ड यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट पर जाकर अपने एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। भर्ती बोर्ड के अनुसार पुलिस की इस भर्ती का स्किल टेस्ट (टेबल टेनिस) का आयोजन छह जनवरी 2023 को मिनी स्टेडियम, गोमतीनगर, विनय खंड लखनऊ में सुबह साढ़े सात बजे से किया जाएगा। इस संबंध में यूपी पुलिस की वेबसाइट पर जारी महत्वपूर्ण निर्देश भी अभ्यर्थी पढ़कर ही जाएं।


# कानून-व्यवस्था के फ्रंट पर चुस्त यूपी पुलिस, भूमि विवादों के निपटारे में सुस्त

● डीजीपी ने दी सख्त हिदायत, जनता की समस्याओं का करें निस्तारण

## स्थानीय स्तर पर सुनवाई न होने से पीड़ित लगा रहे सीएम आफिस व आला अफसरों के चक्कर

विवेक श्रीवास्तव। लखनऊ

**योगी** सरकार के कार्यकाल के दौरान अपराध और अपराधियों पर सख्ती से अंकुश लगाकर यूपी पुलिस ने भले ही प्रदेश में बेहतर कानून-व्यवस्था स्थापित करने में सफलता हासिल की है लेकिन सिक्के का दूसरा पहलू यह है कि भूमि विवाद के बढ़ते मामलों, जमीन पर कब्जेदारी और धोखाधाड़ी कर एक ही जमीन की कई-कई बार रजिस्ट्री करने के प्रकरणों से जनसामान्य पर शासन और महकमे के प्रति नकारात्मक भाव उत्पन्न हो रहे हैं। कानून-व्यवस्था के फ्रंट पर बेहतर काम करने के बावजूद इसी वजह से पुलिस विभाग की छवि पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।



प्रदेश पुलिस के मुखिया डीजीपी डॉ. डीएस चौहान ने महकमे की इस कमजोरी को स्वयं महसूस करने के साथ ही इसे उजागर भी किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय, उत्तर प्रदेश शासन के आला अधिकारियों और पुलिस मुख्यालय में रोजाना आने वाली शिकायतों के बारे में अपने स्तर से उनके द्वारा कराई गई पड़ताल के बाद यह तथ्य प्रकाश में आए हैं कि इनमें अपराध संबंधी शिकायतों के अलावा ज्यादातर मामले भूमि एवं संपत्ति विवाद से ही संबंधित हैं। यही भी सच्चाई है कि स्थानीय स्तर मसलन पुलिस चौकी, थाने और तहसील पर कोई कार्रवाई न होने की वजह से पीड़ित अपनी शिकायत लेकर पुलिस और शासन के आला अधिकारियों के चक्कर लगाने को मजबूत होते हैं। आवेदक की समस्या का स्थानीय, जिला व मंडल स्तर पर निराकरण न होने के कारण वह अपनी समस्या लेकर मुख्यालय आते है, जो चिंताजनक है। डीजीपी ने इसे गंभीरता से लेते हुए सख्त हिदायत दी है कि जनता की समस्याओं का थाना, सर्किल व जिला स्तर पर गुणवत्तापूर्वक निस्तारण अपेक्षित है। उन्होंने इस संबंध में फील्ड में तैनात सभी पुलिस अधिकारियों को उल्लेखित किया है कि आने वाली शिकायतों में अधिकतर प्रार्थना पत्रों में भूमि पर जबरन अवैध कब्जा कर लेने, किसी वैध कब्जेदार को दबंगई के बल पर बेदखल कर देने तथा एक पक्ष की रजिस्ट्री होते हुए दूसरे पक्ष द्वारा पुन: रजिस्ट्री कराकर भूमि पर कब्जा करने आदि की होती है। प्रकरणों में अपराधिक तत्वों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज किए जाने की आवश्यकता आवश्यकता होती है। उन्होंने इस बात पर दुख जताया है कि जिलों में राजस्व संबंधी प्रकरणों में एफआईआर दर्ज होने में विलंब होता है। यही स्थिति कमिश्नरेट में भी सामान रूप से पाई जाती है। उन्होंने कहा कि इस ओर अधिक ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है।

### कमिश्नरेट में एडीसीपी व जिलों में एएसपी नामित होंगे नोडल अधिकारी

**डीजीपी** ने पुलिस व राजस्व से संबंधित प्रकरणों की जन सुनवाई के लिए एक तंत्र विकसित करने की आवश्यकता जताई है। उन्होंने निर्देशित किया है कि कमिश्नरेट व जिलों में त्वरित निस्तारण की व्यवस्था बनाये जाने के लिए सभी कमिश्नरेट में अपर पुलिस उपायुक्त (एडीसीपी) स्तर तथा जिलों में अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी)स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया जाए। नोडल अधिकारी ऐसे प्रकरणों की समीक्षा करेंगे तथा समीक्षा के बाद प्रकरण में राजस्व संबंधित विवाद पाए जाने पर जिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम का गठन कराएंगे, जो कि संयुक्त जांच पड़ताल कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही अमल में लाएंगे। जिससे पीड़ित व्यक्ति को न्याय में विलम्ब का सामना न करना पड़े।

### जिले में सर्वाधिक समस्याग्रस्त थानों का होगा चयन

**प्रत्येक** कमिश्नरेट एवं जिलों में भूमि संबंधित विवाद में प्रतिदिन यह नोट किया जाएगा कि किस थाना क्षेत्र की समस्या से संबंधित कितने आवेदक आए इस सूचना से जिले के सर्वाधिक समस्याग्रस्त थानों का चयन हो जाएगा। अधिक समस्या प्रधान थानों में नामित नोडल अधिकारी तथा आवश्यकता पड़ने पर पुलिस आयुक्त तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक द्वारा भ्रमण व पर्यवेक्षण कर शिकायतों के संबंध में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम के साथ योजना बनाकर निस्तारण कराया जाए। जिससे गुणवत्ता तथा समयबद्धता दोनों सुनिश्चित हो सके।

## भाजपा सरकार किसान विरोधी: मदन भैया



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राष्ट्रीय** लोकदल के नवनिर्वाचित विधायक मदन भैया का बुधवार को प्रदेश मुख्यालय पर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इसके उपरान्त प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुये विधायक मदन भैया ने कहा कि खतौली की जनता ने राष्ट्रीय लोकदल को अपना अपार स्नेह और आशीर्वाद दिया है। खतौली की जनता ने उपचुनाव में जनविरोधी और किसान विरोधी ताकतों को मुंहतोड़ जवाब दिया है और आगे आने वाले लोकसभा चुनाव में देश एवं प्रदेश की जनता गूंगी बहरी सरकार को सत्ता से बाहर कर देगी। मदन भैया ने भारतीय जनता पार्टी को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि भाजपा द्वारा लगातार किसानों का शोषण किया जा रहा है इसलिए गन्ना मूल्य घोषित करने से सरकार कतरा रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह के निर्देश पर पार्टी द्वारा पूरे प्रदेश में किसान संदेश अभियान की शुरुआत की गयी है जिसमें गन्ने का लाभकारी मूल्य घोषित कराने व बकाया भुगतान की मांग को लेकर किसानों के 1 लाख से अधिक पत्र प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे जा रहे हैं। यदि सरकार शीघ्र ही गन्ने का लाभकारी मूल्य की घोषणा के साथ साथ गन्ने के बकाया मूल्यों का भुगतान नहीं करेगी तो राष्ट्रीय लोकदल आन्दोलन करने के लिए बाध्य होगा।

# 84 कोसीय परिक्रमा मेला को लेकर डीएम ने की बैठक

**संवाददाता।** सीतापुर

**जिलाधिकारी** अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 84 कोसीय होली परिक्रमा मेला मिश्रिख तीर्थ-2023 की तैयारियों/व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान उप जिलाधिकारी मिश्रिख ने मेला से संबंधित तैयारियों के विषय में अवगत कराया एवं जो कमियां पायी गयी उन पर भी चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिये कि कोरोना पड़ाव के मार्गों पर पड़ने वाली झाड़ियों की साफ-सफाई समय से करा दी जाये तथा चोक नालियों, पानी जमाव एवं साफ-सफाई को ससमय कराना सुनिश्चित करें। विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि मार्ग पर पड़ने वाले विद्युत के जर्जर एवं लटके हुये तारों को सही करा दिया जाये। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिये कि प्रधानों के साथ बैठक कर लाईटों की व्यवस्था व साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक कार्यों से संबंधित प्रधानों, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, विद्युत विभाग के लाइनमैनों के साथ बैठक कर निर्देशित किया जाये कि जहां पर विद्युत की व्यवस्था नहीं है वहां पर सोलर लाईटों की व्यवस्था समय से करा दी जाये। खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि पड़ाव स्थलों का समय समय पर निरीक्षण करते रहें। पड़ाव परिसर में रंग रोगन, श्रद्धालुओं के बैठक हेतु व्यवस्था, गद्दा आदि की व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जायें। कोलुआ-गुड़ेरा मार्ग को ठीक कराते हुये खड़ंजा लगाना सुनिश्चित करते हुये विद्युत व्यवस्था की जाये। पड़ाव स्थलों, धार्मिक स्थलों की बाउन्ड्रीवाल पर रंग रोगन आदि करा दिया जाये एवं छोटे व बड़े पौराणिक स्थलों पर भी सभी व्यवस्थाएं समय से दुरूस्त करा दी जायें। औरंगाबाद में तालाब में गंदगी को साफ कराया जाये। छोटे व बड़े स्थलों, मंदिरों व तालाबों की साफ-सफाई, रंग रोगन व सौन्दर्यीकरण का कार्य सुनिश्चित किया जाये। प्रत्येक स्थलों पर बैठक हेतु सार्वजनिक व्यवस्था एकरूपता सुनिश्चित की जाये। जहां-जहां स्ट्रीट

## मिश्रिख मेला सम्बन्धित अधिकारियों को दिए निर्देश

लाईटों की आवश्यकता वहां पर स्ट्रीट लाईटें लगवा दी जायें तथा जहां पर स्ट्रीट लाईट सम्भव नही है वहां पर सोलर लाईटें लगवा दी जायें। पुलिस चौकियों एवं मेडिकल कैम्पों को जगह-जगह स्थापित किया जाये तथा मेडिकल कैम्पों के स्वास्थ्य के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं दवाओं की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि परिक्रमा मार्गों में पड़ने वाले मार्गों का निरीक्षण करते हुये दुरूस्तीकरण एवं पैचिंग का कार्य समय से सुनिश्चित कर लें। गन्ना विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि गन्ना किसानों से आवेदन पत्र लेकर उनको पर्चियां जारी कर दी जायें एवं समय रहते परिक्रमा मार्गों के आस-पास के स्थलों को खाली करा दिया जाये, जिससे गन्ना ट्रालियों, वाहनों द्वारा परिक्रमा में अवरोधक उत्पन्न न हो सके, यह कार्य चीनी मिलों के मालिकों से समन्वय करते हुये सुनिश्चित करायें। औरंगाबाद, जरिगवां के कुण्डों की साफ-सफाई का कार्य करा लिया जाये। प्रत्येक पड़ाव पर डस्टबिन, टम्परेरी शौचालय स्थापित कराया जाये एवं सफाई गैंगों की तैनाती भी सुनिश्चित की जाये। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मिश्रिख को निर्देशित किया कि चूना एवं साफ-सफाई पड़ाव एवं मार्गों कराते रहें। उपजिलाधिकारी मिश्रिख को निर्देशित किया कि आश्यकतानुसार घाटों पर नावों की व्यवस्था समय से सुनिश्चित करा लें। प्रत्येक पड़ाव पर जनरेटर व टम्परेरी लाईटों एवं दुर्घटना रोधक टीमों को सक्रिय रखा जाये। वन विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि परिक्रमा मार्ग में पड़ने वाले कटीले बबूल के पेड़ एवं झाड़ियों को हटवा दिया जाये एवं मार्ग अवरोधक वृक्षों को नियमता साफ करा लिया जाये। क्षेत्राधिकारी मिश्रिख को निर्देशित किया कि परिक्रमा मार्गों, पड़ाव एवं मेलों की सुरक्षा व्यवस्था एक रणनीति के तहत सुनिश्चित की जायें। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि यह धर्मार्थ कार्य है सभी लोग अपनी-अपनी जिम्मेदारी पूरे मनोयोग के साथ निभाना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 मधु गैरोला, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम भरत तिवारी, नगर मजिस्ट्रेट अमृता सिंह, उपजिलाधिकारी मिश्रिख अनिल कुमार रस्तोगी, क्षेत्राधिकारी मिश्रिख सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुनर्मतगणना में कान्ती सिंह के सिर सजा प्रधान पद का ताज

**संवाददाता।** बिसवां सीतापुर

- तहसीलदार न्यायालय बिसवां में हुई पुनर्मतगणना
- ब्लाक रेउसा की ग्राम पंचायत परसिया में हुआ चुनाव
- प्रतिद्वंदी देवांगराज के पक्ष में 276 पड़े वोट

**प्रधान** पद के लिए हुई पुनर्मतगणना में एक बार फिर प्रधान पद का ताज कांति सिंह के सिर सजा। पुनर्मतगणना में कांति सिंह ने अपने प्रतिद्वंदी देवांगराज को 8 मतों से पराजित किया। कांति सिंह को 284 मत मिले, जबकि देवांगराज को 276 मत ही प्राप्त हुए।

बताते चलें कि ब्लाक रेउसा क्षेत्र की ग्राम पंचायत परसिया में प्रधान पद के लिए 29 अप्रैल 2021 को हुए चुनाव में जब 2 मई 2021 को मतगणना हुई, तो कांति देवी पत्नी शिवाजी को 283 मत मिले थे, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी देवांगराज को 278 मत मिले थे। इस पर देवांगराज ने मतगणना के दौरान धांधली का आरोप लगाते हुए एसडीएम न्यायालय की शरण ली। इसके बाद हाईकोर्ट में वाद दायर कर जल्द निस्तारण की गुहार लगाई। हाईकोर्ट ने 19 दिसंबर 2022 को एसडीएम न्यायालय बिसवां को 6 माह में वाद निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिस पर उपजिलाधिकारी कोर्ट ने 4 जनवरी 2023 की तिथि निर्धारित करते हुए रिकाउंटिंग कराई।

बुधवार को तहसीलदार न्यायालय में हुई मतगणना में कांति देवी को 284 मत मिले, उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी देवांगराज को 8 मतों के अंतर से पराजित किया।

# बसपा नेता की हुई पीट-पीटकर हत्या की आशंका से सनसनी

**सीतापुर।** सीतापुर में बसपा नेता की पीट-पीट कर हत्या किए जाने की आशंका से सनसनी फैल गई है। थाना पिसावां इलाके में खेत में मिला बसपा नेता का रक्तरंजित शव। 58 वर्षीय मृतक रामलोटन जिगंनिया का बसपा का सेक्टर अध्यक्ष था। रामलोटन मंगलवार को खेत में फसल देखने के लिए गया था, जब वापस नहीं लौटा तो बुधवार को परिजनों ने खोजबीन की। जिगंनिया गांव के पास खेत में उसका शव बरामद हुआ। शव के पास से शराब की दो शीशी और एक गिलास भी मिला। मौके पर पहुंचे के अधिकारियों ने जांच पड़ताल की। परिजनों ने आशंका जताई है कि रामलोटन की पीट-पीट कर हत्या की गई है। खेत में लगे कटीले तारों पर उसे फेंका गया है। जिससे उसे चोट के निशान आए है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों को बताने की बात कह रही है। मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी एनपी सिंह ने बताया कि मृतक की जिससे आखिरी बात हुई है।

# काव्य गोष्ठी का आयोजन

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** इंडियन हेरिटेज एकेडमी मे न्यू चिल्ड्रन वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में सावित्रीबाई फुले जयंती के अवसर पर काव्य गोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल के प्रतिनिधि अरविंद पांडे ने मां सरस्वती एवं प्रथम राष्ट्रीय शिक्षिका सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। जिसकी अध्यक्षता नगर के वरिष्ठ कवि संत कुमार बाजपेई संत ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में गांधी स्मारक उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सौरभ दीक्षित कवि बेनी राम अनजान शशिकांत मिश्र शशि उपस्थित रहे। कवि गोष्ठी के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अरविंद पांडे ने कहा राष्ट्रीय शिक्षिका सावित्री बाई फुले ने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए महिलाओं में शिक्षा का प्रचार प्रसार किया। जिससे महिलाओं ने देश के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन प्रारंभ किया है। पांडे ने सावित्रीबाई फुले की जयंती पर अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की उन्होंने कहा प्रत्येक व्यक्ति की नीति और नियत हमेशा स्पष्ट होनी चाहिए। जिससे समाज में एक नई चेतना का संचार होता है हर व्यक्ति राष्ट्र के लिए समर्पित हो और भारत माता के मस्तक को ऊंचा करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करें। विशिष्ट अतिथि डॉक्टर सौरभ दीक्षित ने सावित्रीबाई फुले के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला काव्य गोष्ठी का शुभारंभ मां सरस्वती बंदना से वरिष्ठ कवि बेनी राम अनजान ने कहा नए साल में हो सुखी मोदी योगी रहे। स्वस्थ जीवन कभी हो ना रोगी कभी जिंदगी में ना छा य अंधेरा मुबारक सभी को नया साल मेरा कवि रमाकांत चौधरी ने कहा नारी शिक्षा की देवी बन आई महान हुई तब सावित्रीबाई प्रमोद गुप्ता भोले ने कहा संदिग्ध की नजरों में देखे जाते हैं। हम लोग कब दो लोग लंगोटिया यार इलेक्शन में आ जाते जब संगम गुप्ता संगम ने कहा भूखे को रोटी मिले पानी पाय प्यास बाबा इस नव वर्ष में इतनी तुमसे आस हितेश सुशांत ने कहा मिला हर जख्म गीतों में पिरोना आ ही जाता है थकन भर सफर ही हो तो सोना ही जाता है।

# सावित्रीबाई फुले जयंती पर गोष्ठी व पुस्तक विमोचन

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**सावित्री** बाई फुले जयंती के अवसर पर वंचित शोषित सामाजिक संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ महादलित परिसंघ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष चंदन लाल वाल्मीकि के नेतृत्व में होटल सुरभि के सभागार में महिला शैक्षिक उत्थान में सावित्री बाई फुले के योगदान एवं समरसता विषय पर एक भव्य संगोष्ठी का अयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डा. रामनरेश ने कहा, माता सावित्रीबाई फुले का महिलाओं की शिक्षा में योगदान बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस देश के महिलाओं के उत्थान में उनका नाम स्वर्णाक्षरों में इतिहास में लिखा है। विशिष्ट अतिथि अविनाश, संजीव, हरवंश,कुमार सुंदरम, तथा मुख्य अतिथि ने देश के चर्चित लघुकथाकार सुरेश सौरभ की नवीनतम कृति %तालाबंदी% का विमोचन किया। संगोष्ठी में दिनेश विदुषी सविता पाल वाल्मीकि सीतापुर, चित्रकूट के महंत शशि कांत, परिक्रमा प्रसाद, बांके लाल गौतम, सुरेंद्र सरन वाल्मीकि, कवि अमन पांडेय, राम बाबू वाल्मीकि, कुंवर विकेंस, आदि ने सावित्रीबाई फुले के कृतित्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि ने अध्यापिका सुनीता,बिंदु राजवंशी, मलाइका,सत्य प्रकाश शिक्षक, सुरेश सौरभ, अर्चना सिंह, मानसी भारती को समाज में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया ?। चंदन लाल वाल्मीकि ने तालाबंदी कृति को संग्रहणीय एवं स्मरणीय बताया, तथा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग की सिफारिशों को उत्तर प्रदेश सरकार लागू करे एक ज्ञापन दिया गया। जिसमे मुख्य अतिथि डॉक्टर राम नरेश जी ने ज्ञापन में लिखित मांगों को उचित बताते हुए शीघ्र उचित मध्यम से भेजने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के सह आयोजक करुणा फाउंडेशन की प्रमुख डॉ वैशाली ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया। समारोह का संचालन कवि श्याम किशोर %बेचैन% ने किया। गोष्ठी में कुंवर आयुष्मान,अनमोल सागर, पंकज, नमन, साहिल धानुक, सुमित वाल्मीकि, वासु, आदि ने भाग लिया।

# समाचार पत्र वितरक के सजग प्रहरी : डीएम

- डीएम ने समाचार पत्र वितरकों को बांटे कंबल, खिल उठे चेहरे

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**तराई** में लगातार बढ़ रही ठंड से समाचार वितरकों को राहत पहुंचाने के लिए बुधवार को कलेक्ट्रेट में प्रशासन की ओर से समाचार वितरकों के लिए कंबल वितरण समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन, संयोजन एसडीएम (सदर) श्रद्धा सिंह ने किया।

कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने अपर जिलाधिकारी (वि/रा) संजय कुमार सिंह की मौजूदगी में सभी समाचार वितरकों को कंबल वितरित किया। प्रशासन से कंबल पाकर समाचार पत्र वितरकों के चेहरे खिल उठे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि आम आदमी तक समाचार पत्रों को पहुंचाने वाले समाचार पत्र वितरक प्रशंसा के पात्र हैं। उनका काम किसी चुनौती से कम नहीं है। वितरक सच्चे अर्थ में कर्मयोगी के साथ ही समाज के भी सजग प्रहरी हैं। अखबार वितरण चुनौतीपूर्ण कार्य है। वितरक बदलते मौसम ठंडी, गर्मी व बरसात में भी हमें देश-दुनिया की खबरों से अपडेट कराने के लिए कठिन परिश्रम करते रहते हैं। वितरक सुबह होते ही बिना किसी छुट्टी के रोज अखबार पहुंचाने का जज्बा लोगों के लिए मिसाल है।

अपर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया और इंटरनेट के जमाने में भी अखबार लोगों तक विश्वसनीय खबरें पहुंचाने का साधन बने हैं। उन्होंने समाचार पत्र पहुंचाने की जिम्मेदारी निभा रहे समाचार पत्र वितरकों के कार्य को सराहा। समाचार पत्र वितरक अखबार रूपी इमारत के नींव के पत्थर हैं। हर परिस्थिति में लोगों के जागने से पहले रोज सुबह समाचार पत्र घरों तक पहुंचाना बेहद चुनौती भरा काम है।

कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार मयंक बाजपेई व धर्मेश शुक्ला ने अपने सारगर्भित विचार व्यक्त करते हुए प्रशासन के इस पुनीत कार्य को सराहा। सर्दी-गर्मी और बारिश या अन्य कैसी भी कठिनाई हो वितरक रोज अपना काम पूरी लगन और मेहनत से करते हैं। रोज सुबह तीन-साढ़े तीन बजे उठ कर लोगों तक समाचार पत्र पहुंचाना काबिलेतारीफ है। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार एनके मिश्रा, उप जिलाधिकारी (सदर) श्रद्धा सिंह, तहसीलदार (सदर) सुशील प्रताप सिंह, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल राजेश शुक्ला, सौरभ राय सहित राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलटी, एक की मौके पर मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल

**पिपरिया धनी-खीरी।** थाना मोहम्मदी पुलिस चौकी रेहरिया क्षेत्र के अंतर्गत कुम्भी चीनी मिल से वापस अपना गन्ना बेच के घर वापस आ रहें थे तभी शंकरपुर के पास रास्ता न दिखाई देने के कारण ट्रैक्टर-ट्रॉली खाई में जा गिरा। ड्राइवर प्रवीण कुमार वर्मा ने पुत्र राजाराम वर्मा ने कैसे भी अपने को दबे ट्रैक्टर से निकले और तत्काल उन्होंने अपने छोटे भाई पवन कुमार वर्मा को फोन के जरिए से सूचना दी कहा कि ट्रैक्टर पलट गया है। इसकी जानकारी होते ही तत्काल पवन कुमार वर्मा ने 112 नंबर पुलिस सहायता केंद्र पर कॉल की व 108 एंबुलेंस पर कॉल करके जैसे ही पवन कुमार अपने परिवार के साथ मन्नापुर मोड़ पर मौके पर पहुंचे तो वीरेंद्र कुमार शर्मा उम्र लगभग 32 वर्ष निवासी सुंदरपुर चौकी मूड़ानिजाम, थाना मोहम्मदी जिला लखीमपुर खीरी पुत्र संतराम शर्मा मृतक पड़े थे। उनका एक बेटा अर्पित कुमार शर्मा उम्र लगभग 7 वर्ष वही एंबुलेंस के जरिए मोहम्मदी सीएससी भिजवाया गया वही रेहरिया पुलिस चौकी इंचार्ज पवन प्रताप सिंह द्वारा पंचनामा भरके जिला मुख्यालय के लिए शव को भेज दिया है। घायल अवस्था में पड़े ड्राइवर प्रवीण कुमार वर्मा उम्र लगभग 40 वर्ष निवासी सुंदरपुर चौकी मूड़ानिजाम उपरोक्त् को निजी वाहन से गोला प्राइवेट हॉस्पिटल रेफर किया गया जहां पर उनकी हालत नाजुक है सिंसियर हॉस्पिटल गोला गोकरननाथ में खीरी में उनका इलाज चल रहा है।

# सूर्या फाउंडेशन द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**संवाददाता।** निघासन खीरी

**सूर्या** फाउंडेशन आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत पूरे देश में 25 दिसंबर से शुरू होकर 23 जनवरी तक वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम अवध क्षेत्र के निघासन ब्लाक के ग्राम बैलहाडीह में आज मुख्य अथिति रामनिवास बीडीसी,विशिष्ट अतिथि मनोज राज, शिवधार, जोगा सिंह के द्वारा फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगता में क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ जिसमें बेल्हाडीह व मेंटहिया के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला जिसमें मेटहिया ने विजय प्राप्त किया।

इस सात दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता में प्रत्येक दिन अलग अलग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जैसे क्रिकेट, वॉलीवाल, कबड्डी, 1 किलोमीटर रनिंग, रस्सा कस्सी, सूर्य नमस्कार आदि विजेता प्रतिभागियों को 7 जनवरी समापन के दिन पुरुस्कार दिया जाएगा। यह जानकारी सूर्या फाउंडेशन के अवध क्षेत्र प्रमुख नरोत्तम सिंह ने दी उन्होंने बताया कि सूर्या फाउंडेशन गांव के बच्चों व युवाओं में खेल कूद के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से प्रतियोगिताओं का आयोजन करती है। खेलों के माध्यम से युवा अपने शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं और अपनी शारीरिक एवं मानसिक शक्ति को बढ़ा सकते हैं।

# 'चिन्हित फाइलेरिया मरीजों को दी जाएगी एमएमडीपी किट'

- फाइलेरिया को बढ़ने से रोकने में सहायक है एमएमडीपी किट

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**फाइलेरिया** रोगियों को इंफेक्शन से बचाने और और उनमें फाइलेरिया को घटाने के लिए विभाग द्वारा एमएमडीपी किट का वितरण किया जाएगा। ताकि मरीज साफ-सुथरे रहकर फाइलेरिया के स्टेज को न सिर्फ बढ़ने से रोके बल्कि उसको कम भी किया जा सके। जिला मलेरिया अधिकारी शैलेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में तकरीबन एक हजार के करीब फाइलेरिया रोग ही हैं। फाइलेरिया रोगियों को एमएमडीपी किट दी जानी है। वितरण के लिए किट मंगा ली गई हैं। शीघ्र ही तैयारियां पूरी कर फाइलेरिया मरीजों को किट प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिन मरीजों को किट का वितरण किया जाना है। उनको चिन्हित कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि ऐसे मरीजों को चिन्हित किया गया है, जिनके हाथ-पैर में सूजन आ गई है। या फिर उनके फाइलेरिया ग्रसित अंगों से पानी का रिसाव होता है। इस स्थिति में प्रभावित अंगों की सफाई रखना बेहद जरूरी होती है। ऐसे मरीजों को किट दी जाएगी। किट में प्रभावित अंगों की अच्छी तरह से साफ-सफाई को लेकर टब, मग, तौलिया, साबुन, एंटीफगल क्रीम व जरूरी चीजें दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया ग्रसित अंगों की साफ-सफाई रखने से इंफेक्शन का डर नहीं रहता है और सूजन में भी कमी रहती है।

## प्रभारी चौकी मझगई विनोद सिंह ने पेश की मानवता की मिशाल

**मझगई-खीरी।** मझगई पुलिस चौकी प्रभारी विनोद सिंह मानवता 14 वर्षीय मूक बधिर बालक मिला भटकता हुआ। जिसकी खोजबीन करने के उपरांत उसका नाम मो. शाकिब पुत्र जमील अहमद निवासी बरवन्डा पलिया के रुप में पहचान हुई। जिसकी सूचना चाइल्ड लाइन पलिया के समन्वयक लवकुश वर्मा व इंद्र कुमार आदि सूचना देने के साथ ही बालक के परिजनों को सूचना दी गयी। बालक की मां रहमतुल को बालक को सुपुर्द किया।मां को अपने बालक को पाते ही आंखों में आसूं आ गये ओर चौकी प्रभारी विनोद सिंह को रोते हुए उनको आशीर्वाद देते हुए आभार जताया। वहीं चौकी प्रभारी विनोद सिंह ने बालक के मां के छलकते हुए आंसू को पोछते हुए बालक को ध्यान रखने की बात कही एवं बालक के लिए गर्म कपड़े व भोजन आदि की व्यवस्था की। चौकी प्रभारी की इस दरियादिली को पूरे क्षेत्र वासी प्रशंशा किये।तथा पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन की भी प्रशंसा की।

# अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री, परिवहन पर अंकुश लगाने को चला अभियान, 5 अभियोग दर्ज

**लखीमपुर खीरी।** आबकारी आयुक्त उप्र के आदेश, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी संजीव सुमन के दिशा निर्देश एवं डीईओ कुलदीप दिनकर के नेतृत्व में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री, अवैध अल्कोहल के परिवहन पर अंकुश लगाये जाने के लिए प्रशासन-पुलिस-आबकारी विभाग की संयुक्त टीमो ने विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया, जो 05 जनवरी 2023 तक चलेगा। जनपद खीरी के आबकारी निरीक्षक रुद्र कांत मिश्र क्षेत्र 2 मोहम्मदी ने मय स्टाफ ग्राम गदमापुर, टेंगुन खुर्रमनगर थाना मोहम्मदी में दबिश दी। दबिश के दौरान गन्ने के खेतों से कच्ची शराब, लहन बरामद की। मौके पर लहन एवं चढ़ी भट्ठियों को नष्ट किया। आबकारी निरीक्षक केपी सिंह क्षेत्र 4 पलिया खीरी मय स्टाफ ग्राम पंजाब घाट चौराहा थाना संपूर्णानगर में दबिश दी। दबिश के दौरान संदिग्ध घर कच्ची शराब प्लास्टिक की बोतल में बरामद की गई, आबकारी निरीक्षक प्रेम सिंह क्षेत्र 5 गोला खीरी के द्वारा मय स्टाफ ग्राम भेठियां बाजार, अलीगंज, अलियापुर, गढ़ी मोहल्ला पसियाना, भटपुरवा, कुशमी थाना गोला में दबिश दी।

# पेज एक का शेष

## उत्तर प्रदेश...

दलील दी गई है कि उच्च न्यायालय के उक्त फैसले में निर्देश डी में जिस व्यवस्था पर विचार हुआ है, उसे नए सिरे से चुनाव होने तक इस अदालत के आदेश के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है। पीठ ने राज्य सरकार की इस दलील पर भी संज्ञान लिया कि नव निर्वाचित आयोग का कार्यकाल छह महीने है, लेकिन प्रक्रिया को 31 मार्च तक या उससे पहले यथासंभव शीघ्र पूरा कराने के प्रयास करने होंगे। शीर्ष अदालत ने उन लोगों को भी नोटिस जारी किए जिन्होंने राज्य सरकार की अधिसूचना के खिलाफ उच्च न्यायालय का रुख किया था। शीर्ष अदालत ने सुनवाई तीन सप्ताह बाद करने के लिए सूचीबद्ध की। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने पांच दिसंबर की मसौदा अधिसूचना को रद्द करते हुए आदेश दिया था कि राज्य सरकार चुनावों को तत्काल अधिसूचित करे क्योंकि कई नगरपालिकाओं का कार्यकाल 31 जनवरी तक समाप्त हो जाएगा।

## हल्द्वानी में...

को लेकर याचिकाकर्ताओं और निवासियों की याचिकाएं जिलाधिकारी के समक्ष लंबित है। याचिका में कहा गया है, उच्च न्यायालय ने रेलवे अधिकारियों द्वारा सात अप्रैल, 2021 की कथित सीमांकन रिपोर्ट पर विचार नहीं करने की गंभीर त्रुटि की है। निवासियों ने दलील दी कि रेलवे और राज्य के अधिकारियों द्वारा अपनाए गए मनमाने और अवैध दृष्टिकोण के साथ-साथ उच्च न्यायालय द्वारा इसे बनाए रखने के कारण उनके आश्रय के अधिकार का घोर उल्लंघन हुआ है। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि उनके पास वैध दस्तावेज हैं जो स्पष्ट रूप से उनके वैध अधिकार को स्थापित करते हैं। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त, स्थानीय निवासियों के नाम नगर निगम के रिकॉर्ड में गृह कर रजिस्टर में दर्ज किए गए हैं और वे नियमित रूप से गृह कर का भुगतान कर रहे हैं।

## अब आई...

दौरान दक्षिण मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, उत्तरी मध्य महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में हल्की बारिश होने की संभावना है। आईएमडी ने अनुमान जताया कि ताजा पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से सात जनवरी से पश्चिमी हिमालई क्षेत्र में छिटपुट वर्षा या बर्फबारी हो सकती है। राजस्थान के कई इलाकों में घने कोहरे के साथ कड़ाके की सर्दी का दौर बुधवार को भी जारी रहा। राज्य में मंगलवार रात फतेहपुर सीकर और चूरू में पारा शून्य से नीचे लुढ़क गया। मौसम विभाग ने अलवर, भरतपुर, धौलपुर, झुंझुनूं और करौली सहित कई जिलों में शीतलहर का प्रकोप जारी रहने की संभावना के मद्देनजर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। कश्मीर घाटी में लगातार तीसरी रात पारा जमाव बिंदु से नीचे दर्ज किया गया। श्रीनगर में मंगलवार की रात न्यूनतम तापमान शून्य से 5.2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया जबकि पिछली रात यह शून्य से 4.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया था।

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट...

की मां का बड़ा बयान सामने आया है। मां ने कहा है कि अंजलि कभी शराब नहीं पीती थी। वह कभी भी नशे की हालत में घर नहीं पहुंची। उन्होंने यह भी कहा कि निधि सब गलत बातें कह रही है। अगर निधि मेरी बेटी की सहेली थी, तो उसने अंजलि को अकेला कैसे छोड़ा। अंजलि की मां ने कहा कि यह एक सोची-समझी साजिश है और निधि इस साजिश में शामिल है। उन्होंने इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। इस बीच फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, आरोपियों की कार की जांच से पता चला है कि युवती कार के आगे के बाएं पहिये में फंसी हुई थी। ज्यादातर खून के धब्बे अगले बाएं पहिये के पीछे पाए गए हैं।

## सीसीटीवी फुटेज...

आ रही है। फुटेज में पीड़ित युवती देर रात करीब 1.45 बजे नववर्ष की पार्टी के बाद होटल से निकलती दिखी। कई सीसीटीवी कैमरों से फुटेज खंगालने के बाद, पुलिस ने पता लगाया कि अंजलि की दोस्त निधि उसकी स्कूटी पर पीछे बैठी थी और दुर्घटना के बाद भाग गई। पुलिस ने युवती की सहेली का पता लगाया और मंगलवार को उसका बयान दर्ज किया गया।

## हरित ऊर्जा...

रूप में वाहनों और तेल रिफाइनरी तथा इस्पात संयंत्र जैसे उद्योगों में ऊर्जा स्रोत के रूप में होता है। इसका उत्पादन इलेक्ट्रोलाइसिस प्रक्रिया के जरिए पानी को ऑक्सीजन और हाइड्रोजन में विभाजित कर किया जाता है। मिशन के लिए शुरुआती खर्च 19,744 करोड़ रुपए है। इसमें हरित हाइड्रोजन की तरफ बदलाव को रणनीतिक हस्तक्षेप (साइट) कार्यक्रम के लिए 17,490 करोड़ रुपए, पायलट परियोजनाओं के लिए।,466 करोड़ रुपए, अनुसंधान एवं विकास के लिए 400 करोड़ रुपए तथा मिशन से जुड़े अन्य कार्यों के लिए 388 करोड़ रुपए निर्धारित किए गए हैं। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय योजना के क्रियान्वयन को लेकर दिशानिर्देश तैयार करेगा। मिशन के तहत 2030 तक देश में लगभग।,25,000 मेगावॉट की संबद्ध नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता वृद्धि के साथ प्रतिवर्ष कम-से-कम 50 लाख टन हरित हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता सृजित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें आठ लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश आने और 2030 तक छह लाख से अधिक नौकरियों के सृजन की उम्मीद है।

## दूरदर्शन-आकाशवाणी...

पहुंच को व्यापक रूप से बढ़ाते हुए श्रोताओं और दर्शकों को उच्च गुणवत्ता युक्त कार्यक्रम पेश किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इसके अलावा पुराने ट्रांसमीटर को बदला जाएगा तथा नए एफएम ट्रांसमीटर स्थापित किए जाएंगे। वर्तमान में, दूरदर्शन 28 क्षेत्रीय चैनलों सहित 36 टीवी चैनलों और ऑल इंडिया रेडियो 500 से अधिक प्रसारण केंद्रों का संचालन करता है। मंत्री ने कहा कि यह योजना देश में एआईआर एफएम ट्रांसमीटरों के कवरेज को भौगोलिक क्षेत्र के अनुसार 59 प्रतिशत से बढ़ाकर 66 प्रतिशत और और आबादी के हिसाब से 68 प्रतिशत से बढ़ाकर 80 प्रतिशत कर देगी। उन्होंने कहा कि इसके तहत वामपंथी चरमपंथ प्रभावित क्षेत्र (एलडब्ल्यूई), सीमावर्ती, आकांक्षी एवं सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के बीच 8 लाख डीडी डीटीएच सेट टॉप बाक्स मुफ्त वितरित किए जाएंगे।

## पूंछ-राजौरी...

हैं। डांगरी गांव में सोमवार को आतंकी हमले के दौरान आईईडी धमाके हुए दो नाबालिग मारे गए और गांव से 8 किलोमीटर दूर राजौरी टाउन में एक आईईडी बरामद किया गया। यह धमाका उस घर के पास हुआ जहां रविवार शाम चार नागरिक आतंकियों की गोली का निशाना बने थे। इन दोनों हमलों में करीब एक दर्जन लोग जख्मी हुए। घायलों का इलाज जम्मू के अस्पताल में हो रहा है।

## फ्लाइट में...

के चेयरमैन से मामले में दखल देने का अनुरोध किया है और सात दिन में रिपोर्ट तलब की है। दिल्ली पुलिस ने बुधवार को बताया कि आरोपी यात्री की गिरफ्तारी के लिए कई टीमों का गठन किया गया है। पीड़िता से मिली तहरीर के आधार पर दिल्ली पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धाराओं 294 (सार्वजनिक स्थान पर अश्लील हरकत करना), 354 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने की मंशा से उसके खिलाफ बल प्रयोग करना), 509 (शब्दों, भाव-भंगिमा आदि के माध्यम से महिला को अपमानित करना और 510 (शराब के नशे में व्यक्ति द्वारा सार्वजनिक स्थान पर गलत हरकत किया जाना) तथा विमान नियमों के तहत मामला दर्ज किया गया है। गौरतलब है कि विमानन कंपनियों को यात्री के खराब व्यवहार के मद्देनजर आरोपी पर जीवन भर के लिए यात्रा प्रतिबंध लगाने का अधिकार है।

## महाराष्ट्र सरकार...

राजुरा में बनाई गई है, जिसमें से 63.540 हेक्टेयर भूमि संरक्षित वन भूमि है और शेष आरक्षित वन भूमि है। परियोजना के लिए कुल 3,392 पेड़ काटे जाएंगे। यह देखते हुए कि परियोजना क्षेत्र पूर्वी विदर्भ लैंडस्केप का एक टाइगर कॉरिडोर है, पैनल ने बताया कि प्रस्तावित हवाई अड्डा स्थल कन्हरगाँव वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से 8.35 किमी की दूरी पर है जो अभी भी पर्यावरण संवेदनशील क्षेत्र की अंतिम अधिसूचना का इंतजार कर रहा है।

## यूपी ने...

प्रदेश के किसान पिछले साल तीन कृषि कानूनों की वापसी की मांग को लेकर लगभग तेरह महीने तक गाजीपुर बॉर्डर पर बैठे थे। किसानों के बच्चे सेना में भर्ती का ख्वाब लेकर सालों-साल सड़कों पर भागदौड़ और अन्य तरह से तैयारी करते हैं। केंद्र सरकार ने पिछले साल सेना में भर्ती की पुरानी प्रक्रिया समाप्त कर चार साल वाली नई अग्नीवीर योजना लागू कर दी। राहुल गांधी ने अपने भाषण में अग्निवीर से लेकर किसानों के महंगाई, बेरोजगारी जैसे ज्वलंत मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार पर जमकर प्रहार किया। कांग्रेस नेता ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा का मकसद आम आदमी के मन से डर को दूर करना और महंगाई एवं युवाओं में बेरोजगारी की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करना है। बागपत-शामली सीमा पर बड़ौत में नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि 110 दिनों में 3000 किलोमीटर की पैदल दूरी तय करने के बावजूद उन्हें टी-शर्ट में देख मीडिया सवाल उठाता है, लेकिन वह यह नहीं पूछता कि गरीब किसान या मजदूर के बच्चे ने टी-शर्ट क्यों नहीं पहनी है।

## श्रीराम जन्मभूमि...

का कार्यकर्ता हूं और आरएसएस ने कभी भारत जोड़ो यात्रा की निंदा नहीं की है। राम मंदिर ट्रस्ट के एक अन्य वरिष्ठ ट्रस्टी गोविंद देव गिरी ने भी भारत जोड़ो यात्रा की सराहना की। उन्होंने कहा कि मैं भगवान राम से उन्हें आशीर्वाद देने की प्रार्थना करता हूं, ताकि राष्ट्र एकजुट, मजबूत और सामंजस्यपूर्ण बना रहे।

# एनजीटी के आदेश पर सीज क्रेशर प्लांटों को चलवाने वाले भ्रष्ट अधिकारियों पर कब गिरेगी गाज

**संवाददाता।** चित्रकूट



- योगी सरकार के जीरों टोलरेंस को चुनौती दे रहे चित्रकूट के भ्रष्ट अधिकारी
- विद्युत विभाग के छापे में चालू मिली थी तीन सीज क्रेशर मशीने

**राष्ट्रीय** हरित अधिकरण (एनजीटी) के आदेश के बाद उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने नियमों को ताक में रखकर चित्रकूट जिले में चल रहे करीब 49 केशर प्लांटो को सीज कर दिया था। इसके बावजूद विभागीय अधिकारियों से सांठ-गांठ कर करीब एक दर्जन सीज क्रेशर प्लांटो का संचालन हो रहा था।कुछ दिन पूर्व दक्षिणाचंल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड आगरा की टीम ने तीन सीज क्रेशर प्लांटो को चलते हुए पकडा था।इस मामले में टीम ने भरतकूप के अवर अभियंता को निलम्बित कर दिया गया था।जबकि सीज क्रेशर प्लांटो को हर महीना मोटी रकम लेकर चलवाने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई तो दूर उनकी भूमिका की जांच तक नही कराई गई।

उत्तर प्रदेश की सत्तारूढ योगी सरकार भले ही भ्रष्टाचार और अपराध पर जीरो टोलरेंस की नीति पर चलने का दावा कर रहीं हो,लेकिन चित्रकूट जिले में वर्षो से तैनात भ्रष्ट अधिकारी सरकार के मनसूबों पर पानी फेरते नजर आ रहे है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के मानकों को ताक में रखकर चित्रकूट जिले के भरतकूप कस्बे में संचालित हो रहे करीब 49 क्रेशर प्लांटो को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा सीज किया गया था।इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों को लाखों रूपया महीना देकर खनन माफियाओं द्वारा कागजों में सीज एक दर्जन से अधिक क्रेशर प्लांटो का संचालन किया जा रहा था। बीते दिसम्बर माह में अधीक्षण अभियंता रेड (आगरा) ऐजाज अहमद के नेतृत्व में अधीक्षण अभियंता बांदा अरविन्द कुमार,एसडीएम विमलेश कुमार,अवर अभियंता दीपक कुमार एवं विजिलेंस टीम बांदा ने सदर एसडीएम व सीओ सिटी के साथ क्रेशर मंडी में छापेमारी की। अधिकारियों ने संगम स्टोन मिल,राजेंद्र शर्मा स्टोन मिल एवं केजीएन क्रेशर स्टोन मिल में छापे मारे। खनिज विभाग के रिकार्डो में बंद पडी तीनों मशीनों में काम चलते पाया गया। कनेक्शन कटे होने के बाद भी पीछे से अवैध ढंग से तार जोडकर बिजली चोरी की जा रही थी। तीनों क्रशर के जनरेटर भी खराब मिले। इस मामले में क्रशर से तार व अन्य सामग्री जब्त की गई है।

# आठ लोगों पर गुण्डा एक्ट की कार्यवाही से मची खलबली

**संवाददाता।** चित्रकूट



**पुलिस** अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर राजापुर थानाध्यक्ष दीपेन्द्र कुमार सिंह ने आठ लोगों पर गुण्डाएक्ट की कार्यवाही की है। इससे अपराधियों में खलबली मची है।

बुधवार को राजापुर थानाध्यक्ष दीपेन्द्र कुमार सिंह ने आम जनता में भय व आतंक फैलाकर गुण्डागर्दी करने वाले अंकित सिंह पुत्र बुद्धराज सिंह निवासी महुआ, ननका उर्फनीरज पुत्र गोवर्धन आरख निवासी धोबीगंज कस्बा राजापुर, अमन पुत्र रमाशंकर पाण्डेय निवासी कनकोटा, गुड्डू शुक्ला पुत्र रामहर्ष शुक्ला निवासी भटरी, नवल कुमार रैकवार पुत्र फूलचन्द्र निवासी नांदिन कुर्मियान, संजय पुत्र कल्याण यादव निवासी गोसाईंपुर, अवधेश केवट पुत्र बच्चा केवट निवासी रानी तालाब मजरा पराको व अश्वनी कुमार पाण्डेय पुत्र बाबूलाल निवासी गनीवा के खिलाफ थ्रीयूपी गुण्डाएक्ट की कार्यवाही की है। इससे अपराधीतत्वों में खासी खलबली मची है।

इसी क्रम में सरधुआ थाने के दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी की टीम ने वाहनों की जांच दौरान अरविन्द निषाद उर्फ कल्लू पुत्र रामेश्वर निवासी सगवारा को चोरी की मोटरसाइकिल समेत दबोचा है। उसके खिलाफ थाने में मामला दर्जकर चालान किया है।

## क्विक न्यूज

### बाइक सवार के साथ दबंगों ने की मारपीट

**फर्रुखाबाद।** गली में रास्ता न देने के विवाद में बाइक सवार के साथ दबंगों ने की मारपीट कर दी। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। बताते है कि पीड़ित आशीष पांडे की सिखलाई रेजिमेंट क्षेत्र कैंट में स्टेशनरी की दुकान है। करीब रात्रि 8: 30 बजे स्टेशनरी दुकानदार आशीष पांडे दुकान बंद कर बाइक से घर वापस जा रहा था । गली में कुछ युवक रास्ता घेरे खड़े थे। पीड़ित आशीष पांडे ने युवकों से गली से हट जाने के लिए कहा, जिससे युवक गाली गलौज करने लगे । गाली गलौज से मना करने पर युवकों ने मोटरसाइकिल से गिरा दिया और सरिया से जमकर मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित आशीष पांडेय ने एक युवक पर तमंचे की बट से आंख के पास मारने का आरोप लगाया है। शोरगुल सुन उनके पुत्र व पड़ोसी मौके पर आ गए जिसके बाद आरोपित जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए । घायल आशीष पांडेय के पुत्र निपुण पांडेय ने शहर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस मामले का जांच पड़ताल कर रही है।

### डीएम ने लोहिया अस्पताल, रोडवेज बस अड्डा, फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन समेत कई जगहों का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने जिला अस्पताल लोहिया, रोडवेज बस अड्डा, फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन समेत कई जगहों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने रात्रि में ही करीब दो दर्जन से अधिक जरूरतमंदों को कंबल वितरित किये। जिला अस्पताल लोहिया की इमरजेंसी के बाहर लगे अलाव में डीएम ने लकड़ी कम देखकर ईओ रविंद्र कुमार से जवाब मांगा, फटकार लगाई। डीएम ने ईओ को सख्त निर्देश दिए . हर जगह अलाव में लकड़ी पर्याप्त मात्रा में रहे । डीएम ने एडीएम के साथ रोडवेज बस अड्डे पर स्थित रैन बसेरा का भी निरीक्षण किया । नगरपालिका कर्मियों को व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए ,पालीथीन फटने पर तुरंत बदली जाए व रैन बसेरों के पास हर कीमत पर अलाव जलते रहें फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन पर पहुंच कर डीएम ने जरूरत मंदो को कंबल वितरित किए।

### 24 घंटे रैनबसेरा-अलाव की करायें व्यवस्था: एसडीएम

**चित्रकूट।** मानिकपुर के महावीर नगर व स्टेशन परिसर में ठंड का प्रकोप देखते हुए एसडीएम प्रमेश कुमार श्रीवास्तव ने जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के निर्देश पर अस्थायी रैनबसेरा का निरीक्षण किया। उन्होंने कर्मचारियों को 24 घंटे रैनबसेरा चालू रखने व अलाव जलाने के निर्देश दिये। बुधवार को कडाके की ठंड के चलते जिले के लोगों की दिनचर्या अस्त-व्यस्त है। जिलाधिकारी के निर्देश पर स्टेशन परिसर के बाहर बने रैनबसेरा का एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने निरीक्षण कर वहां लगे कर्मचारियों को रैनबसेरा में आने वाले यात्रियों के ठहरने और ठंड से बचाव की व्यवस्था देखी। निर्देश दिये कि 24 घंटे अलाव की व्यवस्था की जाये। एसडीएम प्रमेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि जिलाधिकारी के निर्देश पर रैनबसेरा का निरीक्षण किया है। कर्मचारियों को 24 घंटे रैनबसेरा चालू रखने व कस्बे में अलाव की व्यवस्था करने के निर्देश दिये हैं।

### आज कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी केंद्रीय राज्यमंत्री

**फतेहपुर।** जिले की सांसद व भारत सरकार की उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण और ग्रामीण विकास राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति कल कई कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगी। भाजपा जिला मंत्री एवं सांसद कार्यालय प्रवक्ता शिव प्रताप सिंह ने बताया कि दोपहर 11 बजे भारत सिंह जूनियर हाईस्कूल तपनी विकास खंड खजुहा में गरीबों निराश्रितों को कंबल वितरित करेंगी। दोपहर एक बजे बहुआ विकास खंड कार्यालय में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को आवास स्वीकृति का प्रमाण पत्र व घरौनी (स्वामित्व प्रमाण पत्र) का वितरण करेंगी। सायं तीन बजे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत निर्मित होने वाली शाह से बड़ा गांव सम्पर्क मार्ग का शिलान्यास करेंगी।

### शमीम बने स्क्रैप संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष

**फतेहपुर।** आदर्श व्यापार मंडल की बैठक संस्थापक प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप गर्ग की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमे संगठन का वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। इस दौरान स्क्रैप संघ को मजबूती देने के लिये प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर शमीम खान को मनोनीत किया गया। बुधवार को कलक्टरगंज स्थित व्हाइट हाउस में फतेहपुर आदर्श व्यापार मंडल की बैठक प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप गर्ग की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें प्रदेश महामंत्री काली शंकर द्वारा संगठन का वार्षिक आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। इस दौरान स्क्रैप संघ का विस्तार करते हुए शमीम खान को प्रदेश उपाध्यक्ष पद की ज़िम्मेदारी दी गयी। इस दौरान नवमनोनीत प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम खान का व्यापारियों ने फूल-मालाओं से लादकर जमकर स्वागत किया।

### तूल पकड़ रहा हनुमान मंदिर व शिव मंदिर का मामला

# डीएम को शिकायती पत्र सौंपकर नई कमेटी की जांच की उठाई मांग

- एक पक्ष ने दोनों मंदिरों को बताया पारिवारिक

**संवाददाता।** फतेहपुर

**शहर** के चौक स्थित हनुमान मंदिर व छोटी बाजार स्थित शिव मंदिर का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। दो दिन पूर्व एक पक्ष ने नई कमेटी का गठन किया था। इसकी जानकारी सार्वजनिक होते ही दूसरे पक्ष ने दोनों मंदिरों को अपना पारिवारिक बताते हुए डीएम को शिकायती पत्र सौंपा है। जिसमें अवैध नई कमेटी की जांच कराये जाने की मांग की गई है। जिलाधिकारी को दिये गये शिकायती पत्र में मंदिर के प्रबंधक/सर्वराकार व भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री राम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि दोनों मंदिर उनके पास उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर पारिवारिक हैं। जिसके प्रबंधक उनके परिवार के लोग पचासों वर्षों से हो रहे हैं।

बताया कि पूर्व प्रबंधक राम गुप्ता ने 13 अक्टूबर 2022 को इन दोनों मंदिरों का उन्हें रजिस्ट्रार आफिस में रजिस्ट्री करके प्रबंधक/सर्वराकार बना दिया था। सर्वराकार बनने के बाद जब उन्होने पता किया तो मालूम हुआ कि मंदिर के बगल में मंदिर की जगह पर कुछ लोग अवैध कब्जा करके लगभग दस वर्षों से दुकान लगा रहे हैं। मंदिर के एक भाग को इन लोगों ने अवैध रूप से कब्जा भी किया हुआ है। जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि आठ से दस हजार रूपये प्रतिमाह किराये के रूप में भी वसूल किया जाता है। मंदिर में लगे दान पात्र में लगभग बीस हजार रूपये प्रतिमाह आता है।

# जिलाधिकारी ने तालाब के हो रहे सुंदरीकरण का किया निरीक्षण

**बिंदकी (फतेहपुर)।** तालाब के हो रहे सुंदरीकरण को जिलाधिकारी ने देखा उन्होंने आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि जल्द ही सुंदरीकरण का काम पूरा कराया जाए जो भी परेशानी हो रही हो उनको अवगत कराया जाए।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को नगर के मोहल्ला पुरानी बिंदकी स्थित मां ज्वाला देवी मंदिर के निकट के तालाब के सुंदरीकरण का जिलाधिकारी फतेहपुर श्रीमती श्रुति ने निरीक्षण किया। उन्होंने तलाक के चारों तरफ बंद है ट्रैक का निरीक्षण किया, इसके अलावा मौजूद उप जिलाधिकारी अंजू वर्मा तथा नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी निरुपमा प्रताप को निर्देश दिया कि तालाब के पानी तथा जलकुंभी को निकाल कर उसे पूरी तरह से साफ सुथरा कराया जाए, ताकि यह तालाब का सुंदरीकरण हो सके और पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जा सके। इस मौके पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष एवं समाजसेवी लक्ष्मीचंद्र उर्फ मोना ओमर, नगर पालिका परिषद के प्रधान लिपिक मनोज शुक्ला, कोतवाली बिंदकी के इंस्पेक्टर शमशेर बहादुर सिंह सहित कई अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# उत्कर्ष कार्य करने वाले डाकपाल हुए सम्मानित



**फतेहपुर।** प्रधान डाकघर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन सेवाओ में उत्कर्ष कार्य करने वाले डाकपाल को उपहार प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बुधवार को प्रधान डाकघर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें वर्ष 2022 में आधार सेवा सीईएलसी व सुकन्या समृद्धि खातों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीपीएम व एबीपीएम को मुख्य अतिथि, डाकघर अधीक्षक अतुल कुमार द्वारा उपहार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सुकन्या खातों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शाखा डाकपाल बुढवा शाखा प्रवीण कुमार, डाकपाल कोराई कौशल कुमार, डाकपाल सुल्तानपुर घोष दयाराम को सम्मानित किया गया। जबकि आधार कार्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले डाकपाल बंथरा शाखा बाल गोविन्द, डाकपाल महोई धीरज कुमार, डाकपाल सेमरा मानापुर आयुष द्विवेदी को सम्मानित किया गया। सीईएलसी में अन्य शाखा डाकपालो को भी सम्मनित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डाक अधीक्षक ने सभी डाकपालो के कार्यो की प्रशंसा करते हुए वित्तीय वर्ष के बचे माह के लिए लक्ष्य भी आवंटित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रवीण तिवारी द्वारा किया गया। इस मौके पर सहायक अधीक्षक लालता प्रसाद साहू, डाक निरीक्षक अनुज कुमार, वीके अग्निहोत्री, परिवाद निरीक्षक शिवम गौतम, मेनेजर विनोद कुमार, पोस्टमास्टर कुशल पाल सिंह के साथ-साथ डाक मंडल सदर के समस्त डाक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दंपत्ति के साथ मारपीट किए जाने की एसपी से शिकायत

**फतेहपुर।** असोथर थाना क्षेत्र के ग्राम टीकर में मामूली बात को लेकर दबंगों द्वारा दंपत्ति के साथ की गई मारपीट के मामले को लेकर पीड़ित पक्ष ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर दोषी व्यक्तियों के खिलाफकानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की। एसपी को दिये गये शिकायती पत्र में टीकर गांव निवासी जगदेव पुत्र शीतल पाल ने बताया कि तीन जनवरी को वह अपने खेत से पिकअप में आलू लादकर अपने घर ला रहा था। रास्ते में रामनाथ पुत्र दर्शन ने पिकअप ले जाने से मना किया। जिस पर उसने कहा कि यह आम रास्ता है वह गाड़ी लेकर जायेगा और वह पिकअप लेकर घर आ गया। तभी रामनाथ अपने पुत्र राज बहादुर, श्याम बहादुर के साथ लाठी-डंडा लेकर उसके घर आ गये और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट करने लगे। शोर-शराबा सुनकर उसकी चार माह की गर्भवती पत्नी उमा देवी बीच-बचाव करने आ गई।

# डीएम ने किया निर्माणाधीन सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट का निरीक्षण

**संवाददाता।** उरई (जालौन)



**बुधवार** को जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने नगर पालिका परिषद उरई द्वारा ग्राम मंगराया में निर्माणाधीन सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देशित करते हुये कहा कि कार्य मानक, गुणवत्ता के अनुरूप निर्धारित समय में पूर्ण कराया जाये इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये।

ग्राम मंगराया में सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट बनाया जा रहा है इसके बनने से ठोस कचड़े का प्रबंधन हो सकेगा। अब तक ठोस कचड़ा यूं ही पड़ा रहता था इसे जलाया जाता तो अधिक धुंआ फैलने के कारण प्रदूषण बढ़ता हैं। इस अपशिष्ट कचड़े का प्रबंधन होगा तो प्रदूषण में कमी आयेगी और कचड़े का निस्तारण भी हो सकेगा।

निर्माणाधीन प्लांट के माध्यम से नगर पालिका परिषद क्षेत्र से निकलने वाले कूड़े का निस्तारण किया जायेगा। सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट 90 टीपीडी का निर्माण 1094.40 लाख रुपए की धनराशि से कराया जा रहा हैं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका उरई विमलापति, कार्यदायी संस्था सहित आदि मौजूद रहे।

### फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट को जल्द कराया जाये संचालित:डीएम

**उरई।** जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने राजकीय मेडिकल कालेज उरई के पीछे सेप्टिक मैनेजमेंट के अन्तर्गत निर्मित किये जा रहे 32 केएलडी क्षमता के फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण संबंधी सभी कार्यो को निर्धारित अवधि के अन्तर्गत पूर्ण कर संचालित किये जाने के निर्देश दिये। इस प्लांट के निर्माण हेतु रुपए 521.33 लाख की धनराशि सेन्टेज सहित शासन से स्वीकृति हुई थी। निर्माणाधीन प्लांट का लगभग 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है जिस पर जिलाधिकारी ने शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कर प्लांट संचालित किया जाये। प्लांट के संचालन हेतु 3 नगर सैसपूल टैंकर क्रय किये गये है जिनकी क्षमता 2 नग 4 हजार लीटर व 1 नग 1 हजार लीटर के है। इन टैंकरों से शहर के सैप्टिक टैंकों से स्लज लाकर ट्रीट किया जायेगा। यह प्लांट पूर्णत: सौर्य ऊर्जा पर संचालित हैं। जिलाधिकारी ने स्थापित यंत्र संयंत्र को चलवाकर स्लज ट्रीट कराकर भी देखा गया।

# दहेज के लिए पत्नी की जलाकर हत्या करने वाला पति गिरफ्तार

**संवाददाता।** रामपुरा (जालौन)

**दहेज** के लिए पत्नी का उत्पीड़न करके आग लगाकर जान से मारने के आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

रामपुरा थाना अंतर्गत ग्राम झरेला निवासी अनंत कुमार पुत्र दीनदयाल को रामपुरा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । बताया जाता है कि अनंत कुमार का विवाह 18 फरवरी 2020 को पिंकी पुत्री भागीरथ निवासी छानी अहीर थाना सिरसा कलार के साथ विधि पूर्वक संपन्न हुआ था। पिता ने अपनी पुत्री के विवाह में सामर्थ अनुसार भरपूर दहेज दिया था लेकिन पिंकी का पति अनंत कुमार व उसके माता-पिता चार पहिया कार की मांग करते हुए पिंकी की मारपीट कर उत्पीड़न करते थे व जान से मारने की धमकी देते रहते थे। अपनी मांग पूरी न होने पर अनंत कुमार पुत्र दीनदयाल, दीनदयाल पुत्र आछेलाल, श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी दीनदयाल निवासी झरैला थाना रामपुरा ने 27 दिसंबर 2022 को पिंकी की मारपीट कर मरणासन्न कर दिया तदोपरांत आग लगाकर उसकी हत्या कर दी। रामपुरा थाना पुलिस ने मृतक के पिता भागीरथ की तहरीर के आधार पर अपेक्षित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर मृतका के ससुर दीनदयाल को तत्काल गिरफ्तार कर लिया था लेकिन पति अनंत कुमार मौके से फरार हो गया था। मुखबिर की सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष रामपुरा राजीव कुमार सिंह बैस ने उसे गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की हैं। गिरफ्तार अभियुक्त को संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# जिला अस्पताल के पोषण पुर्नवास केंद्र में मिली अव्यवस्थायें

- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में 1811 बालिकाओं को मिला लाभ
- प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य का भ्रमण

**संवाददाता।** उरई (जालौन)



**बुधवार** को उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य डॉ. सुचिता चतुर्वेदी द्वारा जिला चिकित्सालय स्थित पीकू वार्ड का किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अवनीश कुमार बनौधा को दिए आवश्यक निर्देश । इसके बाद चिकित्सालय स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र का किया गया निरीक्षण के दौरान वहां की अव्यवस्था को लेकर के कई प्रश्न किए तथा तत्काल पोषण पुनर्वास केंद्र की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

इसके बाद माननीय सदस्य द्वारा चिकित्सालय परिसर स्थित आपकी सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया गया तथा निरीक्षण के क्रम में वन स्टॉप सेंटर के कार्मिकों को विधिवत निर्देश दिए कि किसी भी हिंसा से पीड़ित महिला या बालिका को आप लोग भावात्मक सपोर्ट देकर उसके पारिवारिक पुनर्वासन में सहयोग प्रदान करें तथा उस केस का नियमित फॉलोअप करें। इसके पश्चात टिमरों में आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण सदस्य द्वारा की गई तथा आंगनवाड़ी केंद्र के गेट पर स्थित कुएं को लेकर गहरा रोष प्रकट किया गया निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी इफ्तिखार अहमद को निर्देशित किया कि कुआं को ढकने के लिए या इससे बच्चों के जानमाल को खतरा न हो इसके लिए जिला पंचायत राज अधिकारी से बात कर समुचित कदम उठाएं। इसके बाद टिमरों में अनुरागी संस्था द्वारा आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए सदस्य ने नशा उन्मूलन तथा सामाजिक कुरीति बाल विवाह को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने के लिए संबंधित लोगों से आव्हान किया। इसके उपरांत सदस्य ने कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बच्चों के लिए काम करने वाली समस्त विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आहूत की गई।

# भोगनीपुर में हो रहीं ताबड़तोड़ चोरियों से सहमा जनमानस

**संवाददाता।** पुखरायां कानपुर, देहात

- कोतवाली के इर्दगिर्द हो रहीं ज्यादातर चोरियां
- पुलिस नहीं कर पा रही चोरियां का खुलासा

**भोगनीपुर** थाना क्षेत्र में ताबड़तोड़ हो रही चोरियां जहां पुलिस के लिये चुनौती बनी है वहीं रात वक्त चोरों की बढ़ी चहलकदमी से जनमानस खासा परेशान दिख रहा है। बुधवार की रात कोतवाली से महज 100 कदम की दूरी पर चौथे दिन फिर से चोरी हो गई है। भोगनीपुर कस्बे में यह लगातार चौथी चोरी है। लेकिन पुलिस ने एक भी चोरी का खुलासा नहीं किया है। जिससे जनमानस की रात की नींद हराम हो गई है।

भोगनीपुर निवासी जगन्नाथ चौधरी ने बताया कि चौराहे पर अंडे की दुकान है। शीत लहर के चलते दुकान में देर रात तक बिक्री होती है। वह रात करीब 10 बजे दुकान बंद करके घर चला गया था। सबेरे छह बजे जब दुकान खोली तो सटर का ताला टूटा मिला। दुकान में रखा अंडा का पूरा स्टाक गायब था। वहीं कीमती सामान, गोल्लक में रखी नगदी और कीमती ठेलिया भी चोरी कर ले गए हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले गत माह 22 दिसंबर की रात भोगनीपुर के अहरौलीशेख गांव स्थित नहर कोठी के निकट एक विवेकानंद नगर निवासी सौरभ सचान के सूने घर में करीब 13 लाख रूपये की चोरी हो गई थी। वहीं 25 दिसंबर की रात कालपी रोड स्थित एक भट्ठा मालिक सुरेंद्र सिंह यादव की टायर एजेंसी में भी चोरी हो गई थी। बाद में 26 दिसंबर की रात भोगनीपुर के इटावा चौराहे स्थित निगम की टायर एजेंसी में चोरी हो गई थी। उसके तुरंत बाद मंगलवार को अमरौधा निवासी अनीश की दुकान का ताला तोड़कर स्पेयर पार्ट का सारा सामान चोर उठा ले गए थे। उक्त चारो चोरियों कोई खुलासा होने से पहले सोमवार की रात अमरौधा के प्रसिद्ध कालेश्वर मंदिर से हजारों की कीमत के घंटे चोरी हो गए। मंदिर के महंत कल्याणदास ने बताया कि मंदिर ताला बंद था लेकिन चोरों ने मेनगेट को जोर धक्का देकर गेट खोल लिया था। इधर मंगलवार की रात भोगनीपुर निवासी जगन्नाथ चौधरी के दुकान का ताला तोड़कर चोर कीमती सामान ले गए हैं। दुकानदार ने भोगनीपुर में तहरीर दी है। कोतवाल अजीत पाल सिंह ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

# विधान परिषद कानपुर खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन हेतु 30 जनवरी को मतदान

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**उत्तर** प्रदेश विधान परिषद कानपुर खंड स्नातक एवं शिक्षक द्विवार्षिक निर्वाचन 2023 के मतदान स्थलों के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी नेहा जैन के निर्देशन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी प्रशासन केशव नाथ गुप्त की अध्यक्षता में समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कलेक्ट्रेट मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश विधान परिषद कानपुर खंड स्नातक/खंड शिक्षक निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है, जिसके तहत आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रमानुसार 30 जनवरी 2023 को मतदान संपन्न होगा। निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने हेतु आयोग द्वारा प्रति मतदेय स्थल पर 800-1400 का मानक निर्धारित किया गया है, दिनांक 30 दिसंबर 2022 को अंतिम प्रकाशित सूची अनुसार स्नातक निर्वाचन क्षेत्रवार मतदाताओं में पुरुष 14049 महिला 7345 कुल 21394, इसी प्रकार शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में पुरुष 1649 महिला 427 कुल 2076 इसी प्रकार आयोग के निर्देशानुसार 800-1400 मतदाताओं के आधार पर निर्वात मतदान केंद्र/मतदेय स्थल प्रस्तावित किये गये है जिसमें स्नातक निर्वाचन क्षेत्र हेतु कुल 14 मतदान केंद्र में कुल 23 मतदेय स्थल तथा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र हेतु भी कुल 14 मतदान केन्द्र में कुल 14 मतदेय स्थल निर्धारित है। इसी प्रकार तहसील रसूलाबाद के अंतर्गत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित मतदेय स्थल संख्या 69-क्षेत्र पंचायत कार्यालय रसूलाबाद को स्थानाभाव के कारण परिवर्तित पर नगर पंचायत कार्यालय रसूलाबाद में परिवर्तन प्रस्तावित किया गया है। बैठक में अन्य बिंदुओं पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा सुझाव दिये गये।

# गौशाला में मृत मवेशियों को ट्रैक्टर से घसीटा, हर साल गौबंश संरक्षण में खर्च हो रहे करोड़ों

**सरीला (हमीरपुर)।** विकासखंड क्षेत्र के धौहल बुजुर्ग गांव की गौशाला से बुधवार को अमानवीयता की ऐसी तस्वीर सामने आई जिसे देखकर हर कोई हैरान रह गया। धौहल बुजुर्ग गांव की गौशाला में मृत मवेशियों को अमानवीय तरीके से ट्रैक्टर के पीछे रस्सी से बांधकर घसीटते हुए ले जाने का वीडियो



सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में नजर आ रहा है कि ट्रैक्टर से बांधकर दो मृत मवेशियों व दूसरी बार में एक मवेशी को बांधकर घसीटकर ले जाते हुए दिखाई दे रहा है। खंड विकास अधिकारी रवि प्रताप चौधरी ने बताया कि मामला उनके व एसडीएम के संज्ञान में आने पर तीन सदस्यीय टीम बनाई गई है। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिले में गौशालाओं की स्थिति बेहद दयनीय है ज्यादातर गौशालाओं में गौबंश सर्दी से तड़प रहे है मगर उनके बचाव के लिये कोई प्रबंध नही किया गया है जब कि जिले में करोड़ो रुपये हर साल गायों के बचाव में खर्च हो रहे है। पिछले साल आडिट में करोडो रुपये की हेराफेरी उजागर हुई थी इस साल किसी भी बीडिओ ने इस बजट का आडिट नही कराया है।

# इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सकों ने मनाया अधिकारिता दिवस

**संवाददाता।** हमीरपुर

- इलेक्ट्रो होम्योपैथी द्वारा असाध्य रोगों को खत्म करेंगे- डॉ0 गणेश सिंह

**आज** अधिकारिता दिवस के अवसर पर स्थानीय इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सक प्रशिक्षण संस्थान में अधिकारिता दिवस के अवसर पर इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल ऐसोसियेशन आफ इण्डिया के बुन्देलखण्ड प्रभारी डॉ0 नरेन्द्र भूषण निगम ने कहा कि आज का दिन हम सबके लिये गौरव का दिन है। उ0प्र0 शासन ने शासनादेश जारी कर इलेक्ट्रो होम्योपैथी के क्षेत्र में कार्य करने के लिये सारी बाधायें दूर करते हुये अधिकार प्रदान किया था। अब आवश्यकता है कि हम अपने अधिकारों को समझें और पूर्ण रूपेण अधिकार के साथ कार्य करते हुये जनता की सेवा करें व जन स्वास्थ्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। डॉ मानसी ने अधिकारिता दिवस के अवसर में कहा कि इलेक्ट्रो होमिओपेथी चिकित्सक 4 जनवरी से 11 जनवरी तक अधिकारिता सप्ताह मानते हुए जनता के लिए निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर अपनी पहचान भी कर सकते है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये बुन्देलखण्ड इलेक्ट्रो होम्योपैथिक स्टडी सेन्टर के प्रभारी एवं सलाहकार डॉ0 गणेश सिंह ष्विद्यार्थी ने कहा कि अब समय आ गया है कि हम अपनी क्षमता का परिचय दें और विधि सम्मत ढंग से व्यवस्थित होकर कार्य करे व अविलम्ब पंजीकरण करा लें । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ0 मेहेर मधुर निगम, नम्रता कंचन गुप्ता प्रियंका.. डॉ0 रिचा ओमर मनु यादव, डॉ0 प्रमोद आदि लोग उपस्थित हुये।

# मोबाइल फोन के इस्तेमाल के कारण यूक्रेन को सैनिकों के ठिकाने का पता चला : रूस

**एपी** । कीव

**रूसी** सैनिकों द्वारा मोबाइल फोन के अनधिकृत इस्तेमाल से सिग्नल का पता चलने के कारण यूक्रेन के रॉकेट ने उस जगह हमले किए जहां वे ठहरे हुए थे। रूस की सेना ने मंगलवार को कहा कि सप्ताहांत में यूक्रेन के हमलों में मारे गए सैनिकों की संख्या 89 हो गई है।

जनरल लेफ्टिनेंट सर्गेई सेवरीयूकोव ने एक बयान में बताया कि फोन के सिग्नल की वजह से यूक्रेन की सेना को सैन्यकर्मियों के ठिकाने का पता चल गया और उसने हमले किए। सेवरीयूकोव ने कहा कि भविष्य में इस तरह की त्रासदी को रोकने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने नियमों के उल्लंघन के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को दंडित करने का वादा किया।

यह युद्ध शुरू होने के बाद से रूसी सैनिकों पर किए गए सबसे घातक हमलों में से एक था। यूक्रेन की सेना ने हिमार्स प्रक्षेपण प्रणाली से उस जगह पर छह रॉकेट दागे जहां सैनिक ठहरे हुए थे। उनमें से दो रॉकेट को गिरा दिया गया लेकिन इमारत से टकराने के बाद इनमें विस्फोट हुआ जिससे ढांचा क्षतिग्रस्त हो गया।

ब्रिटेन के खुफिया अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि अधिक संख्या में सैनिकों के हताहत होने के लिए रूस की गैर-पेशेवर सैन्य प्रथाओं को आंशिक रूप से जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने ट्वीट किया, नुकसान के स्तर को देखते हुए इस बात की अधिक संभावना है कि गोला-बारूद सैन्य ठिकाने के पास जमा किया जा रहा था, जहां हमलों के दौरान विस्फोट हुए।



इस बीच, दोनेत्सक क्षेत्र में रूस द्वारा नियुक्त नेता डेनिस पुशिलिन ने दिवंगत रूसी सैनिकों के साहस और वीरता की प्रशंसा की। पुशिलिन ने टेलीग्राम पर कहा कि आग की लपटों में घिरी इमारत से अपने साथियों को निकालने में कुछ सैनिक मारे गए।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने पूर्व में कहा था कि हमले में 63 सैनिक मारे गए। सेवरीयूकोव ने बताया कि आपात सेवा कर्मियों द्वारा इमारत का मलबा हटाए जाने के बाद कुछ अन्य शव मिलने के साथ मृतकों की संख्या 89 हो गई। हमले में रेजिमेंट का उप कमांडर भी मारा गया।

कुछ अन्य खबरों में मृतकों की संख्या ज्यादा होने की बात कही गई है लेकिन उनकी पुष्टि नहीं हो पाई। यूक्रेन के सशस्त्र बलों के सामरिक संचार निदेशालय ने रविवार को दावा किया कि मकीवका में एक व्यावसायिक स्कूल की इमारत में लगभग 400 लामबंद रूसी सैनिक मारे गए और लगभग 300 अन्य घायल हो गए।

यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय ने बुधवार को कहा कि दक्षिण से लेकर पूर्व तक नौ क्षेत्रों में रूसी सैन्य बलों के हमले में पिछले 24 घंटे में यूक्रेन के पांच लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए।

यूक्रेन रूसी हमले के खिलाफ अपनी लड़ाई में पश्चिमी देशों से लगातार सहयोग मांग रहा है। तीन फरवरी को यूरोपीय संघ-यूक्रेन शिखर सम्मेलन में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ईयू परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वोन डेर लेएन से यूरोपीय सहयोग को लेकर बातचीत करेंगे। सम्मेलन के स्थल की जानकारी नहीं दी गई है।

# पाकिस्तानी तालिबान ने पीएमएल-एन, पीपीपी के शीर्ष नेताओं को निशाना बनाने की धमकी दी

**भाषा** । इस्लामाबाद

**प्रतिबंधित** तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने बुधवार को धमकी दी कि अगर सत्तारूढ़ गठबंधन के दो प्रमुख राजनीतिक दलों ने आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कदम का समर्थन जारी रखा तो वे पार्टी के शीर्ष नेताओं को निशाना बनाएंगे। टीटीपी को अल-कायदा का करीबी माना जाता है। उसने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो-जरदारी के नेतृत्व वाली पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के सत्तारूढ़ गठबंधन को चेतावनी दी है।

आतंकवादी समूह की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है, अगर ए दोनों दल अपने रुख पर कायम रहे और सेना के गुलाम बने रहे तो उनके प्रमुख लोगों के खिलाफ कार्वाई की जाएगी।

समूह ने चेतावनी दी कि लोगों को ऐसे प्रमुख लोगों के करीब जाने से बचना चाहिए। इसने दावा किया कि टीटीपी केवल पाकिस्तान में जिहाद चला रहा था और हमारा निशाना देश पर कब्जा कर रही सुरक्षा एजेंसियां हैं।

इसने विशेष रूप से विदेश मंत्री बिलावल को चेतावनी दी, जिनकी मां पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो 2007 में एक आतंकवादी हमले में मारी गई थीं। बयान में कहा गया है, हालांकि बिलावल अभी बच्चा है, इस बेचारे ने अभी तक नहीं देखा है कि युद्ध की स्थिति क्या होती है। साथ ही इसमें कहा गया है कि पीपीपी नेता ने टीटीपी पर एक खुले युद्ध की घोषणा की थी।

समूह ने यह भी कहा कि उसने लंबे समय से किसी भी राजनीतिक दल के खिलाफ कार्वाई नहीं की थी लेकिन दुर्भाग्य से... बिलावल भुट्टो जरदारी ने अपनी मां के प्यार की प्यास बुझाने के लिए अमेरिका को मां का दर्जा दिया।

आतंकवादी संगठन ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री शरीफ ने अमेरिका को खुश करने के लिए टीटीपी के खिलाफ युद्ध में अपनी पूरी पार्टी के समर्थन का वादा किया था। टीटीपी ने धार्मिक राजनीतिक दलों को यह कहते हुए बख्श दिया कि टीटीपी की नीति में उनके खिलाफ कार्वाई की कोई गुंजाइश नहीं है। हालांकि, इसमें उनसे कहा गया है कि हम आपसे (धार्मिक पार्टियों से) भी अनुरोध करते हैं कि हमारे खिलाफ गतिविधियों से दूर रहें।

यह चेतावनी राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के बैनर तले देश के असैन्य-सैन्य नेतृत्व की बैठक के दौरान देश में आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता दिखाने के संकल्प के कुछ दिनों बाद आई है।

# नेपाल में सत्तारूढ़ गठबंधन के नेताओं ने न्यूनतम साझा कार्यक्रम पर चर्चा की

**भाषा** । काठमांडू

**नेपाल** के सत्तारूढ़ सात दलीय गठबंधन के प्रमुख नेताओं ने बुधवार को यहां बैठक की और नई सरकार के न्यूनतम साझा कार्यक्रम एवं मंत्रिपरिषद विस्तार पर चर्चा की।

प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास पर बैठक हुई। प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड की सरकार अगले सप्ताह विश्वास मत का सामना करेगी।

प्रधानमंत्री कार्यालय के करीबी सूत्रों ने कहा कि बैठक में प्रधानमंत्री और सीपीएन (माओवादी केंद्र) के अध्यक्ष प्रचंड, सीपीएन (यूएमएल) के अध्यक्ष के पी शर्मा ओली, उप प्रधानमंत्री तथा राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रबि लामिछाने, जनता समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष उपेंद्र यादव एवं राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के अध्यक्ष राजेंद्र लिंगदेन शामिल हुए।

सूत्रों के अनुसार बैठक में ताजा राजनीतिक घटनाक्रम, सरकार के न्यूनतम साझा कार्यक्रम और मंत्रिपरिषद के विस्तार समेत अन्य विषयों पर चर्चा हुई। सत्तारूढ़ गठबंधन के शीर्ष नेताओं ने प्रचंड नीत सरकार के विश्वास मत से संबंधित मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया। प्रचंड नीत गठबंधन सरकार को 275 सदस्ईय प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत प्राप्त करने के लिए कम से कम 138 मत प्राप्त करने होंगे।

**नेकपा( एकीकृत समाजवादी ) प्रचंड नीत सरकार में शामिल होने को लेकर जल्दबाजी नहीं करेगी:** नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत समाजवादी) के अध्यक्ष माधव कुमार नेपाल ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी को प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार में शामिल होने की कोई हड़बड़ी नहीं है।

नेपाल की 275 सदस्ईय प्रतिनिधि सभा में, नेकपा (एकीकृत समाजवादी) के पास 10 सीट हैं। माधव नेपाल ने कहा कि उनकी पार्टी सरकार में अपनी भागीदारी के बारे में निर्णय लेने में जल्दबाजी नहीं करेगी। विश्वासमत प्रस्ताव 10 जनवरी को रखने की संभावना है। माय रिपब्लिका अखबार की खबर के मुताबिक, माधव नेपाल ने पार्टी से संबद्ध यूथ एसोसिएशन नेपाल, काठमांडू जिला समिति द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि राजनीतिक तस्वीर अभी स्पष्ट नहीं है और उनकी पार्टी के पोलित ब्यूरो की बैठक में भी कोई फैसला नहीं किया गया है।

उन्होंने कहा कि वे सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों तथा सरकार में शामिल राजनीतिक दलों की गतिविधियों को देखने के बाद 10 जनवरी को इस पर फैसला करेंगे।

माधव नेपाल ने दो जनवरी को नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी-माओवादी केन्द्र के प्रमुख प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल होने की संभावना से इनकार किया था। उन्होंने कहा कि मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में पार्टी अच्छा कर रही है और वह किसी आरोप-प्रत्यारोप में उतरने के पक्ष में नहीं है।

## ईरान ने प्रख्यात अभिनेत्री तारनेह को रिहा किया

**दुबई ( एपी ) :** ईरान ने करीब तीन सप्ताह के बाद प्रख्यात अभिनेत्री तारनेह अलीदूस्ती (38) को रिहा कर दिया जिन्हें सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने के आरोप में एक व्यक्ति को दी गई फांसी के प्रति एकजुटता प्रकट करने के लिए जेल भेजा गया था। स्थानीय मीडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। ईरान की अर्ध आधिकारिक समाचार एजेंसी आईएसएन ने बुधवार को खबर दी कि असगर फरहदी की ऑस्कर सम्मानित फिल्म द सेल्समैन में अभिनय करने वाली अलीदूस्ती को जमानत पर रिहा कर दिया गया है। उनकी मां नादिरी हकीमेलाही ने कहा कि एक इंस्टाग्राम पोस्ट के मामले में उनकी बेटी को रिहा किया जाएगा। अलीदूस्ती कई ईरानी हस्तियों के साथ उस अभियान में शामिल हुईं थीं जिसमें राष्ट्रव्यापी प्रदर्शनों का समर्थन किया गया था और अधिकारियों द्वारा विरोधियों को हिंसक तरीके से कुचलने की निंदा की गई थी। उन्होंने इंस्टाग्राम को निष्क्रिय जाने से पहले कम से कम तीन पोस्ट प्रदर्शनकारियों के समर्थन में किए थे।

# बाइडन ने फिर एरिक गार्सेटी को भारत के राजदूत के तौर पर किया नामित

**भाषा** । काठमांडू

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन ने एरिक गार्सेटी को एक बार फिर भारत के अगले राजदूत के तौर पर नामित किया है। व्हाइट हाउस ने विश्वास व्यक्त किया है कि इस बार अमेरिकी सीनेट द्वारा उनके नाम की पुष्टि की जाएगी।

गार्सेटी को अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन का करीबी माना जाता है। वह 2013 से लॉस एंजिलिस के मेयर हैं। व्हाइट हाउस ने उनका नाम सीनेट के पास भेजने के बाद एक बयान में कहा, कैलिफोर्निया के एरिक एम. गार्सेटी भारत में अमेरिका के राजदूत हो सकते हैं। पिछली कांग्रेस में जिन लोगों के नामों की सीनेट ने पुष्टि नहीं की थी, व्हाइट हाउस ने उन्हें पुन: नामित करने की कवायद शुरू की है।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन ज्यां-पियरे ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, जैसा कि विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने हाल ही में कहा था कि भारत के साथ हमारे संबंध महत्वपूर्ण हैं...। उन्होंने कहा कि मेयर गार्सेटी के नाम को पहले मंजूरी नहीं मिली थी, उन्हें दोनों दलों का समर्थन हासिल है।

ज्यां-पियरे ने कहा, वह इस महत्वपूर्ण पद पर सेवा देने के लिए पूरी तरह से योग्य हैं। मेयर गार्सेटी और हमें उम्मीद है कि सीनेट उनके नाम की तुरंत पुष्टि करेगी। इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति ने भारत के अगले राजदूत के तौर पर गार्सेटी को जुलाई 2021 में नामित किया था। एक आंतरिक जांच के दौरान गार्सेटी के नाम की पुष्टि पर रोक लगा दी गई थी।

गार्सेटी (51) के कार्यालय के एक कर्मचारी पर यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। सांसद चक ग्रासले के कार्यालय में जांचकर्ताओं ने इस बात की तफ्तीश की कि गार्सेटी, राजनीतिक सलाहकार रिक जैकब्स के सिटी हॉल में तथा उसके आसपास महिलाओं और पुरुषों के प्रति अनुचित व्यवहार के बारे में क्या जानते थे।

भारत में अमेरिकी राजदूत का पद करीब दो साल से रिक्त है।

## मैककार्थे को अध्यक्ष पद के लिए नहीं मिले पर्याप्त मत

**वाशिंगटन ( एपी ) :** अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी से प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार केविन मैककार्थे को सोमवार को हुए मतदान में पर्याप्त संख्या में वोट नहीं मिले और इसी अफरा तफरी के बीच नई कांग्रेस के पहले दिन की कार्यवाही समाप्त हो गई।

अध्यक्ष पद के लिए मैककार्थे को 218 मत मिलने जरूरी थे जबकि दो चरण में उनके पक्ष में केवल 203 वोट आए। रिपब्लिकन पार्टी के सदस्य बॉब गुड ने कहा, केविन अध्यक्ष नहीं बनेंगे।

अध्यक्ष का चुनाव नहीं हो पाने के कारण नए सदस्यों को शपथ दिलाने, समिति के अध्यक्षों को नामित करने, सदन की कार्यवाही आदि काम प्रतिनिधिसभा में नहीं हो सकते।

## ट्विटर ने राजनीतिक विज्ञापन पर पाबंदी में ढील देने की घोषणा की

**सैन फ्रांसिस्को (एपी) :** माइक्रो ब्लॉगिंग साइट ट्विटर ने कहा है कि वह राजनीतिक विज्ञापन पर अपने तीन साल पुराने प्रतिबंध में ढील देगी। दरअसल, पिछले साल के अंत में इस सोशल मीडिया मंच को खरीदने के बाद एलन मस्क राजस्व बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं।

सोशल मीडिया कंपनी ने मंगलवार देर रात ट्वीट किया, हम अमेरिका में उद्देश्य आधारित विज्ञापनों के लिए अपनी विज्ञापन नीति में ढील दे रहे हैं। कंपनी ने अपने ट्विटर सेफ्टी अकाउंट पर कहा, हमारी योजना राजनीतिक विज्ञापन को विस्तारित करने की भी है, जिसकी आने वाले हफ्तों में हम अनुमति देंगे। उल्लेखनीय है कि ट्विटर ने सोशल मीडिया पर गलत सूचना फैलाए जाने के कारण बढ़ती चिंता को लेकर सभी राजनीतिक विज्ञापनों पर 2019 में पाबंदी लगा दी थी।


## जर्मनी में टेलीग्राम युग का अंत

### अंतिम दिन हजारों लोगों ने सेवा का लाभ उठाया

**भाषा** । बर्लिन

**देश** की मुख्य डाक सेवा डॉयचे पोस्ट ने बुधवार को कहा कि जर्मनी में टेलीग्राम के युग का अंत हो गया है और इस सेवा के संचालन के आखिरी दिन हजारों लोगों ने कभी बेहद लोकप्रिय रही इस सेवा का लाभ उठाया।

डॉयचे पोस्ट ने कहा कि नए साल की पूर्व संध्या पर सेवा के अंतिम दिन 3,228 टेलीग्राम भेजे गए थे। यह हाल के वर्षों में मासिक औसत 200--300 टेलीग्राम से काफी ज्यादा था। मुख्य डाक सेवा डॉयचे पोस्ट ने कहा कि वह दुनिया भर में अंतिम डाक सेवाओं में से एक थी जो अब तक टेलीग्राम सेवा की पेशकश कर रही थी और हाल के वर्षों में यह केवल घरेलू स्तर पर सिमट चुकी थी। 2018 से विदेशों में गंतव्यों के लिए कोई टेलीग्राम सेवा नहीं है। टेलीग्राम 19वीं सदी का एक आविष्कार है जो काफी समय से व्यापक रूप से अप्रचलित माना जाता रहा है क्योंकि इसके लिए काफी शुल्क चुकाना पड़ता था। हाल के वर्षों में, जर्मनी में 160 अक्षरों तक का टेलीग्राम भेजने पर करीब 1100 रुपए (12.57 यूरो) का खर्च आता था।




# फिल्म रोमियो एंड जूलियट के कलाकारों ने पैरामाउंट पिक्चर्स पर किया मुकदमा

**एपी** । लॉस एंजिलिस

**फिल्म** रोमियो एंड जूलियट के मुख्य कलाकारों ने फिल्म में उनके निर्वस्त्र दृश्य को लेकर पैरामाउंट पिक्चर्स पर 50 करोड़ डॉलर से अधिक का मुकदमा दायर किया है।

यह फिल्म 1968 में आई थी और दोनों कलाकारों का दावा है कि जब यह दृश्य शूट किया गया वे नाबालिग थे और इसके लिए उनकी अनुमति भी नहीं ली गई थी।

ओलिविया हसी (71) तब 15 साल की और लियोनार्ड व्हिटिंग (72) तब 16 साल के थे। दोनों ने यौन उत्पीड़न, यौन दुराचार और धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए लॉस एंजिलिस काउंटी सुपीरियर कोर्ट में मुकदमा दायर किया है।

मुकदमे में आरोप लगाया गया कि फिल्म के निर्देशक फ्रैंको ज़ेफिरेली ने उनसे पहले कहा था कि वे दोनों बेडरूम के उस दृश्य में देह के रंग के अंदरूनी वस्त्र पहनेंगे। इसकी दृश्य की शूटिंग अंतिम दिनों में की गई थी। शूट वाले दिन सुबह ज़ेफिरेली ने रोमियो का किरदार निभा रहे व्हिटिंग और जुलियट का किरदार निभा रही हसी से कहा कि उनके शरीर पर केवल मेकअप किया जाएगा और कैमरा इस तरह लगाया जाएगा कि उनके निजी अंग नहीं दिखेंगे।

निर्देशक ज़ेफिरेली का 2019 में निधन हो गया था।

मुकदमे में कहा गया कि उनकी अनुमति के बिना उन्हें निर्वस्त्र शूट किया गया, जो अभद्रता और बच्चों के शोषण के खिलाफ कैलिफोर्निया और संघीय कानूनों का उल्लंघन है।

मुकदमे के अनुसार, ज़ेफिरेली ने उनसे कहा था कि निर्वस्त्र शूट कराएं नहीं तो फिल्म नहीं चल पाएगी और इसका असर उनके करियर पर पड़ेगा। कलाकारों को लगा कि उनके पास शरीर पर मेकअप करवा कर शूट करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

फिल्म के उस दृश्य में दोनों कलाकारों के निजी अंग आंशिक रूप से दिखाए गए थे। फिल्म उस समय सुपरहिट हुई थी।

अदालती दस्तावेजों में कहा गया कि हसी और व्हिटिंग ने इस कारण कई दशकों तक भावनात्मक और मानसिक पीड़ा सही। इस पीड़ा और फिल्म की रिलीज से अभी तक हासिल हुए राजस्व के तहत कलाकार 50 करोड़ डॉलर से अधिक पाने के हकदार हैं।

निर्माण कंपनी पैरामाउंट पिक्चर्स को इस संबंध में ईमेल कर उनकी प्रतिक्रिया मांगी गई, लेकिन अभी तक उनकी ओर से कोई जवाब नहीं मिला है।


हसी ने 2018 में पत्रिका वैराएटी को दिए एक साक्षात्कार में इस दृश्य का बचाव किया था। उस साल फिल्म को रिलीज हुए 50 साल पूरे हुए थे।

उन्होंने कहा था, उस समय तक ऐसा पहले कभी किसी ने नहीं किया था। वह फिल्म के लिए जरूरी था।

द एसोसिएटेड प्रेस आमतौर पर यौन शोषण के आरोप लगाने वाले लोगों के नाम उजागर नहीं करता, जब तक कि वे सार्वजनिक रूप से सामने न आएं जैसे कि हसी और व्हिटिंग आए हैं।

# चीन से मुकाबले के लिए संयुक्त कदम उठाने की तैयारी में ईयू

**एपी** । ब्रसेल्स



**यूरोपीय** संघ (ईयू) के सदस्य देश चीन में उत्पन्न कोविड-19 संकट से निपटने के लिए बुधवार को समन्वित प्रयास को धार दे रहे हैं और यात्रा संबंधी प्रतिबंधों पर विचार कर रहे हैं जो चीन और वैश्विक विमानन उद्योग दोनों को ही असहज करेगा।

चीन पहले ही कुछ यूरोपीय संघ देशों द्वारा लगाए गए यात्रा प्रतिबंधों को खारिज कर चुका है और उसने चेतावनी दी है कि अगर आने वाले दिनों में यह चलन बढ़ा तो जवाबी कदम उठाए जाएंगे।

ईयू आयोग के प्रवक्ता टिम मैक्फी ने कहा कि चीन से रवाना होने से पहले जांच को अनिवार्य बनाने के पक्ष में अधिकतर देश हैं। ईयू देश दिन में इस विषय पर आधिकारिक रूख की मांग कर रहे हैं।

चीन की सरकार और यूरोपीय स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा था कि यात्रा पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की जरूरत नहीं है क्योंकि चीन में वायरस का जो स्वरूप फैल रहा है,वह पहले से ही यूरोप में मौजूद है।

दुनिया की करीब 300 विमानन कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाले इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) ने बुधवार को किसी भी प्रतिबंध का सख्ती से विरोध किया।

# नंगे पैर दौड़ना किसके लिए अच्छा है और किसके लिए नहीं

**द कन्वरसेशन** । क्वींसलैंड

**आपने** देखा होगा कि सोशल मीडिया पर नंगे पांव दौड़ने के बारे में चर्चा चल रही है, कुछ लोग इसे दौड़ने का सबसे प्राकृतिक तरीका बता रहे हैं।

लेकिन हर कोई इसके अनुकूल नहीं होता। नंगे पांव दौड़ने के बारे में किए जाने वाले दावों में कहीं इसेै यह अब तक का सबसे अच्छा कामै बताया जा सकता है तो कुछ लोगै मैंने इसे आज़माया और अब मुझे भयंकर दर्द हो रहा है तक कह सकते हैं। तो शोध यह बताता है कि आप अपने दौड़ने के सामान्य अभ्यास को छोड़कर नंगे पैर दौड़ने लगेंगे तो उसका क्या प्रभाव होगा और ऐसा क्यों लगता है कि यह कुछ लोगों के लिए अनुकूल है और दूसरों के लिए नहीं?

मेडिसिन एंड साइंस इन स्पोर्ट्स एंड एक्सरसाइज में प्रकाशित हमारे नए पेपर ने पारंपरिक जूते पहनने की बजाय नंगे पांव चलने के एक नए तरीके का परीक्षण किया और जांच की कि क्यों कुछ धावक नंगे पैर दौड़ना बर्दाश्त नहीं कर सकते। हमने धावकों की दो प्रमुख विशेषताओं की पहचान की जो नंगे पांव चलने में विफल रहे।

**हमने क्या किया और क्या पाया**

हमने 76 धावकों का अध्ययन किया जिन्होंने 20 सप्ताह में नंगे पांव दौड़ना शुरू किया और पारंपरिक जूते पहनकर दौड़ने से नंगे पांव दौड़ने के बीच के मध्यवर्ती चरण में दौड़ने वाले हलके जूते का उपयोग करना।

पहले चार सप्ताह तक धावक पारंपरिक जूतों में दौड़ते रहे। अगले चार हफ्तों के लिए, उन्होंने हलके दौड़ने वाले जूतों में अपना समय प्रत्एक सप्ताह अपने कुल दौड़ने की मात्रा के 20ᵕ से अधिक नहीं बढ़ाया। अगले चार हफ्तों तक हलके जूतों में पूरे समय दौड़ने के बाद, उन्होंने अगले चार सप्ताह धीरे-धीरे अपने नंगे पैर चलने के समय को प्रति सप्ताह 20ᵕ से अधिक नहीं बढ़ाते हुए बिताए।

अंत में, वे अगले चार सप्ताह तक नंगे पैर दौड़े।

हमने धावकों को पिंडलियों और पैरों को मजबूत करने वाले व्यायाम और स्ट्रेचिंग करने के लिए कहा, ताकि पारंपरिक जूते से नंगे पांव दौड़ने में मांसपेशियों की सहायता की जा सके।

इस रणनीति का उपयोग करते हुए, 70ᵕ धावक 20 सप्ताह से अधिक समय तक नंगे पांव दौड़ने में सफल रहे।

हलके जूतों में दौड़ते समय पिंडली में दर्द और नंगे पैर चलने पर पैर में दर्द, नंगे पैर दौड़ने में सक्षम नहीं होने के मुख्य कारण थे।

**तो नंगे पैर दौड़ना कुछ लोगों के लिए अच्छा क्यों नहीं है?**

हमने उन दो विशेषताओं की पहचान की जो उन धावकों में मौजूद थीं, जो नंगे पांव चलने में विफल रहे।

दौड़ते समय एड़ी को पहले जमीन पर रखना उनमें से एक कारण था, और दूसरा बहुत लचीला पैर था (जिसका अर्थ है कि जब पैर वजन उठा रहा हो तो उसका उठा हुआ भाग अधिक लचीला होता है) क्यों? यह निश्चित रूप से कहना जल्दबाजी होगी, लेकिन हम जानते हैं कि नंगे पैर दौड़ने से पैर और पिंडली के ऊतकों में तनाव बढ़ जाता है।

हमारे निष्कर्षों से प्रतीत होता है कि यह ऊतक तनाव वह लोग अच्छी तरह से सहन नहीं कर पाए, जो दौड़ते समय आदतन अपनी एड़ी से जमीन को पहले छूते हैं और । या जब वे नंगे पैर दौड़ रहे हों या हलके जूते पहने हों तो उनके पैर बहुत हिलते हैं।

इसके परिणामस्वरूप दर्द और अंतत: चोट लग सकती है। हम अन्य अध्ययनों से भी जानते हैं कि नंगे पैर या हलके जूतों में दौड़ने से पैर की चोट और पिंडली में दर्द की शिकायत ज्यादा होगी। पारंपरिक जूते आमतौर पर अधिक सहायता और कुशनिंग प्रदान करते हैं।

ऐसा लगता है कि दौड़ते समय अपनी एड़ी से जमीन को पहले छूने वाले धावकों को अपने मिडफुट या फोरफुट के साथ जमीन से संपर्क करने के लिए स्विच करना मुश्किल होता है। यह ऐसी स्थिति होती है, जिससे नंगे पांव दौड़ना आसान होता है।

लचकदार पैरों वाले लोगों को दौड़ते समय पैर को जमीन से धकेलने योग्य बनाने के लिए उसे सख्त करना होगा और इसके लिए उनकी मांसपेशियों को अधिक मेहनत करने की आवश्यकता हो सकती है। शायद एक अधिक क्रमिक संक्रमण अवधि जिसके दौरान सीमा 10ᵕ (20ᵕ नहीं) रहे, हलके जूते या लंबी अवधि (जैसे 40 सप्ताह) में नंगे पांव दौड़ने की साप्ताहिक वृद्धि उन लोगों को बिना दर्द के ऐसा करने में सक्षम बनाती है जो नंगे पैर दौड़ना चाहते हैं।

**सफल नंगे पैर दौड़ने के लिए शीर्ष युक्तियाँ**

यदि आप नंगे पैर दौड़ना चाहते हैं, तो इन युक्तियों को ध्यान में रखें:

कम से कम 20 सप्ताह में धीरे-धीरे संक्रमण करें। जरूरत पड़ने पर अधिक समय लें

यदि संभव हो तो जूतों के साथ और जूतों के बगैर दौड़ने के बीच की अवधि में हलके जूते का उपयोग करें

हलके जूतों या नंगे पांव दौड़ने में वृद्धि को प्रति सप्ताह कुल दौड़ दूरी के 20ᵕ से अधिक न होने तक सीमित करें

एक गाइड के रूप में दौड़ने के दौरान और उसके बाद के 24 घंटों में दर्द पर ध्यान दें - खासकर यदि आपको लगता है कि गंभीरता का स्तर अस्वीकार्य है

यदि आप दर्द का अनुभव करते हैं या संक्रमण में सहायता की आवश्यकता है - विशेष रूप से यदि आपको पिछली चोटें हैं, तो एक खेल और व्यायाम स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर (जैसे कि एक फिजियोथेरेपिस्ट या पोडियाट्रिस्ट) से परामर्श करें।

अपने चल रहे कार्यक्रम में सहायता के लिए योग्य प्रशिक्षक से परामर्श करें

जब नंगे पैर दौड़ रहे हों, तो अच्छी तरह से रोशनी वाली परिस्थितियों में दौड़कर अपने पैरों की रक्षा करें ताकि आप बाधाओं को देख सकें और अत्यधिक गर्म, ठंडी या तेज सतहों से बच सकें

इसके अलावा यह जान लें - जो लोग विभिन्न प्रकार के जूतों में दौड़ते हैं, वे उन लोगों की तुलना में कम चोटिल होते हैं जो केवल एक प्रकार के जूते पहनकर दौड़ते हैं।

यह भी हो सकता है कि कुछ धावक अपने पारंपरिक दौड़ने वाले जूतों से नंगे पैर दौड़ना शुरू करने में सक्षम न हो पाएं।

नंगे पैर दौड़ना शायद हर किसी के बस की बात न हो और इसका कोई सबूत नहीं है कि नंगे पैर चलने से जूतों के साथ चलने के मुकाबले अधिक कैलोरी जलती है।

लेकिन अगर आप नंगे पैर चलने की सोच रहे हैं, तो धीरे-धीरे ट्रांज़शिन करना - अंतरिम चरण के रूप में हलके रनिंग शू का उपयोग करना - एक सफल ट्रांज़शिन में परिणत होने की अधिक संभावना है, और आप अपने दौड़ने का क्रम बनाए रख सकते हैं।

# पोप ने बेनेडिक्ट के प्रखर और सौम्य विचारों की सराहना की

**एपी** । वेटिकन सिटी

**पोप** फ्रांसिस ने बुधवार को वेटिकन में पोप एमेरिटस(सेवामुक्त) बेनेडिक्ट 16वें के प्रखर और सौम्य विचारों की सराहना की। इस बीच, हजारों की संख्या में लोगों ने सेंट पीटर्स बैसीलिका में पूर्व पोप को श्रद्धांजलि दी, जहां उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है।

पॉल 6 सभागार में पोप फ्रांसिस का गर्मजोशी से अभिवादन किया और पोप अमर रहे के नारे लगाए। उसी दौरान फ्रांसिस ने कहा कि उनके प्रखर और सौम्य विचार आत्म संदर्भित नहीं बल्कि चर्च की प्रतिष्ठा में थे।

बेनेडिक्ट का शनिवार को निधन हो जाने के बाद इस हफ्ते वेटिकन में भारी भीड़ उमड़ी और यह संख्या।,30,000 से अधिक है। लोग कतार में खड़े होकर मूल रूप से जर्मनी के रहने वाले पूर्व पोप के अंतिम दर्शन करने का इंतजार करते नजर आए। फ्रांसिस बृहस्पतिवार को बेनेडिक्ट की अंत्एष्टि में शामिल होंगे। इसमें राष्ट्राध्यक्षों को भी आमंत्रित किया गया है। हालांकि, बेनेडिक्ट ने अनुरोध किया था कि उनकी अंत्एष्टि सादे तरीके से की जाए।

**Uttar Pradesh Rajkiya Nirman Nigam Ltd.**

**Notice Inviting e-TENDER**

The **General Manager, Delhi Zone, UPRNN Ltd.** invites for and on behalf of Managing Director U.P. Rajkiya Nirman Nigam Ltd., Online percentage rate bids in two bid system for following work:

**NIT No: 10/NIT/Meerut/RNN/2023 Dated 02 January 2023, Name of Work: Redevelopment of Swimming pool at Dr. Bheem Rao Ambedkar Stadium, Saharanpur, Estimated Bid Value: Rs. 273.92 Lakh, Earnest Money: Rs. 5.50 Lakh, Period of Completion: 06 Months, Last time and date of submission of bid: 03:00 PM** on **Dt. 16 January 2023.**

The bid forms and other details can be obtained/downloaded from the website: **https://etender.up.nic.in** The NIT is also available on **http://www.uprnn.co.in.**

# ममता ने की गंगासागर मेले को राष्ट्रीय दर्जा दिए जाने की मांग

**भाषा।** सागर द्वीप (पश्चिम बंगाल)



**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को मांग की है कि केंद्र राज्य के दक्षिण 24 परगना जिले में अगले सप्ताह आयोजित होने वाले वार्षिक गंगासागर मेले को राष्ट्रीय दर्जा दे। बनर्जी ने यह भी कहा कि तीर्थयात्रियों को सागर द्वीप तक आसानी से पहुंचने में मदद करने के लिए मुरी गंगा नदी पर एक पुल बनाने के उनके बार-बार के अनुरोध पर केंद्र ने कोई ध्यान नहीं दिया है। बनर्जी ने कहा कि उनकी सरकार इसके निर्माण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर रही है।

उन्होंने संवाददाताओं से कहा, केंद्र सरकार कुंभ मेले के लिए भारी धनराशि प्रदान कर रही है। लेकिन वह गंगासागर मेले को कुछ भी उपलब्ध नहीं करा रही है। यही कारण है कि मैं उनसे इसे राष्ट्रीय मेला घोषित करने का अनुरोध करूंगी, ताकि हमें कुछ निधि मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब वह केंद्र से यह मांग कर रही हैं। बनर्जी आठ से 16 जनवरी के बीच होने वाले आगामी गंगासागर मेले की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए बुधवार दोपहर सागर द्वीप पहुंचीं। उन्होंने तीन हेलीपैड का उद्घाटन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गंगासागर एक अनूठा मेला है, क्योंकि मेला स्थल सागर द्वीप तक पहुंचने का एकमात्र साधन जलमार्ग को पार करना है। उन्होंने कहा, कुंभ मेला हवाई, रेल और सड़क मार्ग से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। लेकिन गंगासागर के लिए लोगों को जलमार्ग लेना पड़ता है, जो बहुत मुश्किल है। मुख्यमंत्री ने कहा, हमने केंद्र सरकार को कई बार पुल बनाने के लिए कहा, लेकिन उन्होंने इसे गंभीरता से नहीं लिया। इसलिए, हमने इसे अपने दम पर बनाने का फैसला किया। हम इसके लिए एक डीपीआर तैयार कर रहे हैं। बनर्जी ने कहा कि परियोजना को पूरा होने में कुछ साल लगेंगे और इसकी लागत 10,000 करोड़ रुपए हो सकती है, लेकिन हम (केंद्र से) भीख नहीं मांगेंगे। मकर संक्रांति के अवसर पर लाखों हिंदू तीर्थयात्री पवित्र गंगा और बंगाल की खाड़ी के संगम पर पवित्र डुबकी लगाने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों और बाहर से सागर द्वीप में इकट्ठा होते हैं।

## हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अगले अध्यक्ष होंगे कुलदीप सिंह पठानिया

**भाषा।** धर्मशाला (हिमाचल प्रदेश)

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता और भाटियत से पांच बार के विधायक कुलदीप सिंह पठानिया हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अगले अध्यक्ष होंगे। उनका निर्विरोध चुना जाना तय है क्योंकि पद के लिए वह एकमात्र उम्मीदवार हैं। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस समिति की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में पठानिया ने अपना नामांकन पत्र विधानसभा सचिव यशपाल को सौंपा। पठानिया ने नामांकन पत्र के तीन सेट सौंपे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पठानिया के नाम का प्रस्ताव किया है जिसका विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने अनुमोदन किया। पठानिया बृहस्पतिवार को औपचारिक रूप से विधानसभा अध्यक्ष चुने जाएंगे। वह 1985, 1993, 2003, 2007 और 2022 में विधानसभा के सदस्य चुने गए हैं। 1993 और 2003 में वह निर्दलीय चुनाव लड़े थे।

# माकपा नेता चेरियन ने ली मंत्री पद की शपथ

● कांग्रेस और भाजपा ने किया विरोध-प्रदर्शन

**भाषा।** तिरूवनंतपुरम



**मार्क्सवादी** कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेता साजी चेरियन ने संविधान के खिलाफ अपनी कथित टिप्पणी को लेकर विवाद पैदा होने पर मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने के करीब छह महीने बाद बुधवार को पिनराई विजयन सरकार में एक बार फिर से मंत्री पद की शपथ ली। चेरियन को केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने राजभवन में मंत्री पद की शपथ दिलाई, जहां कांग्रेस नीत विपक्षी यूडीएफ के विधायक माकपा नेता को पुन: मंत्री बनाए जाने के विरोध में अनुपस्थित रहे।

विधानसभा अध्यक्ष ए एन शमशीर, मुख्यमंत्री विजयन, मंत्रिमंडल के सदस्य, सत्तारूढ़ एलडीएफ के कुछ विधायक और वाम दलों के कुछ नेता संक्षिप्त शपथ ग्रहण कार्यक्रम में उपस्थित थे। राजभवन में राज्यपाल की मेजबानी में आयोजित चाय पार्टी में शामिल होने के बाद चेरियन केरल सेक्रेटेरियट एनेक्सी स्थित अपने पुराने कार्यालय गए, जहां वह मीडियाकर्मियों से मिले और उम्मीद जताई कि उन्हें पुराना विभाग ही मिलेगा। मंत्री पद से इस्तीफा देने से पहले उनके पास मत्स्य पालन, संस्कृति और युवा मामले विभाग थे। कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), दोनों ने चेरियन को दोबारा मंत्री बनाए जाने पर विरोध-प्रदर्शन किया। चेरियन को फिर से मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने के खिलाफ काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजभवन मार्च किया। कांग्रेस ने विवाद में अदालत से क्लीन चिट मिलने से पहले मंत्री के रूप में चेरियन के शपथ ग्रहण के खिलाफ पूरे राज्य में सिलसिलेवार प्रदर्शन कार्यक्रमों की घोषणा की थी।

विरोध मार्च की शुरूआत करते हुए विधानसभा में विपक्ष के नेता वीडी सतीशन ने कहा कि चेरियन ने मंत्री पद इसलिए छोड़ा था कि उन्होंने संविधान का अपमान किया था। उन्होंने कहा, अब भी परिस्थितियां नहीं बदली हैं और अदालत ने आज की तारीख तक उन्हें बरी नहीं किया है। उनके खिलाफ मामले मजिस्ट्रेट अदालत और उच्च न्यायालय में लंबित हैं। विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भी मंत्रिमंडल में चेरियन को शामिल करने के सत्तारूढ़ माकपा के फैसले के खिलाफ राज्य के कई हिस्सों में प्रदर्शन किए। भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रकाश जावड़ेकर ने चेरियन के शपथ ग्रहण करने के खिलाफ यहां आयोजित पार्टी के संविधान रक्षा दिवस कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

# सिक्किम में भाईचुंग भूटिया की पार्टी ने दूसरे क्षेत्रीय दल के साथ किया गठबंधन

**भाषा।** गंगटोक

**प्रसिद्ध** फुटबॉल खिलाड़ी भाईचुंग भूटिया नीत हमरो सिक्किम पार्टी (एचएसपी) ने के.बी राय की अगुवाई वाली सिक्किम रिपब्लिकन पार्टी (एसआरपी) से गठबंधन किया है। यह गठजोड़ अगले साल राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव से पहले हुआ है। दोनों दलों ने न्यूनतम साझा कार्यक्रम (सीपीएम) भी जारी किया है जिसमें सिक्किम में इन लाइन परमिट लागू कराना, नेपाली भाषी लोगों के लिए विधानसभा में सीटें आरक्षित कराना और अनुच्छेद 371एफ के संरक्षण के लिए काम करना शामिल है। यहां संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, भूटिया और राय ने कहा कि हिमालई राज्य के लोग चाहते हैं कि दोनों दल साथ आएं और अगला विधानसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ें।

उन्होंने कहा कि सिक्किम के लोग उन्हें सत्तारूढ़ सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) के विकल्प के रूप में देख रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एसकेएम 2019 के विधानसभा चुनाव में किए गए वादों को पूरा करने में नाकाम रही है। भूटिया ने कहा कि सिक्किम को एक ऐसे राजनीतिक गठबंधन की जरूरत है जो लोगों के अधिकारों की सुरक्षा, रक्षा और संरक्षण के लिए आवाज उठाए। उन्होंने कहा कि नेपाली भाषियों के लिए सिक्किम विधानसभा में 1979 तक आरक्षण था और यह कोई नई मांग नहीं है, लेकिन इसकी बहाली के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत होगी। भूटिया ने कहा कि सिक्किम एक सीमावर्ती राज्य है और अगर आईएलपी लागू नहीं किया गया तो राष्ट्रीय सुरक्षा दांव पर लग सकती है।

# पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने हाथियों को ट्रेन की टक्कर से बचाने के लिए ध्वनि आधारित तकनीक लगाई

**भाषा।** गुवाहाटी

**पूर्वोत्तर** सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने हाथियों को तेज गति से आने वाली रेलगाड़ियों की टक्कर से बचाने के लिए अपने दो मंडलों में ध्वनि आधारित प्रौद्योगिकी लगाई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। एनएफआर के महाप्रबंधक अंशुल गुप्ता ने पीटीआई-भाषा को बताया कि दुनिया में पहली बार इस प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल रेलवे ने हाथियों की ट्रेन से टक्कर रोकने के लिए किया है। अधिकारी ने बताया कि लामडिंग डिवीजन में पहली बार उपकरण लगाने के छह महीने के भीतर करीब 400 हाथियों की जान बचाई गई है। गुप्ता ने बताया, हमने निजी कंपनी के साथ मिलकर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर तैयार किया है और लामडिंग में 60 किलोमीटर लंबे हाथी गलियारे में पहली बार इंट्रूजन डिटेक्शन प्रणाली (आईडीएस) स्थापित की है।

प्रौद्योगिकी की जानकारी देते हुए वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आईडीएस पटरियों के साथ बिछाए गए ऑप्टिकल फाइबर का इस्तेमाल पटरियों के नजदीक आने वाले हाथियों के भारी-भरकम पैरों की आवाज सुनने के लिए किया जाता है। एक बार केबल के जरिए ध्वनि का पता चलने के बाद संकेत नियंत्रण कक्ष को भेजा जाता है। उन्होंने बताया, सॉफ्टवेयर इसके बाद हाथियों के पैरों की आवाज को अन्य आवाज से कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जरिए अलग करता है। इसके बाद उनका विश्लेषण करने के बाद स्टेशन मास्टर को अलर्ट भेज उस स्थान की जानकारी देता है, जहां पर जानवर मौजूद हैं। गुप्ता ने साक्षात्कार में बताया कि पश्चिम बंगाल का अलीपुरद्वार एनएफआर के तहत दूसरा स्थान है जहां पर 60 किलोमीटर के गलियारे में कुछ दिन पहले आईडीएस लगाया गया है। उन्होंने बताया, गत छह महीने के दौरान प्रणाली ने 400 से 500 हाथियों के पटरी पर होने का पता लगाया और अंतत: उनकी जान बचाई जा सकी। अब हमारा लक्ष्य एनएफआर के तहत पूरे 400 किलोमीटर लंबे हाथी गलियारे में इस प्रणाली को स्थापित करने की है। गुप्ता ने दावा किया कि इस प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल दुनिया में कहीं भी रेलवे द्वारा वन्य जीवों को बचाने के लिए नहीं किया जाता और एनएफआर पहला डिवीजन है, जहां प्रायोगिक तौर पर हाथियों को बचाने के लिए इसका इस्तेमाल किया जा रहा है।

## हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ने हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरूआत की

**धर्मशाला ( भाषा )।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को यहां हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि अभियान कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का विस्तार है और 26 जनवरी से पूरे राज्य में शुरू होगा।

सुक्खू ने कहा कि अभियान दो महीने में गांव और प्रखंड स्तर तक पहुंच जाएगा और हर गांव में कम से कम एक बैठक सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिभा सिंह सहित अन्य कांग्रेसी नेता उपस्थित थे। एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान को बढ़ावा देने के लिए एक रणनीति तैयार की जानी चाहिए और इसके प्रचार के लिए इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया को भी बड़े पैमाने पर जोड़ा जाएगा। सुक्खू ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा 19 जनवरी को हिमाचल प्रदेश में प्रवेश करेगी।

# त्रिवेंद्र रावत के खिलाफ सीबीआई जांच का निर्देश देने संबंधी आदेश निरस्त

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने संबंधी उच्च न्यायालय का आदेश बुधवार को निरस्त कर दिया। उच्च न्यायालय ने 27 अक्टूबर, 2020 को पत्रकार उमेश शर्मा और शिव प्रसाद सेमवाल के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता के खिलाफ लगाए गए आरोपों की सीबीआई जांच का आदेश दिया था।

शीर्ष अदालत ने कहा कि दोनों पत्रकारों ने अपने खिलाफ प्राथमिकी रद्द करने का अनुरोध करते हुए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था और उन्होंने सोशल मीडिया में रावत के खिलाफ उनके द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच की मांग नहीं की थी। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि रावत के खिलाफ जांच या आपराधिक कार्यवाही शुरू करने का कोई अनुरोध नहीं किया गया था। न्यायमूर्ति एमआर शाह और न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश बरकरार नहीं रखा जा सकता और नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है। पीठ ने कहा, अपीलकर्ता के खिलाफ आपराधिक जांच के निर्देश और इस दौरान (उच्च न्यायालय द्वारा) की गई टिप्पणियों को निरस्त किया जाता है। यह विशेष रूप से उल्लेखित किया जाता है कि उपरोक्त आधारों पर ही आदेश रद्द किए जाते हैं। रावत 2017 से 2021 के बीच उत्तराखंड के मुख्यमंत्री थे।




मुंबई में श्री सम्मेद शिखरजी को झारखंड में पर्यटन स्थल घोषित करने के फैसले के विरोध में जैन समुदाय के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया

# वकीलों को उच्च न्यायालयों में नियुक्त नहीं करने पर विचार करने संबंधी याचिका खारिज

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने शीर्ष अदालत के वकीलों को उच्च न्यायालयों में न्यायाधीश के तौर पर नियुक्ति के लिए विचार न करने का एक निर्देश जारी करने संबंधी याचिका को 50,000 रुपए के जुर्माना लगाते हुए खारिज कर दिया। न्यायालय ने कहा कि याचिका में कोई दम नहीं है और यह न्यायिक समय की पूरी तरह से बर्बादी है। न्यायमूर्ति एस के कौल और न्यायमूर्ति ए एस ओका की पीठ ने कहा कि संविधान में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जो शीर्ष अदालत में वकालत कर रहे वकीलों को उच्च न्यायालयों में बतौर न्यायाधीश नियुक्त किए जाने से निषिद्ध करता हो।

याचिका दायर करने वाले अधिवक्ता अशोक पांडे ने पीठ से कहा कि संविधान के अनुच्छेद 217 की उनकी व्याख्या के अनुसार, संबंधित राज्य बार काउंसिल से पंजीकृत व्यक्ति यदि बाद में शीर्ष अदालत में वकालत करने लगता है तो वह संबंधित राज्य के उच्च न्यायालय में न्यायाधीश नियुक्त किए जाने का पात्र नहीं है। अनुच्छेद 217 उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति एवं शर्तों से जुड़ा हुआ है। पीठ ने दो जनवरी के अपने आदेश में इस बात का जिक्र किया कि याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष द्वारा जारी कुछ पत्रों का हवाला देते हुए यह दलील दी है। पीठ ने कहा कि इस याचिका में कोई दम नहीं है और यह न्यायिक समय की बर्बादी है। शीर्ष न्यायालय ने कहा, संविधान में ऐसा कुछ नहीं है, जो उच्चतम न्यायालय में वकालत कर रहे वकीलों को उच्च न्यायालय में नियुक्त किए जाने से निषिद्ध करता हो। असल में, प्रत्येक वकील एक राज्य की बार काउंसिल से जुड़ा हुआ है। पीठ ने उच्चतम न्यायालय मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति में चार हफ्तों के अंदर 50,000 रुपए जमा करने का निर्देश देते हुए याचिका खारिज कर दी।

# अदालतें सरकार के अवैध फैसलों को वैध बनाने के लिए स्थापित नहीं की गईं: शिवसेना

**भाषा।** मुंबई

**शिवसेना** (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने बुधवार को कहा कि अदालतें सरकार के अवैध फैसलों को विधिमान्य बनाने के लिए नहीं गठित की गई हैं। पार्टी ने नोटबंदी की कवायद को वैध ठहराने के फैसले को आर्थिक नसंहार का बचाव करने जैसा करार दिया। शिवसेना के मुखपत्र सामना में प्रकाशित संपादकीय में लिखा गया है कि उच्चतम न्यायालय के चार न्यायाधीशों ने वर्ष 2016 में नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा की गई नोटबंदी को वैध करार दिया, जबकि देश को न्यायमूर्ति (बी.वी.) नागरत्ना पर गर्व है, जिन्होंने अपनी असहमति वाले फैसले में लिखा कि यह पूरी तरह से जरूरत से अधिक शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए लिया गया फैसला था। संपादकीय में कहा गया न्यायमूर्ति नागरत्ना का असहमति वाला फैसला देश की जनता की राय है। सामना ने लिखा, अदालतें सरकार के अवैध फैसलों को वैध बनाने के लिए गठित नहीं की गई हैं। संपादकीय में इसके साथ ही, पेगासस जासूसी कांड, राफेल लड़ाकू लड़ाकू विमान खरीद सहित विभिन्न मामलों का उल्लेख किया गया जिनमें फैसला सरकार के पक्ष में गया था। सामना ने लिखा, नोटबंदी को वैध कहना देश में आर्थिक नरसंहार का बचाव करने जैसा है।

गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठ ने सोमवार को 4:। के बहुमत से दिए अपने फैसले में कहा कि वर्ष 2016 में केंद्र द्वारा 500 और 1000 रुपए के बैंक नोटों को चलन से बाहर करने के लिया गया फैसला न तो प्रक्रिया के तहत गलत था और न ही जल्दबाजी में लिया गया था। संपादकीय में यह भी कहा गया है कि नोटबंदी के घोषित किसी भी उद्देश्य को हासिल नहीं किया जा सका और इससे केवल सरकार के करीबियों को काला धन सफेद करने में मदद मिली। उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना ने कहा कि यह कहा गया था कि नोटबंदी की कवायद जाली नोट पर रोक लगाने और कश्मीर में आतंकवादियों के वित्तपोषण को रोकने के लिए की जा रही, लेकिन काला धन, आतंकवाद, मादक पदार्थ की तस्करी अब भी व्याप्त है तथा कई लाख करोड़ रुपए का मादक पदार्थ गुजरात के बंदरगाह पर बरामद किया गया है। संपादकीय में कहा गया कि नोटबंदी के कारण बैंकों के सामने कतार में खड़े सैकड़ों लोगों की मौत हुई, कारोबार प्रभावित हुए और लाखों लोग बेरोजगार हुए।

**बिल्कीस बानो मामला: गुजरात दंगों के दौरान बानो के साथ सामूहिक दुष्कर्म और परिवार के सात सदस्यों की हत्या कर दी गई थी**

# न्यायमूर्ति त्रिवेदी ने फिर सुनवाई से खुद को किया अलग

**भाषा।** नई दिल्ली

● 11 दोषियों की सजा माफ करने के गुजरात सरकार के फसले को चुनौती दी गई

**उच्चतम** न्यायालय की न्यायाधीश बेला एम. त्रिवेदी ने बुधवार को बिल्कीस बानो मामले में 11 दोषियों की सजा में छूट को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। उल्लेखनीय है कि 2002 के गुजरात दंगों के दौरान बानो के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया था और उसके परिवार के सात सदस्यों की हत्या कर दी गई थी। न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने माकपा नेता सुभाषिनी अली, पत्रकार रेवती लाल, लखनऊ विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति रूप रेखा वर्मा और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा की याचिकाओं सहित, इस मामले में दायर अन्य याचिकाओं को सुनवाई के लिए लिया। दोषियों में से एक की ओर से पेश वकील ऋषि मल्होत्रा ने जोर देकर कहा कि याचिकाकर्ताओं को मामले में अपने हस्तक्षेप के अधिकार को साबित करना होगा। याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाली अधिवक्ता वृंदा ग्रोवर और अपर्णा भट ने इसका विरोध करते हुए कहा कि अदालत द्वारा उनकी याचिका पर नोटिस जारी किए जाने के बाद यह चरण काफी पहले ही पार हो चुका है।

भट ने कहा कि मामले में दलीलें पूरी हो चुकी हैं और अदालत याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई फरवरी में कर सकती है। पीठ ने भट के अनुरोध पर सहमति जताई और कहा कि वह फरवरी के लिए याचिकाओं को सूचीबद्ध करेगी।



बिल्कीस की वकील शोभा गुप्ता ने इस बिंदु पर बताया कि न्यायमूर्ति त्रिवेदी ने दोषियों की सजा में छूट और जेल से उनकी समय पूर्व रिहाई को चुनौती देने वाली पीड़िता की याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया है। न्यायमूर्ति रस्तोगी ने इसके बाद न्यायमूर्ति त्रिवेदी से संक्षिप्त बातचीत की और कहा, क्योंकि मेरी साथी न्यायाधीश पहले ही पीड़िता की याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर चुकी हैं, इसलिए वह इस मामले की सुनवाई से भी खुद को अलग करना चाहेंगी। न्यायमूर्ति रस्तोगी ने कहा कि अब पीड़िता ने दोषियों को छूट देने को चुनौती देते हुए इस अदालत का दरवाजा खटखटाया है, उसकी याचिका को एक प्रमुख मामले के रूप में लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब पीठ न्यायाधीशों के एक अलग संयोजन के साथ बैठेगी तो बाकी याचिकाओं को उसकी याचिका के साथ नत्थी कर दिया जाएगा। पीठ ने कहा, हम सभी मामलों को अगली तारीख पर सूचीबद्ध करेंगे और सभी याचिकाओं के साथ संलग्न करेंगे। तब तक सभी दलीलें पूरी हो जानी चाहिए। वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा और मल्होत्रा ने पीठ से अनुरोध किया कि याचिकाकर्ताओं द्वारा जो भी प्रत्युत्तर हलफनामे दाखिल किए जा रहे हैं, उन्हें उनको दिया जाए। न्यायमूर्ति रस्तोगी ने कहा कि पक्षों के बीच सब कुछ साझा किया जाना चाहिए और एक बार मामले को संलग्न किए जाने के बाद, अदालत गुण-दोष के आधार पर इस मुद्दे की सुनवाई शुरू करेगी। न्यायमूर्ति त्रिवेदी ने बीती 13 दिसंबर को बिल्कीस बानो द्वारा दायर उस याचिका की सुनवाई करने से खुद को अलग कर लिया था जिसमें उसके सामूहिक बलात्कार मामले के 11 दोषियों की सजा माफ करने के गुजरात सरकार के फैसले को चुनौती दी गई है। पहले की तरह सुनवाई से अलग होने की कोई वजह जाहिर नहीं की गई थी। याचिका में कहा गया कि राज्य सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित कानून की आवश्यकता को पूरी तरह से अनदेखा करते हुए एक यांत्रिक आदेश पारित किया। गुजरात सरकार ने मामले में सभी 11 दोषियों की सजा माफ कर दी थी और उन्हें बीते साल 15 अगस्त को रिहा कर दिया था। बानो से गोधरा ट्रेन अग्निकांड के बाद हुए दंगों के दौरान सामूहिक बलात्कार किया गया था और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या कर दी गई थी। घटना के वक्त बानो की उम्र 21 साल थी और वह पांच महीने की गर्भवती थी।

## कांग्रेस ने गुजरात विस चुनाव के नतीजों के आकलन के लिए तथ्यान्वेषी समिति गठित की

**नई दिल्ली ( भाषा )।** कांग्रेस ने गुजरात विधानसभा चुनाव में निराशाजनक प्रदर्शन का आकलन करने और आगे सुधार के लिए उठाए जाने वाले कदमों के बारे में सुझाव देने के मकसद से बुधवार को तीन सदस्यीय तथ्यान्वेषी समिति का गठन किया।

पार्टी की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यह समिति गठित की जिसकी अध्यक्षता महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री नितिन राउत करेंगे। बिहार विधानसभा के सदस्य शकील अहमद खान और सांसद सप्तगिरि उलका को इस समिति का सदस्य बनाया गया है। यह समिति दो सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट खरगे को सौंपेगी। पिछले महीने संपन्न गुजरात विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने अब तक का सबसे निराशाजनक प्रदर्शन किया और उसे 182 सदस्यीय विधानसभा में सिर्फ 17 सीटें मिलीं। भाजपा ने 156 सीटें हासिल करके ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

# पश्चिम बंगाल के राज्यपाल को केंद्र ने जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की

**नई दिल्ली ( भाषा )।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस को केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जेड-प्लस श्रेणी की वीआईपी सुरक्षा प्रदान की गई है जिसमें केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल के सशस्त्र कमांडो उनकी सुरक्षा का जिम्मा संभालेंगे। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) को यह काम सौंपा गया है। बोस जब देश के किसी भी हिस्से की यात्रा पर जाएंगे तो करीब 25 से 30 सशस्त्र जवानों की टुकड़ी बारी-बारी से उन्हें सुरक्षा प्रदान करेगी। अधिकारियों ने बताया कि गृह मंत्रालय ने केंद्रीय सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों की सिफारिश पर सुरक्षा बढ़ाई है। एजेंसियों ने सुरक्षा की समीक्षा की थी। केरल कैडर के 1977 बैच के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी बोस को पिछले साल नवंबर में पश्चिम बंगाल का राज्यपाल का नियुक्त किया गया था। बोस से पहले पश्चिम बंगाल के राज्यपाल रहे जगदीप धनखड़ को भी उनके कार्यकाल में सीआरपीएफ की जेड श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई थी।

# इकबालपुर झड़प: एनआईए ने छापेमारी कर नकदी और हथियार बरामद किए

**नई दिल्ली ( भाषा )।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पिछले साल दो समुदायों के बीच इकबालपुर में हुई झड़पों से जुड़ी अपनी जांच में बुधवार को कोलकाता में कई छापेमारी में 33 लाख रुपए से अधिक की नकदी बरामद की। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। पश्चिम बंगाल की राजधानी के मोमिनपुर इलाके में भूकैलाश रोड पर 17 स्थानों पर छापेमारी की गई। यह छापेमारी पिछले साल अक्टूबर में कोलकाता के इकबालपुर इलाके में हुई झड़पों से संबंधित है, जिसमें विभिन्न समुदायों के लोग शामिल थे। एजेंसी के प्रवक्ता ने बताया, ए व्यक्ति कोलकाता में 121।, मयूर भंज रोड के पास घातक हथियारों, आग्नेयास्त्रों, बमों और लाठियों आदि से लैस थे। इन व्यक्तियों ने पथराव किया और एक-दूसरे पर बम भी फेंके थे।

# श्रीलंका के खिलाफ गिल और चहल पर रहेंगी नजरें

**भाषा।** पुणे

**भारत** गुरुवार को यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में श्रीलंका को हराकर तीन मैच की श्रृंखला जीतने के इरादे से उतरेगा तो नजरें शुभमन गिल के पावर प्ले में प्रदर्शन पर भी टिकी होंगी जो तेजी से रन जुटाकर सलामी बल्लेबाज के रूप में अपना दावा मजबूत करना चाहेंगे।

सलामी बल्लेबाज के स्थान के लिए गिल के निकटतम प्रतिद्वंद्वी रुतुराज गायकवाड़ हैं और वह अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे जिससे कि मौके उनकी झोली में ही आएं।

भारत वानखेड़े स्टेडियम में पहले मैच में बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रहने के बावजूद दो रन से जीत दर्ज करने में सफल रहा।

इस साल एकदिवसीय विश्व कप होना है और ऐसे में टी20 प्रारूप प्राथमिकता नहीं है लेकिन गिल अपने पूर्ववर्ती खिलाड़ियों की गल्तियों को दोहराने से बचना चाहेंगे।

गिल का 96 टी20 मैच (अधिकांश आईपीएल और सैयद मुश्ताक अली में) खेलने के बावजूद करियर स्ट्राइक रेट 128.74 का है और अपने पदार्पण मैच में भी वह लय में नहीं दिखे थे।

कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए काफी बार पारी का आगाज करने वाले गिल अब गुजरात टाइटंस के शीर्ष क्रम का अभिन्न हिस्सा हैं। वह हालांकि जमने के बाद रन गति बढ़ाने को तरजीह देते हैं और इसी रवैए के कारण लोकेश राहुल ने टी20 टीम में अपनी जगह गंवाई।

हाल के समय के प्रत्एक भारतीय कप्तान की तरह पंड्या ने शीर्ष क्रम पर निडर रवैए का वादा किया है लेकिन इसके लिए प्रत्एक खिलाड़ी को ऐसा रवैया दिखाना होगा।

भारत के पास टी20 प्रारूप में काफी प्रतिभावान खिलाड़ी हैं। रुतुराज और राहुल त्रिपाठी जैसे बल्लेबाज मौकों का इंतजार कर रहे हैं।

उम्मीद है कि गिल और इशान किशन को श्रृंखला के तीनों मैच में पारी का आगाज करने का मौका मिलेगा और पावर प्ले में इनका दमदार प्रदर्शन बाद में आने वाले बल्लेबाजों को निडर होकर खेलने का आत्मविश्वास दे सकता है। बल्लेबाजी इकाई दूसरे मैच में अधिक रन बनाना चाहेगी और काफी कुछ नए उप कप्तान सूर्यकुमार यादव पर भी निर्भर करेगा जो पहले मैच में सस्ते में पवेलियन लौट गए थे।

भारतीय बल्लेबाजों को श्रीलंका के गेंदबाजों के खिलाफ रन बनाने का तरीका ढूंढना होगा जो स्पिनरों वानिंदु हसरंगा और महेश तीक्षणा पर अधिक निर्भर हैं। इन दोनों ने मुंबई में पहले मैच में मिलकर आठ ओवर में सिर्फ 51 रन पर दो विकेट चटकाए।

दीपक हुड्डा और अक्षर पटेल ने अपनी बल्लेबाजी से सभी को प्रभावित किया।

तेज गेंदबाज शिवम मावी के यादगार पदार्पण से कप्तान पंड्या को राहत मिली होगी। पंड्या ने भी नई गेंद से गेंदबाजी करते हुए प्रभावित किया।

मावी (22 रन पर चार विकेट) की स्विंग और उमरान मलिक (27 रन पर दो विकेट) की गति से गेंदबाजी में विविधता आई है और 2024 टी20 विश्व कप को देखते हुए इन दोनों पर निवेश किया जा सकता है।

चिंता की बात हालांकि लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल हैं जिनका टी20 विश्व कप में मौका नहीं मिलने के बाद मनोबल संभवत: डिगा है। चहल ने पहले मैच में दो ओवर में 26 रन दिए जिसके बाद कप्तान ने उन्हें अपने कोटे के ओवर पूरे करने का मौका नहीं दिया।

## संजू सैमसन दूसरे टी20 से बाहर, जितेश शर्मा खेलेंगे

**पुणे (भाषा):** भारतीय बल्लेबाज संजू सैमसन घुटने की चोट के कारण श्रीलंका के खिलाफ बृहस्पतिवार को दूसरे टी20 मैच में नहीं खेलेंगे। विदर्भ के विकेटकीपर जितेश शर्मा को सैमसन की जगह भारतीय टीम में शामिल किया गया है। वह अगले दो मैचों में ईशान किशन के कवर के तौर पर रहेंगे।

# ऋषभ पंत को सर्जरी के लिए मुंबई लाया गया

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को कहा कि स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत लिगामेंट की चोट की सर्जरी कराने के लिए पूरी तरह तैयार हैं जिसके कारण वह अनिश्चित काल के लिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर हो जाएंगे। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि पंत को देहरादून के एक अस्पताल से एयरएंबुलेंस में मुंबई ले जाया गया है जहां घुटने और टखने के लिगामेंट की चोट के लिए उनका व्यापक उपचार होगा। पंत को 30 दिसंबर को कार दुर्घटना में चोटें लगी थी। बीसीसीआई ने पंत को एयर एंबुलेंस से मुंबई ले जाने का फैसला किया क्योंकि वह किसी व्यावसायिक एयरलाइन से उड़ान भरने की स्थिति में नहीं थे। शाह ने विज्ञप्ति में कहा, 30 दिसंबर को एक कार दुर्घटना के बाद मैक्स अस्पताल, देहरादून में इलाज करा रहे ऋषभ को एयर एंबुलेंस में मुंबई लाया जाएगा। जैसा कि पीटीआई ने पहले बताया था पंत का इलाज प्रसिद्ध खेल ऑर्थोपेडिक सर्जन दिनशॉ परदीवाला करेंगे।

शाह ने कहा, उन्हें कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल और चिकित्सा अनुसंधान संस्थान में भर्ती कराया जाएगा और अस्पताल में सेंटर फॉर स्पोर्ट्स मेडिसिन के प्रमुख और ऑर्थोस्कोपी एंड शोल्डर सर्विस के निदेशक डॉ. दिनशॉ परदीवाला की सीधी निगरानी में उनका इलाज होगा।

उन्होंने कहा, ऋषभ की लिगामेंट की चोट के लिए सर्जरी होगी और उन्हें बाद की प्रक्रियाओं से गुजरना होगा। उनके उबरने और रिहैबिलिटेशन के दौरान बीसीसीआई की चिकित्सा टीम उनका ध्यान रखेगी। शाह ने कहा, बोर्ड ऋषभ की उबरने की प्रक्रिया में सहायता और तेजी लाने के लिए हर संभव प्रयास करेगा और इस अवधि के दौरान उसे हर संभव सहायता प्रदान करेगा।

पच्चीस साल के पंत एक भयानक कार दुर्घटना में बाल-बाल बच गए थे



जब वह दिल्ली से अपने गृहनगर रुड़की जा रहे थे लेकिन राष्ट्रीय राजमार्ग 58 पर नियंत्रण खो बैठे और उनकी कार डिवाइडर से टकरा गई। पंत के माथे पर चोट के निशान थे, पीठ में गंभीर चोट के साथ-साथ उनके घुटने और टखने में चोट लगी। अधिकांश चोटें हल्की थी लेकिन टखने और घुटने की चोट चिंताजनक है।

हालांकि बीसीसीआई से एक केंद्रीय अनुबंधित क्रिकेटर होने के कारण उनकी चोट का इलाज बोर्ड का विशेषाधिकार है। उनके घायल घुटने और टखने का एमआरआई नहीं किया जा सका क्योंकि काफी सूजन थी। हालांकि यह समझा जाता है कि केंद्रीय अनुबंधित क्रिकेटर के लिए किसी भी खेल संबंधी चोट का उपचार बीसीसीआई के तय डॉक्टरों द्वारा किया जाएगा और डॉ नितिन पटेल के नेतृत्व में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में खेल और चिकित्सा विज्ञान टीम की देखरेख में रिहैबिलिटेशन होगा। पंत अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला और लुभावनी इंडियन प्रीमियर लीग में नहीं खेल पाएंगे।

# मेरा मुख्य लक्ष्य पावरप्ले में गेंदबाजी करना, जल्दी विकेट लेना है: मावी

**भाषा।** मुंबइ

**भारत** के लिए पदार्पण करते हुए बेहद सफल शुरुआत करने वाले तेज गेंदबाज शिवम मावी ने देश का मुख्य गेंदबाज बनने का अपना इरादा साफ कर दिया है और उन्होंने कहा है कि वह पावरप्ले में स्टंप्स को निशाना बनाकर जल्दी विकेट लेना चाहते हैं।

मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ वानखेड़े में अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलते हुए 24 वर्षीय मावी ने पावरप्ले में खतरनाक सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका (1) और धनंजया डिसिल्वा (8) को आउट किया जिससे नौवें ओवर में श्रीलंका का स्कोर चार विकेट पर 51 रन हो गया था। मावी ने मैच में 22 रन देकर चार विकेट चटकाए जिससे चयनकर्ताओं को राहत मिली होगी जो सीमित ओवरों के प्रारूप में जसप्रीत बुमराह के जोड़ीदार की तलाश कर रहे हैं।

तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के शुरुआती मैच में भारत की दो रन से जीत के बाद टीम के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने युवा मावी से पूछा कि




जब कप्तान हार्दिक पंड्या ने उन्हें नई गेंद सौंपी तो उनके दिमाग में क्या चल रहा था।

पिछले छह साल से भारत की सीनियर टीम में पदार्पण का इंतजार कर रहे नोएडा के इस क्रिकेटर ने कहा, मेरा मुख्य एजेंडा पावरप्ले में आक्रमण करना था क्योंकि मैं हमेशा पगबाधा आउट करने की कोशिश करता हूं... बाउंड्री लगे या नहीं, मेरी मानसिकता विकेट लेने की होती है।

म्हाम्ब्रे ने अंडर-19 के दिनों से ही मावी की अपने काम के प्रति लगन, उनके मेहनती रवैए और चोटों से वापसी करने तथा घरेलू सर्किट में खेलने के उनके संकल्प की भी सराहना की। मावी ने कहा, अंडर-19 (2018 में विश्व कप) के बाद जब मैं आईपीएल में खेला तो मुझे चोटें लगीं लेकिन मैंने अपनी फिटनेस के स्तर को बेहतर करने का फैसला किया क्योंकि मैं अपने प्रदर्शन के बीच चोटिल हो रहा था। मैंने अपनी फिटनेस पर कड़ी मेहनत करने का फैसला किया और इसका मुझे इस मैच में फायदा मिला।

मावी ने कहा कि भारत के लिए खेलने का मौका मिलना उनके लिए सपना साकार होने जैसा है।


इस तेज गेंदबाज ने कहा, पहले ही मैच में मौका मिलना मुश्किल होता है। साथ ही यह मेरा पहला दौरा भी है। आपने देखा होगा कि मौका मिलना आसान नहीं होता और मैं इस लम्हें का पिछले छह साल से इंतजार कर रहा था जब मैं अंडर-19 (विश्व कप) के बाद चोटिल हो गया था। लेकिन मुझे स्वयं पर विश्वास है और मैंने इस भरोसे के साथ कड़ी मेहनत जारी रखी कि मुझे भारत के लिए खेलना और प्रदर्शन करना है।

# छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने की मुश्किलों को समझते हैं हुड्डा

**भाषा।** मुंबइ

**दीपक** हुड्डा टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने की मुश्किलों को समझते हैं और उन्होंने किसी भी मैच में विकेटों के जल्द गिरने के लिए खुद को तैयार किया है जैसा श्रीलंका के खिलाफ पहले टी20 में भारत की दो रन की जीत के दौरान हुआ।

हुड्डा जब क्रीज पर उतरे तब भारत 77 रन पर चार विकेट गंवाकर संकट में था। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने इसके बाद 23 गेंद में चार छक्कों की मदद से 41 रन बनाकर भारत को 162 रन तक पहंचाया। हुड्डा को उनकी इस पारी के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। यह पूछने पर कि जब वह पारी के अहम चरण में बल्लेबाजी करने आए तो क्या उन पर दबाव था, हुड्डा ने कहा, मेरे दिमाग में यह बिल्कुल स्पष्ट था कि अगर हम जल्दी विकेट गंवाते हैं तो हमें एक साझेदारी बनानी होगी। जब आप निचले क्रम में छठे नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे हों तो ऐसी स्थिति




के लिए एक क्रिकेटर होने के नाते आपको तैयार रहना होगा। जल्दी विकेट कभी भी गिर सकते हैं।

उन्होंने कहा, (लेकिन) मुझे नहीं लगता कि हमने जल्दी काफी विकेट गंवाए क्योंकि हम अच्छी स्थिति में थे। हां, हमने एक या दो अतिरिक्त विकेट गंवाए लेकिन मुझे लगता है कि यही छठे या सातवें नंबर के बल्लेबाज की भूमिका है (क्रीज पर उतरकर आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी करना), फिर चाहे यह आपका पहला मैच हो या दूसरा)। यह एक अच्छी जीत है।

हुड्डा को लगता है कि उन्हें स्थिति का सम्मान करना था और उसी के अनुसार खेलना था, लेकिन जिस क्रम पर वह बल्लेबाजी कर रहे हैं वहां अधिकांश समय उन्हें अच्छे फिनिशर की भूमिका निभानी होगी।

हुड्डा ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, आपको जिस तरह का विकेट मिलता है, आपको उसी के अनुसार खेलना होता है। आपको टीम को एक अच्छा स्कोर देना होता है और एक बल्लेबाज होने के नाते मेरे दिमाग में यही चल रहा था। छठे नंबर का बल्लेबाज होने के नाते आपको मैच को खत्म करना होता है। इसलिए मेरे दिमाग में बस यही चल रहा था।

हुड्डा ने कहा कि स्पिनरों के शीर्ष और मध्य क्रम के बल्लेबाजों को परेशान करने के बाद वह खुलकर खेलने में सक्षम थे क्योंकि वानिंदु हसरंगा ने अपने ओवरों का कोटा लगभग पूरा कर लिया था और विकेट भी आसान हो गया था। हुड्डा ने कहा, (टीम) बैठक नहीं हुई है लेकिन हमने निश्चित रूप से 10 से 12 रन कम बनाए थे। हालांकि अंत में हमें अच्छा स्कोर मिला।

# टीम की अनुभवहीनता सबसे बड़ी चुनौती : नीदरलैंड कोच




**भाषा।** भुवनेश्वर

**नीदरलैंड** के मुख्य कोच जेरोइन डेलमी का मानना है कि यहां 13 जनवरी से शुरू हो रहे पुरुष हॉकी विश्व कप में चौथी ट्रॉफी जीतने पर नजर टिकाए बैठी उनकी टीम को अनुभवहीनता से उबरना होगा।

तीन बार की विश्व चैंपियन नीदरलैंड की टीम बुधवार को भुवनेश्वर पहुंची। पिछले टूर्नामेंट के रजत पदक विजेता नीदरलैंड की कप्तानी थिएरी ब्रिंकमैन कर रहे हैं। टीम यहां अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने के बाद राउरकेला जाएगी जहां 14 जनवरी को उसका सामना अपने पहले मैच में मलेशिया से होगा। नीदरलैंड की टीम पिछले दो टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने के अलावा 1973, 1990 और 1998 में खिताब जीत चुकी है और दुनिया की सबसे सफल हॉकी टीम में से एक है। कोच डेलमी ने यहां पहुंचने पर हालांकि कहा कि वह देखेंगे कि उनके खिलाड़ी अनुभवहीनता की चुनौती से कैसे पार पाते हैं।

डेलमी ने कहा, सबसे बड़ी चुनौती टीम की अनुभवहीनता होगी और हो सकता है कि हमें विश्व कप में हैरान करने वाली चीजों का सामना करना पड़े। यह देखना दिलचस्प होगा कि हम टूर्नामेंट में चुनौतियों से कैसे पार पाते हैं। मुझे अपनी टीम पर पूरा भरोसा है। नीदरलैंड को पूल सी में चिली, मलेशिया और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है। मलेशिया के खिलाफ मुकाबले के बाद टीम 16 जनवरी को राउरकेला में न्यूजीलैंड का सामना करेंगी और 19 जनवरी को भुवनेश्वर में चिली के खिलाफ अपने ग्रुप चरण का अभियान समाप्त करेगी। डेलमी ने कहा, मुझे लगता है कि हमें मैच दर मैच चुनौती पेश करनी होगी और फिर हम देखेंगे कि हम टूर्नामेंट में कहां समाप्त करते हैं। हमारा पहला लक्ष्य क्वार्टर फाइनल में पहुंचना है और फिर सेमीफाइनल में जगह बनाना है।

उन्होंने कहा, फिर हम देखेंगे कि फाइनल में चीजें कैसे रहती हैं। बेशक अगर हम फाइनल में पहुंचते हैं तो टूर्नामेंट जीतने की उम्मीद करेंगे। हालांकि, इस बार हमारे पास पूरी तरह से अलग टीम है और आप वर्तमान टीम की तुलना पिछले टूर्नामेंट की टीम से नहीं कर सकते।

टूर्नामेंट में भाग लेने वाली 16 टीम ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, नीदरलैंड, भारत, अर्जेंटीना, जर्मनी, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड, फ्रांस, कोरिया, मलेशिया, स्पेन, दक्षिण अफ्रीका, जापान, चिली और वेल्स हैं।

कप्तान ब्रिंकमैन ने कहा कि कड़ी ट्रेनिंग से पहले टीम बहुत छोटा ब्रेक लेगी। उन्होंने कहा, विश्व कप की तैयारी के लिहाज से पिछले कुछ महीने हमारे लिए काफी अच्छे रहे हैं। टीम पूरी तरह से तैयार है। हम अभी भारत पहुंचे हैं और पहले मैच की तैयारी शुरू करने से पहले थोड़ा आराम करेंगे।

# मेदवेदेव क्वार्टर फाइनल में

**भाषा।** एडीलेड

**दानिल** मेदवेदेव ने बुधवार को यहां मियोमिर केसमानोविच के खिलाफ सीधे सेट में जीत के साथ एडीलेड इंटरनेशल टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी मेदवेदेव ने सर्बिया के खिलाड़ी को 6-0, 6-3 से हराया। मेदवेदेव की मियोमिर के खिलाफ तीन मैच में यह तीसरी जीत है।

तीसरे वरीय और दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी मेदवेदेव क्वार्टर फाइनल में रूस के हमवतन कारेन खचानोव से भिड़ेंगे।

पिछले साल अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले खचानोव ने ब्रिटेन के जैक ड्रैपर को 6-4, 6-2 से हराया। इस एटीपी-डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट के महिला वर्ग में दूसरी वरीय एरिना सबालेंका ने दो घंटे और 15 मिनट चले कड़े मुकाबले में लुइडमिला सैमसोनोवा को 7-6 (8) 7-6 (3) से हराया। फ्रेंच ओपन 2019 के फाइनल में जगह बनाने वाली मार्केटा वोंद्रोसोवा ने काइया कानेपी को 6-0, 6-4 से बाहर का रास्ता दिखाया।



# सऊद शकील का पहला टेस्ट शतक पाकिस्तान अभी भी 42 रन पीछे

**एपी ।** कराची

**सऊद** शकील के पहले टेस्ट शतक और सरफराज अहमद के 78 रन की मदद से पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन बुधवार को नौ विकेट पर 407 रन बना लिए।

आठ घंटे से क्रीज पर डटे शकील 336 गेंद में 124 रन बनाकर खेल रहे थे। न्यूजीलैंड के स्पिनरों ने हालांकि आखिरी सत्र में वापसी करते हुए चार विकेट चटकाए। न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 449 रन बनाए थे।

न्यूजीलैंड के लिए बाएं हाथ के स्पिनर ऐजाज पटेल ने तीन विकेट लिए। उन्होंने आगा सलमान (41) और हसन अली (4) को रवाना किया जिनके कैच माइकल ब्रासवेल और डेवोन कोंवे ने लपके। लेग स्पिनर ईश सोढी ने दो विकेट लिए।

न्यूजीलैंड के अनियमित तेज गेंदबाज डेरिल मिशेल ने सरफराज को आउट किया। पिछले हफ्ते लगभग चार साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करते हुए दोनों पारियों में अर्धशतक जड़ने वाले सरफराज चाय से पहले 78 रन बनाने के बाद विवादास्पद हालात में स्टंप हुए।

कामचलाऊ तेज गेंदबाज डेरिल मिशेल की पहली ही गेंद पर अंपायर ने सरफराज को पगबाधा आउट दिया लेकिन डीआरएस लेने पर उन्हें अपना फैसला बदलना पड़ा क्योंकि गेंद बल्ले से छूने के बाद पैड से टकराई थी।

इसी ओवर की लेग साइड से बाहर जाती तीसरी गेंद पर विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल ने उन्हें स्टंप कर दिया। टीवी अंपायर अहसान रजा ने कई रीप्ले देखने के बाद माना कि जब ब्लंडेल ने स्टंप उखाड़े उस समय सरफराज का पैर पर जमीन पर नहीं लगा था। सरफराज ने 109 गेंद की अपनी पारी में 10 चौके मारे।

शकील और सरफराज ने लगभग तीन घंटे की साझेदारी के दौरान न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजी और स्पिन मिश्रित आक्रमण के खिलाफ आसानी से रन जोड़ते हुए 150 रन की साझेदारी की।

पाकिस्तान ने सुबह के सत्र में एकमात्र विकेट सलामी बल्लेबाज इमाम उल हक (83) का गंवाया जो लगातार दूसरी बार शतक से चूक गए। पिछले हफ्ते ड्रॉ हुए पहले टेस्ट में 96 रन बनाने वाले इमाम ने न्यूजीलैंड के कप्तान टिम साउथी की गेंद पर ब्लंडेल को कैच थमाया। मैदानी अंपायर ने इमाम को नॉट आउट करार दिया था लेकिन डीआरएस लेने पर पता लगा कि गेंद बल्ले से छूकर विकेटकीपर के हाथों में पहुंची थी।

कल खाता खोलने के लिए 42 गेंद लेने वाले शकील ने 173 गेंद में अर्धशतक पूरा किया।

शकील ने ऑफ स्पिनर ब्रेसवेल पर चौके और एक रन के साथ 240 गेंद में अपना पहला शतक पूरा किया। इससे पहले तेज गेंदबाजों साउथी और हेनरी ने सुबह के सत्र में किफायती गेंदबाजी की। दोनों ने 11 ओवर में सिर्फ 15 रन खर्च किए।

पाकिस्तान ने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 154 रन से की।

# रणजी ट्रॉफी : बंगाल ने उत्तराखंड के खिलाफ शिकंजा कसा

**भाषा।** देहरादून

**बाएं** हाथ के स्पिनर शाहबाज अहमद को गेंद सौंपने का बंगाल के कप्तान मनोज तिवारी का फैसला मास्टरस्ट्रोक साबित हुआ और उत्तराखंड ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच के दूसरे दिन छह विकेट 104 रन पर गंवा दिए।

शाहबाज ने उत्तराखंड के दोनों सलामी बल्लेबाजों अवनीश सुधा (चार)और कप्तान जीवनजोत सिंह (चार) को पहले छह ओवर के भीतर पवेलियन भेजा।

बाएं हाथ के स्पिनर प्रदीप्ता प्रमाणिक ने भी दो विकेट लिए जबकि तेज गेंदबाज आकाश दीप को भी दो विकेट मिले।

शाहबाज ने बल्लेबाजी के दौरान भी 40 रन का योगदान दिया। बंगाल ने पहली पारी में 387 रन बनाए जिसमें अभिमन्यु ईश्वरन के 165 रन शामिल हैं। उत्तराखंड के लिए बाएं हाथ के स्पिनर मयंक मिश्रा ने 34 ओवर में 95 रन देकर छह विकेट चटकाए। उत्तराखंड को फॉलोआन टालने के लिए 238 रन और बनाने हैं।

वडोदरा में एक अन्य मैच में बड़ौदा के 378 रन के जवाब में हिमाचल प्रदेश ने एक विकेट पर 223 रन बना लिए हैं। वहीं कटक में नगालैंड के पहली पारी के 433 रन के जवाब में ओडिशा ने बिना किसी नुकसान के 111 रन बना लिए हैं।

**अर्पित, हार्विक के शतकों से सौराष्ट्र मजबूत स्थिति में**

**राजकोट:** अर्पित वासवडा (नाबाद 127) और हार्विक देसाई (107) के शतकों की मदद से सौराष्ट्र ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी के मैच के दूसरे दिन बुधवार को दिल्ली के खिलाफ छह विकेट पर 503 रन बना लिए। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर सौराष्ट्र की टीम दिल्ली के पहली पारी के 133 रन से 370 रन आगे थी। उसकी नजरें पारी के अंतर से जीत दर्ज करके बोनस अंक हासिल करने पर लगी होंगी।

दिल्ली के अनुभवहीन गेंदबाजों को सौराष्ट्र के बल्लेबाजों ने मनचाहे अंदाज में धुना। देसाई अपने कल के स्कोर में तीन रन ही जोड़ सके। चिराग जानी भी 75 के स्कोर पर अपना विकेट गंवा बैठे जिन्होंने इस पारी के लिए 177 गेंद खेली।

अर्पित और समर्थ व्यास ने 99 रन की साझेदारी की। व्यास 54 रन बनाकर आउट हुए। दिल्ली के गेंदबाजों ने दूसरे दिन 319 रन दिए और पांच ही विकेट लिए।

विजियानगरम में एक अन्य मैच में आंध्र के 135 रन के जवाब में हैदराबाद ने 197 रन बनाए। दूसरे दिन के आखिर में आंध्र ने दूसरी पारी में तीन विकेट पर 230 रन बना लिए थे।

अंबी में असम के 274 रन के जवाब में महाराष्ट्र ने दो विकेट पर 307 रन बना लिए। सिद्धेश वीर 94 और केदार जाधव 142 रन बनाकर खेल रहे हैं।

मुंबई में तमिलनाडु के 144 रन के जवाब में मुंबई ने सरफराज खान के 162 रन की मदद से 481 रन बनाए। तमिलनाडु ने दूसरी पारी में एक विकेट पर 62 रन बना लिए।

**कर्नाटक के लिए अग्रवाल का नाबाद शतक**

**बेंगलुरू :** कप्तान मयंक अग्रवाल ने मोर्चे से अगुवाई करते हुए नाबाद शतक जड़कर छत्तीसगढ के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के दूसरे दिन बुधवार को कर्नाटक को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

अग्रवाल ने 191 गेंद में नौ चौकों और पांच छक्कों की मदद से नाबाद 102 रन बनाए जिसकी मदद से कर्नाटक ने पहली पारी में एक विकेट पर 202 रन बना लिए हैं। इससे पहले छत्तीसगढ ने पहली पारी में 311 रन बनाए थे।

अग्रवाल ने रविकुमार समर्थ (127 गेंद में 81 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 163 रन की साझेदारी की। समर्थ के आउट होने के बाद विशाल ओनाट (नाबाद 15) क्रीज पर थे। अभी भी कर्नाटक छत्तीसगढ के पहली पारी के स्कोर से 109 रन पीछे है।

इससे पहले कल के स्कोर पांच विकेट पर 267 रन से आगे खेलते हुए छत्तीसगढ ने पांच विकेट 44 रन के भीतर गंवा दिए। आशुतोष सिंह (135) कल के स्कोर में 17 रन ही जोड़ सके।

दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज वी कावेरप्पा ने 67 रन देकर पांच विकेट लिए जबकि वासुकी कौशिक को चार विकेट मिले।

दिल्ली में ग्रुप सी के एक अन्य मैच में सेना ने पुडुच्चेरी के पहली पारी के 216 रन के जवाब में पांच विकेट पर 378 रन बना लिए।

**लखनऊ में पहले दिन कोई खेल नहीं हो सका था। दूसरे दिन हरियाणा ने उत्तर प्रदेश के खिलाफ पहली पारी में पांच विकेट 140 रन पर गंवा दिए।**

वहीं थुम्बा में गोवा ने केरल के 265 रन के जवाब में पांच विकेट 200 रन पर गंवा दिए।

**आवेश के पांच विकेट से मप्र का पलड़ा विदर्भ पर भारी**

**इंदौर :** भारतीय तेज गेंदबाज आवेश खान ने पांच विकेट लेकर रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मैच में विदर्भ के खिलाफ मध्यप्रदेश को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। आवेश ने 19 ओवर में 32 रन देकर पांच विकेट लिए जिससे विदर्भ के सात विकेट 145 रन पर गिर गए। वह अभी भी मध्यप्रदेश के पहली पारी के 309 रन से 164 रन पीछे है।

मध्यप्रदेश ने कल के स्कोर छह विकेट पर 234 रन से आगे खेलते हुए कल के स्कोर में 75 रन और जोड़े।

आवेश ने मध्यप्रदेश को शानदार शुरूआत दिलाकर विदर्भ के कप्तान फैज फजल (8) को पवेलियन भेजा जब स्कोरबोर्ड पर 13 रन ही टंगे थे। इसके बाद उन्होंने अथर्व तायडे (दो) और गणेश सतीश (0) को दो ओवर के भीतर आउट किया। विदर्भ का स्कोर 12 ओवर के बाद तीन विकेट पर 19 रन था।

आवेश ने अक्षय वाडकर को खाता खोलने का मौका भी नहीं दिया और मोहित काले (18) को भी सस्ते में आउट किया। विदर्भ की आधी टीम 53 रन के स्कोर पर पवेलियन में थी।

दूसरे छोर से संजय रघुनाथ (53) ने छठे विकेट के लिए आदित्य सरवटे (40) के साथ 60 रन जोड़े। आवेश ने 31 गेंद में 28 रन की पारी खेली।

वलसाड में एक अन्य मैच में पंजाब ने गुजरात के 97 रन के जवाब में 286 रन बनाए। निहाल वढेरा ने 123 रन की पारी खेली। वहीं सूरत में जम्मू कश्मीर के पहली पारी के 161 रन के जवाब में रेलवे की टीम 427 रन पर आउट हो गई।